CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT1 User: cci Time: 02-27-2026 00:15 Color:

लखनऊ (लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) • शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 • फाल्गुन 8, शक संवत 1947, फाल्गुन शुक्ल एकादशी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

पेज 16 • मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow/twitter.com/nbtlucknow

जापान में दो दिन में हुए 90 हजार करोड़ के **MoU**

▶ देखें अंदर

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी से विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का ऑफ प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

FTA, तकनीक ट्रांसफर और **AI**, इस्राइल में चलेगा **UPI**

▶ देखें अंदर

SAMSUNG

Galaxy S26 Ultra

Galaxy AI

samsung.com

Pre-order now

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 180057267864 for information on e-waste/plastic waste.
Image simulated. Samsung account login may be required for certain AI features. Actual UX/UI may differ. Samsung promotes responsible use of Artificial Intelligence (AI) features.

Chell-30375/26

आराध्या, नव्या, शशि, अविषा, गौरांगी, दीपिका अव्वल

सिटी स्पोर्ट्स

सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता

■ NBT न्यूज, लखनऊ: केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देशीय हाल में खेली जा रही प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका व बालक जूडो प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुरादाबाद मंडल की आराध्या सिंह, अविषा रावत, मेरठ मंडल की नव्या, गोरखपुर मंडल की शशि वर्मा, मेरठ की आराध्या भारद्वाज, सहारनपुर मंडल की गौरांगी एवं वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज की दीपिका वर्धन ने अपने-अपने वर्ग में जीत हासिल की। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कड़े व संघर्षपूर्ण मुकाबले खेले गए। कार्यक्रम में मौजूद अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में आरएसओ डॉ. अतुल सिन्हा, उत्तर प्रदेश जूडो संघ के महासचिव मुनव्वर अंजार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

भारवर्ग	पहला	दूसरा	तीसरा स्थान-1	तीसरा स्थान-2
28 किग्रा	आराध्या सिंह	आकांक्षी	अंशिका यादव	सोनाली
32 किग्रा	गौरांगी यशी	आरोही	केश्वा	ममता
40 किग्रा	आराध्या भारद्वाज	इदवांशी	माही गौर	सुहाना
48 किग्रा	अविषा रावत	आराध्या	पायल विश्वकर्मा	अंशिका नगवार
52 किग्रा	शशि वर्मा	अदी ज्वाला	इरम सिद्दीकी	दामिनी गौतम
57 किग्रा	नव्या	अंशिका यादव	काव्यी परिहार	आराध्या
57 से अधिक	दीपिका वर्धन	आराध्या गिरी	अक्षा	साक्षी

बीबीडी बी डिवीजन लीग

कृतिज्ञ के प्रदर्शन से NER बना चैंपियन

■ NBT न्यूज, लखनऊ: जीसीआरजी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए बीबीडी बी डिवीजन लीग में गुरुवार को नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे लखनऊ (एनईआर) ने इंडियन इलेवन क्रिकेट क्लब को छह विकेट से शिकस्त दी और चैंपियन बना।

बुधवार को एनईआर ने इंडियन इलेवन को 174 रन पर समेट कर 35.3 ओवर में 177 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। दिनेश कुमार ने 54, कप्तान निशांत राय ने 55 रन जोड़े। एनईआर से चार विकेट चटकाने वाले कृतिश कुमार सिंह प्लेयर ऑफ द मैच बने।

स्पीड चार्जर्स और वेलनेस वॉरियर्स सेमीफाइनल में

■ NBT न्यूज, लखनऊ: शहर के गोल्फ क्लब में गुरुवार को धमाकेदार क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। लखनऊ गोल्फ लीग के 5वें संस्करण के 10वें दिन स्पीड चार्जर्स और वेलनेस वॉरियर्स ने मुकाबले जीते और सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब शनिवार को अवध ईगल्स वेलनेस वॉरियर्स के खिलाफ और स्पीड चार्जर्स के सामने बीबीडी रिबेल्स की चुनौती होगी। फाइनल मुकाबला एक मार्च को खेला जाएगा।

लखनऊ गोल्फ लीग

दिन के पहले मुकाबले में स्पीड चार्जर्स ने वेलनेस वॉरियर्स को 3-2 से शिकस्त देकर ग्रुप ए में पहला स्थान हासिल कर सेमीफाइनल का स्थान सुरक्षित कर लिया। वहीं, वेलनेस वॉरियर्स अंक तालिका पर पहले से शीर्ष दो सूची में शामिल थी, जिसके चलते वेलनेस वॉरियर्स ने हार के बावजूद सेमीफाइनल में जगह बनाई। स्पीड चार्जर्स को एएस कपूर व राकेश सेठ और आदित्य प्रताप सिंह व सुशांत मिश्रा ने जीत में अहम भूमिका निभाई।

नैशनल रैंकिंग महिला तीरंदाजी से दीपिका ने वापस लिया नाम

■ NBT न्यूज, लखनऊ: शहर को पहली बार मिली राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी प्रतियोगिता में गुरुवार को एक अहम खबर सामने आई। चौथे व अंतिम एलपीजी खेलो इंडिया नैशनल रैंकिंग महिला तीरंदाजी टूर्नामेंट से चार बार की ओलिंपियन और दो बार की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता दीपिका कुमारी ने पारिवारिक कारणों के चलते अपना नाम वापस ले लिया है। दीपिका के पति व ओलिंपियन तीरंदाज अतनु दास ने गुरुवार को उनके लखनऊ पहुंचने की खबर नहीं होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पारिवारिक आपात स्थिति के कारण दीपिका इस बार राष्ट्रीय रैंकिंग प्रतियोगिता का हिस्सा नहीं होंगी।

दीपिका कुमारी की अनुपस्थिति भले ही चर्चा का विषय बनी हुई हो, लेकिन लखनऊ में होने जा रहा यह टूर्नामेंट देश की उभरती महिला तीरंदाजों के लिए बड़ा अवसर साबित होने वाला है, जहां राष्ट्रीय रैंकिंग, प्रतिष्ठा और भविष्य की संभावनाएं दांव पर होंगी।

फटाफट खबरें

'क्वांटम प्रौद्योगिकी भविष्य का आधार'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजिनियर्स की ओर से गुरुवार को इंजिनियर्स भवन, रोवर बैंक कॉलोनी में "क्वांटम प्रौद्योगिकी" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, अभियंताओं और विद्यार्थियों की भागीदारी रही। वक्ताओं ने कहा कि क्वांटम प्रौद्योगिकी ने सेमीकंडक्टर, लेजर, एमआरआई और आदि के अनुसंधान जैसी क्रांतिकारी उपलब्धियों का मार्ग प्रशस्त किया है। क्वांटम सिद्धांत की नींव 1900 में जर्मन वैज्ञानिक Max Planck ने रखी थी। मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. ओंकार प्रसाद ने क्यूबिट, अध्यारोपण सिद्धांत और क्वांटम कलन-विधियों को सरल शब्दों में समझाया। इस दौरान प्रो. लीना सिन्हा, प्रो. ज्योत्सना सिंह, वीपी सिंह, एनके निषाद मौजूद थे।

दीनदयाल 'बाबूजी' की 112वीं जयंती मनाई

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: राजेंद्र नगर स्थित नवयुग कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को संस्थापक दिवस मनाया गया। यह दिन महाविद्यालय के मार्गदर्शक स्वर्गीय दीनदयाल 'बाबूजी' की 112वीं जन्म जयंती को समर्पित रहा। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर बाबूजी की स्मृतियों और उनके प्रति सम्मान से सराबोर नजर आया। प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने बाबूजी के अनुशासन और दूरदर्शिता को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने उस दौर में बालिका शिक्षा की परिकल्पना की थी, जब यह एक बड़ी चुनौती थी।

गीत और नृत्य से किया मंत्र मुग्ध

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर: सरोजनीनगर स्थित सेंट मीरा पब्लिक इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव गुरुवार को विद्यालय परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक कुंदन लाल अदलखा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्र-छात्राओं ने समूह गीत, एकल व सामूहिक नृत्य, लघु नाटक तथा देशभक्ति प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति और सामाजिक सरोकारों की झलक दिखाई दी। प्रधानाचार्य गौरी अदलखा और ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

लाल बारादरी मामले में सड़क पर उतरे छात्र

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: एलयू स्थित लाल बारादरी सील करने के विरोध में गुरुवार को BSP और आइसा से जुड़े छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन पर रोक होने के कारण छात्र परिवर्तन चौक पर एकत्र हुए और स्वास्थ्य भवन चौराहे तक पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारी छात्र डीएम कार्यालय घेरने पर अड़े रहे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। डीएम ऑफिस जाने पर अड़े प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोका तो प्रदर्शनकारियों की पुलिसकर्मियों से तीखी नोकझोंक भी हुई।

परिवर्तन चौक से स्वास्थ्य भवन तक निकाला मार्च, पुलिसकर्मियों से हुई नोकझोंक

मामले की जानकारी पाकर सिटी मैजिस्ट्रेट ज्ञान गुप्त स्वास्थ्य भवन चौराहे पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों का ज्ञापन लिया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हुआ। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय को RSS का अड्डा बना दिया गया है। संघ प्रमुख मोहन भागवत के कार्यक्रम के बाद लाल बारादरी को सील कर दिया गया है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि लाल बारादरी पर ताला डालने के विरोध में छात्रों ने विश्वविद्यालय में लगातार दो दिन तक धरना दिया। प्रॉक्टर ने छात्रों से बातचीत कर दो दिन का समय मांगा था, लेकिन इसके बाद उन्होंने चुप्पी साध ली और दोबारा कोई बातचीत भी की। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने 25 फरवरी को नोटिस जारी कर परिसर में किसी भी तरह के धरना-प्रदर्शन और अन्य गतिविधियों पर रोक लगा दी।

अज्ञात छात्रों और बाहरी तत्वों पर FIR: लाल बारादरी में फेंसिंग के दौरान हुई तोड़फोड़ और हंगामे के मामले में हसनगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। विवि की कुल सचिव डॉ. भावना मिश्रा की तहरीर पर अज्ञात छात्रों और बाहरी अराजक तत्वों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने व मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

छात्राओं के प्रदर्शन के बाद गंगा हॉस्टल पहुंचे वीसी, दिन भर लगा रहा दरबार

छात्राओं ने रोककर बताई समस्याएं लिखते-लिखते भर गई डायरी

छात्राओं ने कहा, शिकायत पर प्रोवोस्ट चरित्र पर उठाती हैं सवाल

जिम्मेदारों से वीसी बोले, शर्म आनी चाहिए

■ NBT न्यूज, लखनऊ: एलयू न्यू कैंपस के गंगा हॉस्टल में घटिया खाना खिलाने पर छात्राओं के बीमार पड़ने और रातभर प्रदर्शन के बाद वीसी प्रो. जेपी सैनी गुरुवार को न्यू कैंपस पहुंचे। वीसी के पहुंचते ही छात्राओं ने समस्याओं की झड़ी लगा दी। उन्होंने कुलपति को आपबीती सुनाते हुए कहा कि मेस में मिलने वाली दाल में कीड़े निकल रहे हैं, शिकायत पर धमकाया जाता है और प्रोवोस्ट कैरेक्टर पर सवाल उठाती हैं। छात्राओं ने बताया कि घटिया खाना खाने से अब तक चार छात्राएं बीमार पड़ चुकी हैं। वीसी ने छात्राओं को समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

छात्राओं की समस्या सुनने के बाद वीसी जिम्मेदारों पर जमकर बरसे। उन्होंने प्रोवोस्ट व अन्य को चेतावनी देते हुए कहा कि स्थितियां नहीं सुधरीं तो कड़े निर्णय लिए जाएंगे। छात्राओं की शिकायत पर वीसी ने रजिस्ट्रार भावना मिश्रा को मेस संचालक को नोटिस थमाने के निर्देश दिए। इस दौरान वह होमी जहांगीर हॉस्टल पहुंचे, यहां भी उन्होंने छात्राओं की समस्याएं जानीं, जब उन्होंने लिखना शुरू किया तो डायरी भरने को हो गई। ऐसे में उन्होंने आश्वासन दिया वह सप्ताह में एक दिन न्यू कैंपस में बैठेंगे। उन्होंने डीन लॉ को निर्देश दिया कि वह बुधवार को धरना प्रदर्शन करने वाले छात्राओं की समस्याओं को सुनें और उन्हें हल करने का प्रयास करें। कुलपति के साथ कुलसचिव, चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, डीन प्रो. अरविंद मोहन व अन्य मौजूद रहे।

सोयाबीन में दिखे चूहे के बच्चे

एलयू छात्रावासों के हॉस्टल में चलने वाले मेस की स्थिति इतनी खराब है कि इसे लोग अगर आंखों से देख लें तो खाना नहीं खा पाएंगे। मेस में इस्तेमाल होने वाले सोयाबीन का गुरुवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें चूहे के बच्चे दिख रहे हैं। यह वीडियो न्यू कैंपस के कौटिल्य छात्रावास के किचन का बताया जा रहा है।

एफएसडीए की टीम ने देखा किचन: छात्राओं के भारी हंगामे के बाद एफएसडीए की टीम गुरुवार शाम को गंगा हॉस्टल पहुंची। जहां उन्होंने सहायक प्रोवोस्ट से मामले की जानकारी ली और इसके बाद में हॉस्टल मेस का किचन देखा। बवाल के बाद किचन में साफ सफाई पाई गई। मेस संचालक को गुणवत्तापूर्ण खाना परोसने के लिए कहा गया है।

छात्राओं के साथ रोज करें बैठक, जानें समस्या: निरीक्षण में कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने अधिशासी प्रोवोस्ट अनुपमा को निर्देशित किया कि वह छात्रावासों में प्रतिदिन एक घंटे की नियमित बैठक आयोजित की जाए। यह भी कहा कि इन बैठकों की समय-सारणी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए ताकि छात्राएं अपनी समस्याओं को समयबद्ध रूप से साझा कर सकें। फीस संबंधी मुद्दों पर उन्होंने छात्रों को आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय उनकी समस्याओं को समझता है, किन्तु वित्तीय चुनौतियों के कारण समय पर शुल्क जमा करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी छात्र का प्रवेश रद्द नहीं किया जाएगा।

मेस संचालकों का निरस्त हो टेंडर: कुलपति ने कुलसचिव को निर्देश दिया कि वह एक पांच सदस्यीय समिति गठित कर मेस संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी करें। समिति के समक्ष सभी मेस ठेकेदारों को अपना पक्ष रखने का एक अंतिम अवसर प्रदान किया जाए। यदि संतोषजनक समाधान न मिले तो उनके अनुबंध समाप्त किए जाएं।

शासनादेश से इतर हो रहे भुगतान, मानदेय पर लगाई रोक

लूटा उपाध्यक्षों की राज्यपाल से शिकायत के बाद कुलपति ने लिया निर्णय

■ NBT न्यूज, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने भ्रष्टाचार के आरोप के बाद अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को दिए जाने वाले सभी मानदेय पर रोक लगा दी है। कार्यपरिषद और वित्त समिति से अनुमोदन व कुलपति के निर्देश के बाद कुलसचिव ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

यह निर्णय लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) के तीनों उपाध्यक्षों द्वारा विवि में वित्तीय अनियमितता के आरोप लगाने के बाद लिया गया है। इसके लिए उपाध्यक्षों ने कुलाधिपति को पत्र भी लिखा है। शिक्षक संघ के उपाध्यक्षों ने आरोप लगाया था कि पूर्व कुलपति ने स्वयं और चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए टीचिंग होनोरेरियम एक्सरसाइज में 4 करोड़ 57 लाख रुपये भुगतान कर दिए थे, जबकि नॉन टीचिंग में लगे कर्मचारियों को होनोरेरियम के नाम पर 46 लाख रुपये बांट दिए गए थे। शासनादेश में ऐसे किसी भी कार्य के लिए मानदेय देने का प्रावधान नहीं है। नए कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने वित्तीय स्थितियों की समीक्षा की और भुगतान को गलत पाया, जिसके बाद इसे समाप्त किए जाने का निर्णय लिया गया।

रोजगार मेले में 70 छात्राएं शॉर्टलिस्ट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: चारबाग स्थित एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। सेवायोजन विभाग, आईटीसी 'मिशन सुनहरा कल', लाइटहाउस कम्युनिटीज और अवध डिग्री कॉलेज के सहयोग से हुए इस मेले में लगभग 300 छात्राओं ने 10 नामी कंपनियों में अलग-अलग पदों के लिए इंटरव्यू दिया। इनमें से 70 छात्राओं को अगले राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। इस दौरान प्रो. रचना श्रीवास्तव, प्रो. बीना राय, प्रज्ञा त्रिपाठी, हिमांशु सिंह, आयुषी सिंह मौजूद थीं।

महिलाओं की सुरक्षा पर किया जागरूक

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज: मोहनलालगंज के अवंतिका इंस्टिट्यूट में गुरुवार को पॉश जेंडर सेंसिटिविटी एवं साइबर सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता सीमा लाबा ने छात्र-छात्राओं को कार्य स्थल पर लैंगिक संवेदनशीलता, महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कानून और साइबर अपराधों से बचाव के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी। संगोष्ठी का आयोजन नेशनल कमिशन फॉर वूमेन के सहयोग से युवा मंथन द्वारा किया गया था।

लेटेंट टैलेंट हंट में दिखाई प्रतिभा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: नेशनल पी.जी. कॉलेज, लखनऊ में गुरुवार को लेटेंट टैलेंट हंट-04 (Exhibition) का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने 34 नवाचारी मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य अतिथि सीएसआईआर-सीडीआरआई के चीफ साइंटिस्ट प्रो. अतुल गोयल ने युवाओं से वैज्ञानिक सोच और नवाचार अपनाने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को AI व नई तकनीकों से जुड़कर कौशल विकास पर बल दिया। प्रतियोगिता में 'सुरवी' प्रॉजेक्ट को प्रथम, 'बोतल लेबलिंग' और 'प्रामाणिका' को द्वितीय और 'ग्रीन कैमिस्ट्री' को तृतीय पुरस्कार मिला। अन्य चयनित प्रॉजेक्ट को सांत्वना एवं प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
GS-01 वर्ष 2026
निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द 'खुली निविदा' वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। नि० सूचना संख्या:- GS-01 वर्ष 2026, कार्य का विवरण:- 306A (BUW-BUR), 317 A (JBR-BBK), 303 Spl (BUW-CKG), 276 Spl (MIR-CLJ), 261 A (GD-GDK), LC51C (RS), 251 Spl (MOTG) and 315 A (JBR) पर प्रस्तावित ROB के संबंध में सिग्नल केबल शिफ्टिंग कार्य और सर्किट परिवर्तन। अनुमानित लागत:- ₹1,91,89,402.07, बयाना राशि:- ₹ 2,46,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य - ₹ 00.00, कार्य समापन अवधि:- 09 माह, (i) निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय:- 19.03.2026 को 15.00 बजे। नोट:- इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।
वमसिदूई / लखनऊ
मुजासं/सिग्नल-110
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

सटीक कैलकुलेशन, कॉन्सेप्ट की समझ से आसान होगी राह

यूपी बोर्ड हाईस्कूल में गणित विषय की परीक्षा आज

■ NBT न्यूज, लखनऊ: यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में शुक्रवार को गणित विषय का पेपर है। सुबह की पाली में आयोजित इस परीक्षा में सूत्रों के रटन की नहीं, बल्कि कॉन्सेप्ट की स्पष्ट समझ, तार्किक क्षमता, शुद्ध गणना और स्टेप-बाय-स्टेप समाधान छात्रों की राह आसान बनाएगी।

यूपी बोर्ड में गणित विषय के विशेषज्ञ और कुमरावां इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक पवन कुमार तिवारी ने बताया कि प्रश्न पत्र कुल 70 अंकों का होगा, जिसमें बहुविकल्पीय, लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्न शामिल होंगे। अधिकांश प्रश्न NCERT पुस्तक, उसके उदाहरणों और अभ्यास प्रश्नों पर आधारित होते हैं, इसलिए NCERT का गहन अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। परीक्षा में कुछ प्रश्न सीधे होंगे, जबकि कुछ प्रश्न विद्यार्थियों की एनालिसिस क्षमता और मल्टी-स्टेप समाधान स्किल को परखने वाले होंगे।

चैप्टर वाइज कुछ विशेष टिप्स

- त्रिकोणमिति और क्षेत्रमिति में चिह्न पर विशेष ध्यान दें।
- वृत्त, क्षेत्रफल और सांख्यिकी (स्टेटिस्टिक्स) में गणना सावधानी से करें।
- द्विघात समीकरण और बहुपद में क्रमशः मूल और शून्यक निकालो समय सूत्र सही लिखें।
- समांतर श्रेणी के प्रश्नों में सूत्र का सही प्रयोग करें और सूत्रों के अनुप्रयोग पर आधारित प्रश्न अवश्य तैयार कर लें।
- सांख्यिकी के प्रश्नों में माध्य, माध्यिका और बहुलक के सूत्रों का लिखकर अभ्यास करें और उन पर आधारित प्रश्नों को अवश्य हल करके देख लें।

एक को चार्जशीट, अन्य अभियंताओं को अल्टीमेटम

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: राजधानी के गोयला औद्योगिक क्षेत्र में एलटी लाइन का काम पूरा न होने से नाराज डीएम ने संबंधित अभियंता के विरुद्ध चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही अन्य औद्योगिक क्षेत्रों के अधूरे निर्माण कार्य 31 मार्च तक पूरे न होने पर संबंधित अभियंता के विरुद्ध चार्जशीट जारी करने के निर्देश डीएम ने दिए।

गोयला औद्योगिक क्षेत्र में एलटी लाइन का काम सुस्त होने पर डीएम ने की कार्रवाई

जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में डीएम ने चेतावनी देते हुए अभियंताओं को अल्टीमेटम दिया। इसके साथ ही जितने भी प्रकरण लंबित हैं, उन्हें भी जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को डीएम विशाख जी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग विभाग के अधिकारी शामिल रहे। बैठक में उद्योग विकास से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की गई।

बैठक की शुरुआत निवेश मित्र पोर्टल पर विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा हुई। डीएम ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित अवधि में करें। उसके बाद अमौसी/नादरगंज औद्योगिक क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा डीएम ने की। यूपीसीडा के अधिशासी अभियंता ने बताया कि नाला, कलवर्ट और मीडियन निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। डीएम ने 31 मार्च तक सभी निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि समय-सीमा में कार्य पूरा न होने पर संबंधित अभियंता के विरुद्ध चार्जशीट जारी की जाएगी। गोयला औद्योगिक क्षेत्र में एलटी लाइन उपलब्ध कराने की प्रगति ठीक न होने पर डीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुए अधिशासी अभियंता के विरुद्ध चार्जशीट जारी कर प्रबंध निदेशक को भेजने के निर्देश दिए।

10 मार्च से 13 अगस्त तक प्रभावित रहेगा जनता एक्सप्रेस का संचालन

■ NBT न्यूज, लखनऊ: रायवाला-देहरादून के बीच सिंगल लाइन पर मरम्मत कार्य के चलते वाराणसी से देहरादून के बीच चलने वाली जनता एक्सप्रेस का संचालन मार्च से अगस्त के बीच प्रभावित रहेगा। जनता एक्सप्रेस 10 मार्च से 13 अगस्त के बीच रास्ते में आधे घंटे रोककर संचालित होगी। उत्तर रेलवे के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि ट्रेन 15119 वाराणसी-देहरादून जनता एक्सप्रेस 10, 12, 15, 17, 19, 22, 24, 26, 29, 31 मार्च, दो, पांच, सात, नौ, 12, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28, 30 जून, दो, पांच, सात, नौ, 12, 14, 16, 19, 21, 23, 28, 30 जुलाई, दो, चार, छह, नौ, 11, 13 अगस्त को प्रभावित रहेगी।

आनंद विहार-बलिया होली स्पेशल 26 मार्च तक चलेगी

■ NBT न्यूज, लखनऊ: उत्तर रेल प्रशासन की ओर से आनंद विहार से बलिया के बीच होली स्पेशल ट्रेन को 26 मार्च तक चलाने का निर्णय लिया गया है। होली पर यात्रियों को सुविधा देते हुए उत्तर रेलवे ने ट्रेन के चार-चार फेरे बढ़ा दिए हैं। उत्तर रेलवे मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के मुताबिक, होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन 04056 आनंद विहार टर्मिनल-बलिया होली स्पेशल चार मार्च से शुरू होकर 25 मार्च तक चलेगी। वहीं, ट्रेन 04055 बलिया-आनंद विहार होली स्पेशल पांच से 26 मार्च के बीच चलाई जाएगी।

नाटक से सोशल मीडिया पर किया जागरूक

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज: मोहनलालगंज के एसडीडी एकेडमी में वार्षिकोत्सव के अवसर पर नशा मुक्ति स्वास्थ्य जांच शिविर और निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ITBP के कमांडेंट सचिन दीक्षित ने विद्यार्थियों को अपनी छिपी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करने के लिए वार्षिकोत्सव की सराहना की। नशा मुक्ति और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियों ने सभी को जागरूक भी किया। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया और उत्कृष्ट कार्य हेतु विद्यालय स्टाफ को सम्मानित किया गया।

मानव संपदा पोर्टल खुलने पर जताया आभार

■ NBT न्यूज, लखनऊ: प्रदेश के हजारों कर्मचारियों का जनवरी माह का वेतन रोक दिया गया था, क्योंकि वे चल-अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज नहीं कर पाए थे। इस समस्या को लेकर कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री से पोर्टल पुनः खोलने की मांग की थी। महासंघ के अनुरोध पर सरकार ने पोर्टल दोबारा खोलने के आदेश जारी कर दिए हैं, जिससे वेतन से वंचित कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। अब कर्मचारी आवश्यक विवरण भरकर अपना रुका हुआ वेतन प्राप्त कर सकेंगे। जवाहर भवन-इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय एवं कार्यवाहक महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने इस निर्णय के लिए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

कॉम्पिटिशन फेस्ट में महमूदाबाद हॉल विजेता

■ NBT न्यूज, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे इंटर-हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट 2026 के तहत शिवाजी ग्राउंड पर हुए वॉलीबॉल फाइनल में महमूदाबाद हॉल ने हबीबुल्लाह हॉल को हराकर खिताब जीत लिया। मुकाबला काफी रोमांचक रहा और अंतिम सेट में महमूदाबाद की टीम ने जीत दर्ज की। इसके अलावा गोल्डन जुबली हॉल में पोस्टर और वाद-विवाद प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें छात्रों ने सामाजिक विषयों पर अपने विचार और रचनात्मकता प्रस्तुत की। प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

एकेटीयू में शिक्षकों ने तैयार किए 'देसी' ड्रोन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: स्कूलों में बच्चे किताबों में अब केवल हवाई जहाज की थ्योरी ही नहीं पढ़ेंगे, बल्कि उनके शिक्षक उन्हें खुद ड्रोन बनाना सिखाएंगे। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के इनोवेशन हब में हुए दो दिवसीय विशेष वर्कशॉप फ्लाइट फ्रॉम स्क्रैच में स्कूल शिक्षकों ने ड्रोन डिजाइनिंग और मेकिंग की बारीकियां सीखीं। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यशाला के ट्रेनर और AirM, Spyral के सीईओ अतुल कलाम खान ने शिक्षकों को शून्य से एक वर्किंग ड्रोन तैयार करने के टिप्स दिए। कार्यक्रम में डीन प्रो. बीएन मिश्र, वित्त अधिकारी केशव सिंह और सीईओ महीप सिंह के निर्देशन में शिक्षकों को डीआईवाई (डू इट योरसेल्फ) किट के जरिए व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला की शुरुआत में सीआईओ वंदना शर्मा ने मुख्य वक्ता को पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
पत्रांक: 302/कार्य-9/(26)/133
दिनांक 24.02.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना
उ0प्र0 जल निगम की ओर से विभिन्न वि0/यां0 तत्सम्बंधी कार्यों हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 27.02.2026 से 07.03.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग) उत्तर प्रदेश जल निगम, फ्लैट नं0 आर0-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00 + 18% जी.एस.टी. (1000.00 + 180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
निविदा सूचना:-
निविदा विक्रय की तिथि - 27.02.2026 से 07.03.2026 अपराह्न 02:00 बजे।
निविदा डालने की तिथि - 09.03.2026 अपराह्न 12:00 बजे।
निविदा खोलने की तिथि - 09.03.2026 अपराह्न 03:00 बजे।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
पत्रांक: 301/कार्य-9/(26)/132
दिनांक 24.02.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना
उ0प्र0 जल निगम की ओर से विभिन्न वि0/यां0 तत्सम्बंधी कार्यों हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 27.02.2026 से 06.03.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, (वि0/यां0 विंग) उत्तर प्रदेश जल निगम, फ्लैट नं0 आर0-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00 + 18% जी.एस.टी. (1000.00 + 180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
निविदा सूचना:-
निविदा विक्रय की तिथि - 27.02.2026 से 06.03.2026 अपराह्न 04:00 बजे।
निविदा डालने की तिथि - 07.03.2026 अपराह्न 12:00 बजे।
निविदा खोलने की तिथि - 07.03.2026 अपराह्न 02:00 बजे।

विशेष रेलगाड़ियों के संचालन अवधि में विस्तार
भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के संचालन अवधि में विस्तार का निर्णय लिया गया है। निम्न विशेष रेलगाड़ियाँ अपने पूर्व निर्धारित समय, ठहराव एवं मार्ग के अनुसार चलेंगी, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

गाड़ी सं.	स्टेशन से	स्टेशन तक	आवृत्ति	विस्तारित तिथि से	विस्तारित तिथि तक
02563	बरौनी	नई दिल्ली	प्रतिदिन	01.03.2026	30.03.2026
02564	नई दिल्ली	बरौनी	प्रतिदिन	01.03.2026	31.03.2026
02569	दरभंगा	नई दिल्ली	प्रतिदिन	01.03.2026	30.03.2026
02570	नई दिल्ली	दरभंगा	प्रतिदिन	01.03.2026	31.03.2026

नोट:- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।
उत्तर मध्य रेलवे
@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 453/26 (A)

भगवान झूलेलाल जयंती की तैयारियों में जुटा सिंधी समाज

■ NBT न्यूज, लखनऊ: भगवान झूलेलाल जयंती (चेटी चंद) को लेकर राजधानी के सिंधी समाज ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 20 मार्च को होने वाली मुख्य जयंती से पूर्व ही शहर के सिंधी मंदिरों और आश्रमों में विशेष पूजा-अर्चना और भंडारों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। गुरुवार को हुई 'चेटी चंद मेला कमेटी' की बैठक में कार्यक्रमों को भव्य बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

महिलाओं की स्कूटर शोभायात्रा निकाली जाएगी

बैठक में जानकारी दी गई कि जयंती के अवसर पर सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों से महिलाओं की एक विशाल स्कूटर शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान भगवान झूलेलाल की भव्य प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहेगी। मेले में समाज की परंपरा और स्वाद को दर्शाने वाले विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। तैयारियों की समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से अशोक मोतियानी, मोहन दास लालानी, नानक चंद लखमानी, राजा राम भावनानी, मेला कमेटी अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेन्द्र भवनानी, सुरेश छबलानी, रानू जसवानी, सतीश लखमानी, हंसराज राजपाल, सुदाम चंद विक्की टवलानी मौजूद रहे।

फटाफट खबरें

निकायों की बिजली नहीं कटेगी, 163 करोड़ जारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बिजली बिल बकाया के चलते यूपी के नगर निकायों में बिजली नहीं कटेगी। इसके लिए नगरीय निकाय निदेशालय की तरफ से 163 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसमें नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों को अलग अलग बजट दिया गया है। नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक अनुज झा के मुताबिक यूपी के 17 नगर निगमों के लिए 70 करोड़ चौरासी लाख, नगर पालिका परिषदों के लिए 59 करोड़ 6 लाख और नगर पंचायतों के लि 33 करोड़ 75 लाख का बजट दिया गया है। ऐसे में वित्तीय वर्ष खत्म होने पर मार्च में बकाया भुगतान के लिए नगर निकायों के ऑफिस समेत दूसरी इमारतों का कनेक्शन कटने की नौबत नहीं आएगी।

मानचित्र स्वीकृति से बढ़ी जिला पंचायतों की आय

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी में जिला पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए योगी सरकार ग्रामीण और अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृति की पारदर्शित प्रक्रिया को लागू किया है। इससे जिला पंचायतों के राजस्व में वृद्धि हुई है। वर्ष 2025 से जनवरी 2026 तक जिला पंचायत द्वारा 2883 मानचित्र किए स्वीकृत किए गए, जिससे उन्हें 57.42 करोड़ रुपये मिले हैं। सरकार के निर्देश पर जिला पंचायतों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृति को अनिवार्य किया है। इस नई योजना से न केवल अवैध निर्माण पर रोक लगी है, बल्कि पंचायतों की आय में भी तेजी से बढ़ी है।

अब कल तक मिलेगा मुफ्त राशन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राशन कार्ड धारकों को इस महीने का मुफ्त राशन अब 28 फरवरी 2026 तक मिलेगा। खाद्य विभाग ने राशन वितरण की अवधि में दो दिन की वृद्धि की है। पहले राशन वितरण आठ फरवरी से 26 फरवरी 2026 तक किया जाना था।

'मीन महोत्सव' और 'एक्वा एक्सपो' आज से

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : दो दिवसीय 'मीन महोत्सव' और 'एक्वा एक्सपो' शुक्रवार से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुरू होगा। इसमें प्रदेशभर से वैज्ञानिक, उद्यमी और 100 से ज्यादा मत्स्य पालक जुटेंगे। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। इसमें प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री संजय निषाद, मत्स्य विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष रमाकांत निषाद, अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम, मत्स्य महानिदेशक के धनलक्ष्मी, भारत सरकार के संयुक्त सचिव सागर मेहरा सहित कई अधिकारी मौजूद रहेंगे।

भाजपा ने 11 जिलाध्यक्ष और घोषित किए, चार अब भी बाकी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : भाजपा ने गुरुवार को अपने बचे हुए 11 जिला और महानगर अध्यक्षों का ऐलान कर दिया। इनमें छह सवर्ण और पांच एससी/ओबीसी को जगह दी गई है। भाजपा संगठन की दृष्टि से 98 जिलों में से अब भी चार जिलाध्यक्षों का ऐलान होना बाकी है।

छह सवर्ण और पांच एससी/ओबीसी अध्यक्ष बनाए गए

भाजपा संगठन चुनाव प्रक्रिया करीब डेढ़ साल से चल रही है। पिछले साल मार्च में 70 जिलाध्यक्षों का ऐलान कर दिया गया था। अब तीसरे चरण में 11 और जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई है। इस तरह अब 98 में से 94 जिलाध्यक्षों का ऐलान हो गया है। चार जिले अब भी बाकी हैं। ये जिले हैं। अम्बेडकर नगर, वाराणसी जिला, चंदौली और देवरिया। पार्टी ने गुरुवार को जिन 11 जिलाध्यक्षों का ऐलान किया है, इनमें तीन ब्राह्मण, एक ठाकुर, एक कायस्थ और एक वैश्य सहित कुल छह सवर्ण हैं। वहीं, दो पासी, दो मौर्य सहित चार दलित और एक ओबीसी है।

पार्टी ने गुरुवार को जो 11 जिलाध्यक्ष घोषित किए हैं, उनमें पश्चिम क्षेत्र के शामली से रामजी लाल कश्यप, अमरोहा से उदय गिरि गोस्वामी, सहारनपुर जिला से अजीत सिंह राणा, बागपत से नीरज शर्मा शामिल हैं। वहीं, ब्रज क्षेत्र में गोकुल प्रसाद मौर्य पीलीभीत के जिलाध्यक्ष घोषित किए गए हैं। अवध क्षेत्र में अरविंद गुप्ता लखीमपुर, इकबाल बहादुर तिवारी गोंडा, राधेश्याम त्यागी अयोध्या जिला, कमलेश श्रीवास्तव अयोध्या महानगर के अध्यक्ष चुने गए हैं। काशी क्षेत्र में मीरजापुर से लाल बहादुर सरोज और गोरखपुर क्षेत्र में सिद्धार्थ नगर से दीपक मौर्य अध्यक्ष चुने गए हैं।

₹1.50 लाख करोड़ के MoU, 2.50 लाख करोड़ के प्रस्ताव

सीएम योगी का सिंगापुर-जापान दौरा, 5 लाख रोजगार आने की उम्मीद

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

यूपी के लिए निवेश जुटाने बतौर मुख्यमंत्री पहली बार विदेश गए योगी आदित्यनाथ का दौरा संभावनाओं एवं उपलब्धियों भरा रहा। चार दिन में सिंगापुर और जापान में यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने 1.50 लाख करोड़ के MoU निवेशकों के साथ किए। साथ ही, 2.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। सीएम ने कहा कि इन निवेश प्रस्तावों के धरातल पर उतरने से 5 लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यूपी को वर्ष 2029-30 तक वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में यह एक निर्णायक कदम होगा।

योगी ने सोमवार और मंगलवार सिंगापुर और बुधवार व गुरुवार जापान में सरकार, उद्योग, वित्तीय संस्थाओं के प्रमुखों के साथ मुलाकात की और यूपी की संभावनाओं को विस्तार से रखा। दौरे के समापन में जापान में मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि जापान में 90 हजार करोड़ रुपये के MoU और 1.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इसी तरह सिंगापुर में 60 हजार करोड़ के MoU के साथ 1 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए हैं। इन प्रस्तावों को आगे बढ़ाने का कार्य इन्वेस्ट यूपी और राज्य के अन्य संबंधित विभाग समयबद्ध ढंग से करेंगे। पूरी यात्रा के दौरान यह स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि कानून-व्यवस्था और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर प्रधानमंत्री मोदी का जो शुरुआत से फोकस रहा, वह अब परिणाम दे रहा है।

5 लाख रोजगार की संभावना : योगी ने कहा कि MoU और निवेश प्रस्ताव जमीनी धरातल पर उतरते हैं, तो 5 लाख से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। सिंगापुर और जापान की यह यात्रा केवल समझौतों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, स्किलिंग, औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विकास की नई दिशा तय करेगी। अगस्त में 200 जापानी सीईओ के प्रतिनिधिमंडल का यूपी दौरा संभावित निवेश को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। सिंगापुर से भी एक बड़ा बिजनेस डेलिगेशन यूपी में निवेश के लिए आने को उत्सुक है। सिंगापुर में यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन (आईटीई) जैसे उच्च स्तरीय स्किलिंग सेंटर का निरीक्षण किया। वहां संचालित प्रशिक्षण मॉड्यूल, उद्योग-आधारित पाठ्यक्रम और युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने की व्यवस्था का भी विस्तार से अध्ययन किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान के यामानाशी में हाइड्रोजन फैसिलिटी देखी। इस दौरान उन्होंने कई लोगों से मुलाकात की। उनसे मिलने पहुंचे एक बच्चे ने पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

60 से अधिक बैठकें, 500 से अधिक निवेशकों से संवाद

सीएम ने बताया कि दोनों देशों में इन सभी बैठकों और कार्यक्रमों को मिलाकर करीब 60 से अधिक औपचारिक संवाद और कार्यक्रम आयोजित हुए। तीन बड़े निवेश रोड शो आयोजित किए गए, एक सिंगापुर में, दूसरा टोक्यो में और तीसरा यामानाशी में हुआ। दोनों देशों में आयोजित इन कार्यक्रमों में कुल मिलाकर करीब 450- 500 निवेशक, उद्योगपति व वित्तीय संस्थानों के शीर्ष प्रतिनिधि शामिल हुए। सिंगापुर में आईटी, ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर, लॉजिस्टिक्स, सेमीकंडक्टर, टूरिज्म, फिनटेक, मेडटेक और डीप-टेक जैसे क्षेत्रों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। जापान में यूपी पर्यटन की संभावनाओं को आगे बढ़ाने, जापानी बिजनेस लीडर्स को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

ऑटो और 'जापान सिटी' पर ठोस पहल

योगी ने कहा कि जिन कंपनियों के साथ बैठकें हुईं, उनमें ऑटोमोबाइल, लॉजिस्टिक्स, ग्रीन हाइड्रोजन, सीएनजी और सोलर जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल रहे। विशेष रूप से सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन, होंडा मोटर्स और मित्सुई जैसी कंपनियों के साथ बात हुई। यामानाशी ने यूपी को उन्नत तकनीक से जोड़ने तथा प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षण अर्थात स्किलिंग में सहयोग देने की तत्परता व्यक्त की है। एमएसएमई क्षेत्र में तकनीक हस्तांतरण, ऑनलाइन सेलिंग और अन्य सहयोगात्मक विषयों पर भी सहमति बनी है। येदा क्षेत्र में जापानी निवेशकों के लिए एक समर्पित 'जापान सिटी' विकसित किए जाने पर सहमति बनी। इसके लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा, रोबोटिक्स फैक्ट्री और उसके रिसर्च सेंटर का भी विजिट हुआ, जहां उद्योगों में ऑटोमेशन और उन्नत तकनीक की बढ़ती भूमिका पर बात हुई।

जर्मनी में भी निवेशकों संग 10 हजार करोड़ के MoU

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 22 से 26 फरवरी तक जर्मनी के पांच दिवसीय दौरे पर है। टीम में साहिबाबाद विधायक व कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी शामिल हैं। सुनील शर्मा के अनुसार जर्मनी में निवेशकों के साथ बैठकों के बाद यूपी में करीब 10 हजार करोड़ रुपये के एमओयू हुए हैं। प्रस्तावित निवेश ड्रोन, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और ई-व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग जैसे उच्च तकनीकी क्षेत्रों में आ सकता है।

जर्मनी के पांच दिवसीय दौरे पर थे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, निवेशकों से की मीटिंग

केशव मौर्य

उन्होंने कहा कि इसका लाभ गाजियाबाद को भी मिल सकता है, क्योंकि जिला 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' के तहत इंजीनियरिंग गुड्स में पहचान बना चुका है। जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने सिल्के सिक्टर (ZVEI-ग्लोबल अफेयर्स और इकोनॉमिक्स, इंडो-पैसिफिक एवं चाइना अफेयर्स), मार्कस शाइबॉल सीईओ, ईए इलेक्ट्रो ऑटोमेटिक जीएमबीएच से निवेश पर चर्चा की, जहां उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था, 25 करोड़ उपभोक्ताओं के बाजार, बेहतर कानून-व्यवस्था, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर और पारदर्शी नीतियों को प्रमुख आकर्षण बताया गया।

फुजिकुरा के साथ स्मार्ट सिटी, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रिसर्च सहयोग पर सहमति बनी। टेलीफोनिका सहित अन्य कंपनियों से टेलिकॉम, रक्षा सहयोग और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर बातचीत हुई। ड्रोन व एयरोस्पेस कंपनियों को यूपी में निवेश का निमंत्रण दिया गया।

संपत्ति न बताने वाले राज्य कर्मचारियों का रुकेगा प्रमोशन

मुख्य सचिव ने जारी किया आदेश, अब 10 मार्च तक ब्योरा दे सकेंगे, लेकिन कार्रवाई से छूट नहीं

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : शासन के बार-बार निर्देशों के बाद भी मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा न देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर अब कार्रवाई की तलवार चलेगी। शासन ने साफ निर्देश दिया है कि इस साल इनके प्रमोशन पर कोई विचार न किया जाए। हालांकि, विवरण भरने के लिए 10 मार्च तक का समय दिया गया है, लेकिन कार्रवाई से कोई छूट नहीं दी जाएगी।

शासन ने 31 जनवरी तक संपत्ति का ब्योरा देने की समय सीमा तय की थी। इसके बाद भी 47,516 कर्मचारियों ने अपना विवरण नहीं दिया। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी विभागाध्यक्षों को जारी आदेश में कहा है कि विवरण भरने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था, उसके बाद भी प्रक्रिया पूरी नहीं की गई।

प्रतिनियुक्ति की क्लियरेंस नहीं : मुख्य सचिव ने कहा है कि जिन कर्मचारियों ने अब तक विवरण नहीं भरा है, उनके पास 10 मार्च तक का मौका होगा। लेकिन, इनके खिलाफ नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मौजूदा चयन वर्ष में इनके प्रमोशन पर विचार नहीं किया जाएगा और अगर उनका एश्योर्ड करियर प्रमोशन (ACP) देय है तो उसका भी लाभ नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा विदेश यात्रा या प्रतिनियुक्ति के लिए भी कोई क्लियरेंस नहीं दी जाएगी। विवरण भरने के बाद ही जनवरी और फरवरी का वेतन जारी किया जाएगा।

केसों का निस्तारण भी अफसरों के अप्रेजल में

आईएएस एव पीसीएस अफसरों को हर साल वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के लिए सेल्फ अप्रेजल भी ऑनलाइन भरना होता है। इस बार मुकदमों का निस्तारण भी इसका हिस्सा होगा। मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि अप्रेजल में पीठासीन अधिकारी के रूप में किए गए कार्यों में अप्रेजल अवधि के दौरान लंबित मुकदमे, नए दायर मुकदमे और निस्तारित मुकदमों का विवरण जरूर भरा जाए। इसकी समीक्षा करने वाले अधिकारियों को भी मूल्यांकन करते समय इनके डेटा का संज्ञान लेना होगा।

महोबा के पूर्व एएसपी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : विजिलेंस वाराणसी सेक्टर ने महोबा के पूर्व एएसपी वीरेंद्र कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

शासन ने 23 नवंबर 2020 में वीरेंद्र कुमार के खिलाफ जांच के आदेश दिए थे। शासन को भेजी गई रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारी की संदिग्ध अवधि में अर्जित कुल ज्ञात आय, व्यय तथा संपत्ति के बीच भारी अंतर है। दस्तावेज के अनुसार, उनकी वैध आय के मुकाबले करीब 24 लाख रुपये (24,03,696) की संपत्ति अधिक पाई गई। जांच अवधि में अधिकारियों को प्रस्तुत दस्तावेज, बैंक खातों, चल-अचल संपत्तियों और खर्चों का मिलान करने पर उनकी आय की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई, जिसका संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिला।

FIR के मुताबिक, जांच अवधि में अधिकारियों ने उनकी संपत्ति, निवेश, बैंक लेन-देन, वाहन, उपकरण, पारिवारिक परिसंपत्तियों और अन्य व्ययों का विश्लेषण किया। जांच में यह पाया गया कि उनकी कुल वैध आय करीब 1.31 करोड़, जबकि व्यय 1.55 करोड़ से अधिक दर्ज हुआ।

ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड
Oil and Natural Gas Corporation Ltd.
विज्ञापन सूचना
सुझाई गई विक्रेता सूची (एसवीएल) का डिजिटलीकरण
ओएनजीसी अपनी मौजूदा तटवर्ती और अपतटीय सुझाई गई विक्रेता सूची (एसवीएल) का डिजिटलीकरण कर रहा है।
सभी वर्तमान सूचीबद्ध एसवीएल विक्रेताओं को अपने-अपने सम्बंधित विभाग/मद/श्रेणी के अधीन ओएनजीसी वेंडर रजिस्ट्रेशन पोर्टल (https://vendor.ongc.co.in) पर पंजीकरण करवाना आवश्यक है।
- पहले से सूचीबद्ध मदों के लिए किसी भी अतिरिक्त पीक्यूसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है।
- विक्रेताओं को संपर्क विवरण अवश्य अपडेट करना होगा और निर्धारित वचन (हर मद के लिए अलग वचन), जिस पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर हों, जमा करना होगा।
- नए मद की सूचीबद्धता के लिए, नियमित पीक्यूसी प्रक्रिया लागू होगी।
इस अधिसूचना की तारीख से **तीन (03) महीनों के अंदर** पंजीकरण अवश्य पूरा हो जाना चाहिए।
निर्धारित अवधि के अंदर पंजीकरण ना होने पर सुझाई गई विक्रेता सूची (एसवीएल) से हटा दिया जाएगा।

Bennett & Coleman
THE TIMES OF INDIA
NBT नवभारत टाइम्स

TIMES WOMEN OF EMINENCE 2026

CHIEF GUEST
Smt. Anandiben Patel
Hon'ble Governor of Uttar Pradesh
Date: 8th March, 2026 | Time: 11:00 am onwards
Venue: Hotel Hyatt, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow
Entry by invitation only
For sponsorship opportunities contact:
+91-7355766802, +91-9559575757

NISM National Institute of Securities Markets
A Capacity Building Initiative of SEBI
Learn Today.. Lead Tomorrow...
Applications Open Now
Academic programs offered:

Residential programs
AICTE-approved | 2-Year Full-time Program
Post Graduate Diploma in Management (Securities Markets) - PGDM(SM)
1-Year Full-time Program
LL.M (Investment & Securities Laws)
Jointly offered by NISM and MNLU Mumbai
1-Year Full-time Program
Post Graduate Program in Investments & Securities Markets
1-Year Full-time Program
Post Graduate Certificate in Securities Markets
Jointly offered by NISM and ICICI Bank

Non-Residential programs
1-Year Weekend Program | Online mode
Post Graduate Program in Financial Planning
Jointly offered by NISM and FPSB INDIA
15-Months, Weekend Program | Hybrid Mode
Post Graduate Program in Securities Market (Portfolio Management/Investment Advisory/Research Analysis)
6-Months Duration | Online Live Classes
Certificate Program in Data Science (Basic)
8-Months Duration | Online Live Classes
Certificate Program in Data Science (Advance)
10-Months | Online Live Classes
Post Graduate Certificate in FinTech
Jointly offered by NISM and NAL Academy Ltd.

Professionalizing the Securities Markets
Certifications | Training | Academics | E-learning | Investor Education
Experiential Learning through
- Bloomberg Finance Lab
- Data Science Lab
- Trading Simulation Lab
+91-82680 02412 | www.nism.ac.in
Scan me for more information
NISM Campus: Plot No. IS 1 & IS 2, Patalganga Industrial Area, Mohopada, Rasayani, Dist. Raigad, Near Navi Mumbai, Maharashtra - 410222.

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स | कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रसारित) | शुक्रवार, 27 फरवरी 2026

राष्ट्रों के न तो स्थायी मित्र होते हैं, न स्थायी शत्रु, केवल स्थायी हित होते हैं। *- हेनरी किसिंजर, अमेरिकी कूटनीतिज्ञ*

नई शुरुआत

भारत और कनाडा के रिश्तों पर हालिया वर्षों में जमी बर्फ अब पिघल रही है। पीएम मार्क कार्नी की यात्रा को इस नजरिये से देखा जाना चाहिए कि बदले वैश्विक हालात में कनाडा को भारत की अहमियत समझ आने लगी है। आज से शुरू हो रहा यह दौरा द्विपक्षीय रिश्तों के लिए भी नई शुरुआत हो सकता है।

ट्रूडो से अलग | पिछले साल मार्च में पद संभालने के बाद से कार्नी ने नई दिल्ली के साथ संबंधों को लेकर संतुलित रुख दिखाया है। उनका रवैया पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो से बिल्कुल अलग रहा, जिन्होंने अलगाववादी खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारतीय एजेंसियों पर लगाया था और जिसकी वजह से द्विपक्षीय रिश्ते बिल्कुल ही निचले स्तर पर पहुंच गए थे।

कार्नी का दौरा

CEPA पर बात | पिछले साल जून और फिर नवंबर में पीएम नरेंद्र मोदी और कार्नी की मुलाकातों से नुकसान की भरपाई शुरू हुई थी। दोनों देशों के लंबे समय से लंबित व्यापार और निवेश समझौते CEPA पर बातचीत शुरू करने पर तब सहमति जताई थी। इस मुलाकात में इस मुद्दे पर बात आगे बढ़ेगी। CEPA पर वार्ता डेढ़ दशक से अटकी हुई थी। दोनों देशों ने 2030 तक 70 अरब डॉलर के वार्षिक व्यापार का लक्ष्य रखा है और समझौते से इसमें मदद मिलेगी।

नए मौके | दोनों देश पिछली मुलाकातों और बैठकों के बाद हुई प्रगति का जायजा लेंगे, तो उनके पास नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का भी मौका होगा। व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और शिक्षा पर फिर से बातचीत शुरू हो रही है। कनाडा से भारत को यूरेनियम आपूर्ति बढ़ाने की भी बात हो रही है। भारत विकल्प देख रहा है कि किस तरह से कनाडा से कच्चे तेल और अन्य ऊर्जा उत्पादों की खरीद बढ़ाई जा सकती है। साथ ही, पाइपलाइन और टर्मिनल जैसे ढांचे में निवेश पर विचार है।

मजबूत आधार | भारत और कनाडा के बीच 2024 में वस्तु व्यापार 13.3 अरब डॉलर था। इसमें से कनाडा ने 5.3 अरब डॉलर का निर्यात किया था। सर्विस ट्रेड भी तेजी से बढ़ा है। यह बताता है कि दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग की मजबूत जमीन मौजूद है और उसका फायदा उठाने का समय आ गया है।

सहयोग की जरूरत | दोनों देशों को अमेरिका की टैरिफ नीतियों के नुकसान उठाने पड़े हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद टैरिफ भले कम हुआ हो, पर अनिश्चितता बढ़ गई है। कार्नी उन चंद नेताओं में हैं, जिन्होंने ट्रंप की नीतियों के खिलाफ दावोस जैसे मंच पर खुलकर बोलने की हिम्मत की। वहीं, भारत ने भी विदेश नीति में किसी तरह के दबाव को मानने से इनकार किया। दोनों का आपसी सहयोग उन्हें और मजबूती देगा।

तिराहा

ऑर्डर-ऑर्डर

सुधर्मा नया कहानी संग्रह लाई हैं। उस पर चर्चा के लिए सुखनंदन के पास पहुंचीं तो वह न्याय संहिता की मीमांसा में व्यस्त थे। आहट सुन मुड़े तो प्रश्नवाचक दृष्टि मिली। 'बताया तो था कि नई न्याय संहिता आई है, गुलामी का अवशेष मिटा आजादी की ताजगी वाली। जो पहले 420 थे अब 318 हो गए हैं। इसलिए, पुराने को नए सिरे से समझना पड़ रहा है', सुखनंदन ने कहा।



प्रेम शंकर मिश्र

'अरे वाह! तब तो न्याय की गति तेज होगी?' सुधर्मा के चेहरे पर उम्मीद चमकी। सुखनंदन मुस्कुराए, किताबें किनारे कर बोले, 'प्रिये! न्याय वह खगोलीय पिंड है जो शक्ति के सूर्य की परिक्रमा करता है। यह दशकों, शताब्दियों में कुछ क्षण के लिए दिखता है, फिर लुप्त हो जाता है। इसलिए, चमत्कार को केवल नमस्कार करो, उस पर प्रश्न मत करो।'

'लेकिन, घर में नोट मिलेंगे तो प्रश्न तो उठेंगे, भ्रष्टाचार पर चर्चा भी होगी, पढ़ा-लिखा भी जाएगा?' सुधर्मा के स्वर में गुस्सा था। 'पढ़े-लिखे लोगों के घर में नोट तो मिलेंगे ही, यह तो उनके अर्जित ज्ञान का मोल है। दूसरे, भ्रष्टाचार और भेंट में अंतर होता है। भ्रष्टाचार वह है जिसमें किसी का गला दबाया जाए, भेंट वह है जो गला दबाने वाला स्वेच्छा से दे जाए। भेंट की परंपरा तो पट्टी बंधे रहने से लेकर पट्टी खुले रहने तक निरंतर चली आ रही है और हमारे यहां परंपरा पर प्रश्न करने की परंपरा नहीं है', सुखनंदन ने समझाया। 'तो यह भ्रष्ट आचरण नहीं है?' सवाल जारी थे। 'भ्रष्ट वह है जो यह सिद्ध हो जाए कि वह भ्रष्ट है और सिद्ध होना परम अवस्था है। लाखों में किसी एक को यह सिद्धि प्राप्त होती है। इसलिए, सर्वसम्मति से भ्रष्टाचार को मिटा दिया गया है', जवाब मिला।

'भ्रष्टाचार मिटा दिया गया है? कहां से, संस्था से?' सुधर्मा चौंकीं। सुखनंदन ने हंसते हुए जवाब दिया, 'नहीं, किताब से'। फिर पूछा, 'वैसे कहानी कौन-सी पढ़ी?' 'यशपाल की परदा।' जवाब आया ही था कि घड़ी का अलार्म 'ऑर्डर-ऑर्डर' चिल्लाने लगा।

एकदा

संकलन : सुभाष चंद्र शर्मा

बर्लिन में विरोध

बात उन दिनों की है, जब जर्मनी में पढ़ाई कर रहा एक युवा भारत की दासता से दुखी था। वह बर्लिन के हम्बोल्ट विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र में पीएचडी कर रहा था, लेकिन उसका मन हमेशा उद्वेलित रहता। वह छात्र आगे चलकर समाजवादी आंदोलन का प्रखर नेता बना, डॉ. राम मनोहर लोहिया।

Subrata Dhar

उनके पिता हीरालाल स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय थे और पत्रों के माध्यम से अंग्रेजी शासन के दमन और जनता की पीड़ा का वर्णन भेजते रहते। उन पत्रों ने लोहिया के भीतर प्रतिरोध की अग्नि और प्रज्वलित कर दी। इसी बीच जिनेवा में लीग ऑफ नेशंस का अधिवेशन हुआ, जिसका प्रतिनिधित्व बीकानेर के महाराजा कर रहे थे। लोहिया ने जब मंच से अंग्रेजी शासन की प्रशंसा सुनी, तो वह दुखी हो उठे और विरोध दर्ज कराया। उन्हें तत्काल सभागार से बाहर कर दिया गया। अगले दिन एक समाचारपत्र में उनका पत्र प्रकाशित हुआ, जिसमें उन्होंने अंग्रेजी अत्याचारों और भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की फांसी का उल्लेख कर विश्व समुदाय के सामने भारत की सच्चाई रखी।

नीतियों के कारण निशाने पर इस्राइली पीएम, संभलकर आगे बढ़े हिंदुस्तान

नेतन्याहू को मज़बूत न बनाए भारत

पीएम नरेंद्र मोदी के इस्राइल दौरे को दोनों देशों के आपसी रिश्ते की ही नजर से देखा जाना चाहिए, लेकिन पश्चिमी एशिया के हालात अभी जैसे हैं, उसमें ग्लोबल मीडिया इसको कुछ अलग ही नजरिये से देख रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह कि अमेरिका किसी भी क्षण ईरान पर हवाई हमलों की झड़ी लगा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अपने 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन में हमले के संकेत दे चुके हैं और ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को तत्काल वहां से निकल जाने की आधिकारिक सलाह भी दी जा चुकी है।

चंद्रभूषण

गाजा संकट | दूसरी बात इस्राइल की आंतरिक स्थिति से जुड़ी है। गाजा पट्टी में पिछले तीन वर्षों में हुई 72 हजार से ज्यादा मौतों में काफी बड़ा हिस्सा आम नागरिकों का, उसमें भी बच्चों का रहा है, जिन्हें हमास के लड़ाकों में तो कतई शामिल नहीं माना जा सकता। इस तबाह इलाके में आज भी लोगों को भोजन, पानी और दवाएं नहीं मिल पा रहीं। गाजा के राजनैतिक भविष्य पर कोई बात नहीं हो रही, उल्टे फलस्तीन के दूसरे बड़े इलाके वेस्ट बैंक के लोग जबरदस्ती वहां जा बसे इस्राइलियों के हमले झेल रहे हैं।

टू स्टेट सॉल्यूशन | भारत सरकार इस्राइल की बसावट के समय से ही फलस्तीनियों के साथ खड़ी है और इस स्थिति में आज भी कोई बदलाव नहीं आया। पश्चिमी एशिया के इस सबसे तीखे टकराव में भारत पहले की ही तरह आज भी 'टू स्टेट सॉल्यूशन' का पक्षधर है। यह दृष्टि लेकर ही भारत संयुक्त राष्ट्र की सीधी पहलकदमी के साथ खड़ा है। ट्रंप की पहल 'बोर्ड ऑफ पीस' में पाकिस्तान की उत्साहपूर्ण भागीदारी है, लेकिन भारत इसमें शामिल नहीं।

हालात अलग | अभी के समय में भारतीय प्रधानमंत्री का इस्राइल दौरा भारत जैसी क्षेत्रीय महाशक्ति की कुछ अंतर्विरोधी छवि प्रस्तुत करता है। सन 2017 में भारतीय प्रधानमंत्री जब इस्राइल गए थे, तब बात अलग थी। वह सन 1992 में इस्राइल के साथ कूटनीतिक संबंधों की बहाली से शुरू हुई प्रक्रिया का हिस्सा था। लेकिन चीजें अभी आगे आ चुकी हैं।

मोदी का इस्राइल दौरा
- अंतर्विरोधी छवि दिखाती है भारतीय पीएम की यात्रा
- फलस्तीनी नागरिकों की दुर्दशा पर भी होनी चाहिए बात
- ईरान से पहले जैसा रिश्ता बनाए रखने में अब मुश्किल

गहराता रिश्ता | इस छोटे-से मुल्क के साथ पिछले पांच वर्षों में भारत ने 20 अरब डॉलर से ज्यादा का व्यापार किया है। पूरी दुनिया में इस्राइली हथियारों की बिक्री का 34% हिस्सा अकेले भारत ने खरीदा है। इन व्यापारिक रिश्तों के दायरे अभी खुलने शुरू ही हुए हैं, लेकिन आशंका है कि पीएम मोदी का यह दौरा निवेश, व्यापार या तकनीकी सहयोग से ज्यादा कहीं विवादित नेता बेंजामिन नेतन्याहू के हाथ मजबूत करने की तरह न देखा जाए।

नेतन्याहू से नाराजगी | नरेंद्र मोदी जब इस्राइली संसद नेसेट के एक विशेष सत्र को संबोधित कर रहे थे, तो वहां के विपक्षी सांसदों ने सदन से बाहर रहने का फैसला किया। कारण, उन्होंने इस आयोजन में न्यायपालिका के प्रमुख को आमंत्रित न किया जाना बताया। नेतन्याहू अभी इस्राइल की राष्ट्रीय भावनाओं का किस हद तक प्रतिनिधित्व कर पा रहे हैं, इसका अंदाजा उनकी आमफहम तस्वीरों से नहीं लगाया जा सकता।

खाड़ी में निश्चिंत | हालांकि इस बात को लेकर हम निश्चिंत रह सकते हैं कि मोदी के नेतन्याहू के साथ खड़े होने से खाड़ी क्षेत्र में भारत अलग-थलग नहीं पड़ने जा रहा। संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के साथ भारत के रिश्ते अभी इतिहास के सबसे अच्छे दौर से गुजर रहे हैं और ये दोनों देश किसी भी कीमत पर इस्राइल से अपना बिगाड़ नहीं चाहते।

जनभावना से दूरी | खाड़ी क्षेत्र में अपना राजनय सुचारू ढंग से आगे बढ़ाना दुनिया के किसी भी देश के लिए कभी बहुत आसान नहीं रहा। भारत के लिए इसमें उलझनें और भी ज्यादा रही हैं, क्योंकि किसी खेमे का हिस्सा बनकर चलना कभी उसकी नीति नहीं रही। ऐसे में नरेंद्र मोदी की प्रो-एक्टिव कूटनीति से व्यापार, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में हमें फायदा हुआ है, लेकिन फलस्तीनी नागरिकों की दुर्दशा पर ध्यान न दे पाने से अभी लोकतांत्रिक जनभावनाओं से कुछ दूरी-सी बन गई दिखती है। ईरान से रिश्तों का स्तर पहले जैसा बनाए रखने में भी आगे थोड़ी मुश्किलें आ सकती हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

AI से रोज़गार को लेकर डराने वाली बातें फ़िज़ूल

क्या आने वाले समय में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) पेशेवर नौकरियां भी करने लगेगा? अभी यह बात थोड़ी असंभव-सी लगती है, लेकिन अगर ऐसा सच हो जाए तो? हो सकता है कि तब आज के अमीर आज जैसे ही हैसियत वाले न रह पाएं।

ब्लॉग से चेताया | अमेरिका की एक फाइनैंशल रिसर्च कंपनी Citrini ने अपने ब्लॉग में निवेशकों को चेतावनी दी है। The 2028 Global Intelligence Crisis पोस्ट में कहा गया है कि अगर AI एजेंट्स पेशेवर नौकरियां करने लगे, तो बड़ी आर्थिक समस्या खड़ी हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, नौकरियां खत्म होने से लोग लोन नहीं चुका पाएंगे, 2027 के अंत तक मार्केट क्रैश हो सकता है और अमेरिकी बेंचमार्क इंडेक्स S&P की वैल्यू 57% तक गिर सकती है। 2028 तक अमेरिका में बेरोजगारी 4.3% से बढ़कर 10% तक पहुंचने की आशंका जताई गई है। रिसर्च फर्म का कहना है कि यह केवल एक संभावित स्थिति है, लेकिन AI से जुड़ी हाल की खबरों को देखते हुए इसे पूरी तरह नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता।

खतरे की चर्चा | महीने भर पहले खबर आई कि AI अब कानूनी दस्तावेजों की जांच कर सकता है। अब यह पुराने कोबोल सिस्टम अपडेट करने में भी सक्षम है। लेखक, अनुवादक और कलाकार पहले ही चिंतित हैं। डेटा विश्लेषण और बीमारी पहचानने में इसकी ताकत दिख चुकी है, इसलिए पेशेवर नौकरियों पर खतरे की चर्चा तेज हो गई है।

दक्षता पर सवाल | क्या सच में AI पेशेवर नौकरियां पूरी तरह संभाल लेगा? शायद अभी नहीं। AI एजेंट्स क्षमता के मामले में अभी उस स्तर पर नहीं पहुंचे हैं। कंपनियां बड़े दावे करती हैं ताकि निवेशक पैसे लगाते रहें, लेकिन असली दुनिया कहीं ज्यादा जटिल है। एंथ्रोपिक के कोबोल पर किए गए दावों के बाद IBM ने कहा था कि कोड रीडिंग और प्लेटफॉर्म का आधुनिकीकरण अलग-अलग बातें हैं। AI टूल्स नए प्रतिभाशाली ग्रैजुएट्स जैसे हैं जिनके पास ज्ञान है, पर अनुभव नहीं। एक अध्ययन में भी पाया गया कि अगर निगरानी न हो तो AI एजेंट्स बार-बार गड़बड़ी करते हैं।

कॉमन रूम

बढ़ेगा जोखिम | अमेरिका में सिर्फ 10% लोग सालाना 2.5 लाख डॉलर से ज्यादा कमाते हैं, लेकिन कुल खर्च का आधा हिस्सा वही करते हैं। अगर ये वाइट-कॉलर कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे, तो मांग घटेगी, लोन डिफॉल्ट बढ़ेंगे और वित्तीय सिस्टम डगमगा सकता है। कंपनियों का मुनाफा और बाजार गिरेंगे, अमीरों पर भी असर पड़ेगा। उत्पादन घटेगा तो मजदूर भी प्रभावित होंगे। Citrini के अनुसार, कुछ बड़ी AI फर्म पूरी अर्थव्यवस्था नियंत्रित कर सकती हैं, जो जोखिम भरा है। लेकिन क्या वाकई ऐसा होने वाला है। यह बात सही है कि AI की वजह से कई काम करने के लिए अभी की तुलना में कम लोगों की जरूरत पड़ेगी, लेकिन यह भी सच है कि इंसानों के बगैर काम नहीं चलने वाला।

- NBT

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

युग कोई कालखंड नहीं, यह तो हमारी चेतना में बसता है

सुरक्षित गोस्वामी

यह प्रश्न बार-बार मन में उठता है कि क्या हम कलियुग में हैं? क्या सतयुग आने वाला है, या वह आ चुका है? सामान्य धारणा यह है कि सतयुग, त्रेता, द्वापर और फिर कलियुग समय से जुड़े हुए हैं। परंतु यदि हम गहराई से देखें, तो पाएंगे कि युग केवल कालखंड नहीं, बल्कि मनुष्य की आंतरिक अवस्था के प्रतीक हैं।

यदि मन में हिंसा, घृणा, द्वेष और प्रतिशोध की भावना जाग उठे, तो वही क्षण हमारे लिए कलियुग है। और यदि भीतर करुणा, दया, प्रेम और परोपकार का दीप जल उठे, तो वही हमारा सतयुग है। युग बाहर घटित होने वाली घटना नहीं, भीतर घटने वाली स्थिति है। यह समय का नहीं, चेतना का प्रश्न है। जब हमारी चेतना ऊपर उठती है- जब हम सत्य, करुणा और आत्मबोध की ओर बढ़ते हैं, तो हम एक उच्च आयाम (higher dimension) में प्रवेश करते हैं। यह ऊर्ध्वगति हमें सतयुग की अनुभूति कराती है। इसके विपरीत, जब हम हिंसा, पाप और अज्ञान की ओर झुकते हैं, तो हमारी चेतना lower dimension में चली जाती है। यही अधोगति है, यही कलियुग का अनुभव है।

AI Image

एक और सत्य यह है कि जब अंधकार अत्यधिक बढ़ जाता है, तब प्रकाश उसके अत्यंत निकट होता है। जब मनुष्य दुख, तनाव और निराशा से भर जाता है और उसे बाहर कोई मार्ग दिखाई नहीं देता, तब वह भीतर की ओर मुड़ता है। यहीं से उसकी आध्यात्मिक यात्रा शुरू होती है। वह अपनी बिखरी हुई ऊर्जा को समेटकर भीतर की ओर यात्रा करता है। इसके विपरीत, जब व्यक्ति सुख-सुविधा और कंफर्ट जोन में रहता है, तब अध्यात्म उसके लिए चुनौती बन जाता है।

इसलिए प्रश्न यह नहीं कि सतयुग आया या नहीं, प्रश्न यह है कि हमारे भीतर कौन-सा युग सक्रिय है। यदि हम अपने मन को शुद्ध, करुणामय और जागरूक बनाते हैं, तो हम सतयुग का अनुभव कर सकते हैं। युग परिवर्तन की प्रतीक्षा मत कीजिए। अपने भीतर परिवर्तन की शुरुआत कीजिए, क्योंकि जब चेतना बदलती है, तभी युग बदलता है।

कांटे की बात

धर्मेंद्र प्रधान,
केंद्रीय शिक्षा मंत्री

सप्ताह की शख्सियत

'धमाका' कर समय बताती हैं फ़ौज़िया

राजस्थान के अजमेर की फौजिया खान रमजान के महीने में सेहरी और इफ्तार के वक्त तोप दागती हैं। यह प्रथा 16वीं शताब्दी में मुगल बादशाह अकबर ने शुरू की थी। दावा है कि फौजिया के परिवार के पास पीढ़ियों से यह काम है।

इकलौती महिला तोपची

सातवीं तक पढ़ी फौजिया अपनी मां और भाई-बहनों के साथ रहती हैं। छोटी दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। तोप चलाने के लिए दरगाह समिति से हर महीने 1,500 रुपये मिलते हैं। उन्होंने पिता के साथ 8 साल की उम्र में तोप चलाना शुरू किया था। 2008 में पिता का निधन हुआ, तो अकेले यह काम करने लगीं। ईद, बकरीद, जुम्मा पर भी तोप चलाती हैं।

भतीजी को जिम्मेदारी

कुछ साल पहले तोप चलाने के दौरान बारूद फटने से 37 साल की फौजिया के कान के पर्दे पर असर पड़ा और उन्हें सुनने में दिक्कत होने लगी। इसके बाद भी उनका हौसला नहीं डिगा। उनके लिए तोप चलाना रुचि नहीं, बल्कि कर्तव्य है। अब वह अपनी भतीजी को तोप चलाना सिखा रही हैं।

प्रस्तुति: *अभिषेक मिश्र*

जनता जंक्शन

इरफान

शहरों को ग्रोथ का इंजन बनाने में मददगार होगा UCF



भारत में शहर तेजी से बढ़ रहे हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में शहरों का योगदान है। शहर अब रोजगार, उद्योग और विकास के मुख्य केंद्र बन चुके हैं और लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। मगर, बुनियादी ढांचे की कमी, जलवायु परिवर्तन का खतरा, पैसों की कमी और प्रशासनिक तालमेल में दिक्कतें जैसी कई समस्याओं से भी जूझ रहे हैं। चुनौती भारत के शहरीकरण को लेकर नहीं है, बल्कि सही और टिकाऊ ढंग से और सभी को साथ लेकर विकास करने की है।

श्रीनिवास कटिकिथला

नए सिरे से विकास

हाल ही में स्वीकृत शहरी चुनौती कोष (UCF) से पता चलता है कि भारत अब शहरी विकास को नए सिरे से आगे बढ़ाना चाहता है। इसके लिए वित्त वर्ष 2026 से 2031 तक केंद्र सरकार 1 लाख करोड़ रुपये देगी। इससे 4 लाख करोड़ रुपये का निवेश जुटाने की उम्मीद है। यह कोष महज अनुदान देने के लिए नहीं, बल्कि ठोस और प्रभावी नतीजे के लिए है।

UCF पुराने तरीकों से अलग है। इसमें केंद्र सरकार प्रोजेक्ट कॉस्ट का 25% ही देगी। शहरों को कम से कम 50% रकम बॉन्ड, लोन या पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) के जरिये जुटानी होगी। शेष राशि राज्य, स्थानीय निकाय या अन्य माध्यमों से जुटाई जा सकती है। इससे शहरों को आर्थिक अनुशासन अपनाना होगा। अब सरकारी विकास सिर्फ सरकारी बजट पर निर्भर नहीं होगा।

UCF तीन क्षेत्रों पर आधारित है, जो भारत के बदलते शहरी परिदृश्य को दर्शाते हैं। पहला, शहरों को विकास इंजन के तौर पर देखना। इसके तहत एकीकृत योजना, इकॉनमिक कॉरिडोर से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स क्लस्टर को बढ़ावा दिया जाएगा। दूसरा, पुराने शहर क्षेत्रों और कम उपयोग वाली संपत्तियों को सुधारकर नया जीवन देना। इसका उद्देश्य पुराने शहर केंद्रों और व्यावसायिक क्षेत्रों की भीड़भाड़ कम करना है। तीसरा, क्षेत्र जल और स्वच्छता पर केंद्रित है। इसमें जल सेवाओं का विस्तार, अपशिष्ट जल पुनः उपयोग, बाढ़ नियंत्रण और पुराने कचरा स्थलों के उपचार पर जोर है, ताकि जलवायु परिवर्तन से बढ़ती शहरी चुनौतियों का सामना किया जा सके।

AI Image

UCF में सबसे बड़ी बात 5,000 करोड़ रुपये की ऋण गारंटी है। इसके जरिये छोटे शहरों और पहाड़ी या पूर्वोत्तर राज्यों की नगरपालिकाओं को केंद्र की गारंटी पर कर्ज लेने का मौका मिलेगा। UCF के तहत केंद्रीय सहायता पाने के लिए शहरों को शासन, वित्त और नियोजन सुधार करने होंगे। यानी उन्हें साख मजबूत करनी होगी, परिसंपत्ति प्रबंधन मजबूत करना होगा, सेवा वितरण डिजिटल करना होगा, संचालन दक्षता बढ़ानी होगी और भूमि उपयोग व गतिशीलता की एकीकृत योजना अपनानी होगी।

निजी क्षेत्र की बढ़ेगी भागीदारी

UCF के तहत निजी निवेशक अब प्लान बनाने, पैसा देने और शहर की परियोजनाओं में भी शामिल होंगे। परियोजनाओं को तैयार करने, सलाह देने और डिजिटल निगरानी से उनकी सफलता और निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा। योजना कामयाब रही, तो भारत में नगरपालिका बांड और शहरी वित्तपोषण मजबूत होंगे। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने यह कोष कई पक्षों को मिलाकर चलाने के लिए बनाया है। राज्य सरकार, शहरी स्थानीय निकाय, वित्तीय संस्थान, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी और निजी निवेशक भी एक प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के जरिये इसमें शामिल हो सकते हैं, जो इनोवेशन को बढ़ावा देती है। योजना में राष्ट्रीय, राज्य और शहरी स्तर पर क्षमता बढ़ाने के प्रावधान हैं। इसका मकसद तकनीकी और प्रबंधकीय दक्षता मजबूत करना भी है।

आने वाले दशकों में भारत की शहरी आबादी तेजी से बढ़ेगी। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग भी जोर पकड़ेगी। UCF इसे ध्यान में रखते हुए आर्थिक विकास, जलवायु बदलाव से निपटने की क्षमता और वित्तीय स्थिरता को एक साथ जोड़ता है। UCF का मकसद शहरीकरण को बोझ नहीं, बल्कि निवेश का अवसर मानना है। यह बाजार अनुशासन, सुधार प्रोत्साहन और मापने योग्य परिणामों पर ध्यान देता है। UCF अगर सफल हुआ तो शहरों को सशक्त, प्रतिस्पर्धी और भविष्य के लिए तैयार विकास केंद्र बनाने में मददगार होगा।

(लेखक आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव हैं)

फटाफट खबरें

8 को पीएम का काशी आगमन स्थगित

■ NBT न्यूज, वाराणसी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आठ मार्च को अपने संसदीय क्षेत्र काशी आगमन कार्यक्रम फिलहाल स्थगित हो गया है। अब नई तारीख होली के बाद तय होगी। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन के साथ ही भाजपा नेता तैयारी में जुटे थे। इस बीच चार मार्च को होली और अन्य समारोह देखते हुए कार्यक्रम की तारीख में बदलाव का आग्रह किया गया था।

मधुमक्खियों के हमले में 45 पर्यटक घायल

■ NBT न्यूज, वाराणसी : सारनाथ में गुरुवार की दोपहर श्रीलंका से आए पर्यटकों के दल पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। पर्यटक करीब एक बजे सारनाथ पहुंचे थे। इसी बीच मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। नाइंड के साथ ही स्थानीय लोगों ने किसी तरह सबको निकाला। इस दौरान दोपहर एक से चार बजे तक दहशत का माहौल रहा। स्थानीय दुकानदार राजेश कुमार ने त्रिपाल से ढककर कई पर्यटकों को वाहन तक पहुंचाया। मधुमक्खियों के हमले में घायल पर्यटकों को पास की एक क्लिनिक पहुंचाया गया। हमले में करीब 45 पर्यटक जख्मी हुए हैं।

घिरने पर हत्यारोपित ने ताना तमंचा, अरेस्ट

■ NBT न्यूज, मेरठ: पत्नी के दोस्त के आरोपित प्रदीप को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी का विडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपित पुलिस के घेरने पर तमंचा ताने दिख रहा है। काफी देर तक समझाने के बाद आरोपित ने पानी पिया, बीड़ी पी और फिर हथियार जमीन पर रखकर खुद ही पुलिस की गाड़ी में बैठ गया। आरोपित ने बुधवार को दिनदहाड़े पत्नी के दोस्त सुनील की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

महिलाओं को भी मिले मालिकाना हक: गवर्नर

■ NBT न्यूज, वाराणसी : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को सोनभद्र में अफसरों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और किट बांटी। स्वामित्व योजना के तहत घर का मालिकाना हक पति और पत्नी दोनों के नाम करने पर जोर दिया। कहा कि आज महिलाएं स्वतंत्र और सशक्त हो चुकी हैं। ऐसे में मालिकाना हक मिलना ही चाहिए।

सराफा कारोबारी के प्रतिष्ठान पर IT रेड

■ NBT न्यूज, गोरखपुर: पार्क रोड स्थित सराफा कारोबारी के प्रतिष्ठान पर गुरुवार को आयकर की टीम ने छापा मारा। देर शाम तक जांच जारी रही। टीम ने कई दस्तावेज और कम्प्यूटर के हार्ड डिस्क कब्जे में लिए हैं। टीम दोपहर 12 सराफा कारोबारी के पार्क रोड स्थित प्रतिष्ठान पहुंची। मौके पर मौजूद ग्राहकों को बाहर करने के साथ ही जांच देर रात तक जारी रही।

रामपुर में सपा नेता की फैक्ट्री पर छापा

■ NBT न्यूज, मेरठ: रामपुर जिले में गुरुवार सुबह मुरादाबाद के पूर्व सांसद एसटी हसन के समधी लकड़ी कारोबारी मुन्ना बब्लू की एमएन इंडस्ट्री में छापा मारा गया। सुबह करीब दस बजे कई गाड़ियों से एमएन इंडस्ट्रीज परिसर में पहुंची टीम के साथ सीआरपीएफ के जवान भी थे। सपा नेता मुन्ना बब्लू मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉक्टर एसटी हसन के समधी हैं। इसी के साथ एक अन्य कारोबारी की फैक्ट्री पर भी छापे की कार्रवाई चल रही है। टीम का वहां कि जानकारी बाद में दी जाएगी।

अधिवक्ता हत्याकांड में एक और गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, गोंडा: हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के अधिवक्ता सुभाष मिश्र की हत्या मामले में पुलिस ने जांच के दौरान नाम सामने आने पर एक और शख्स को गिरफ्तार किया है। करनैलगंज कोतवाल नरेंद्र प्रताप राव के अनुसार पीड़ित पक्ष से मिली जानकारी के आधार पर अब नारायणपुर मांझा गांव निवासी धुकुनन दूबे को गिरफ्तार किया गया है।

दो विवि के नाम से जारी हुईं फर्जी डिग्रियां

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर : देश के 9 राज्यों के 14 विश्वविद्यालयों की फर्जी मार्कशीट और डिग्री बनाने की जांच तेज हो गई है। हापुड़ और फरीदाबाद में गई पुलिस टीमों ने 103 प्रमाणपत्रों का सत्यापन विवि प्रशासन से करवाया। दोनों विश्वविद्यालयों ने डिग्री और मार्कशीट फर्जी होने की पुष्टि की है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध विपिन कुमार शर्मा ने बताया कि अब तक 3 टीमें वापस नहीं लौटी हैं। उनके आने पर आगे की जानकारी होगी।

वनस्पति और बेकरी सॉर्टनिंग की खेप सीज

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: एफएसडीए की टीम ने छापेमारी के दौरान मसूर वनस्पति के 10 टिन, बिस्किन वनस्पति के 24 टिन, बेकरी सॉर्टनिंग के 14 जार सीज किए। एसडीएम सदर आनंद तिवारी के नेतृत्व में टीम ने लखपेड़ाबाग स्थित मैसर्स बालाजी घी स्टोर से घी, नबीगंज स्थित मैसर्स रवि ट्रेडर्स से सरसों तेल व रिफाइन्ड का नमूना जांच के लिए भेजा।

TET से छूट के लिए शिक्षकों का प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, बाराबंकी: टीईटी की अनिवार्यता से छूट की मांग करते हुए गुरुवार को टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले परिषदीय शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर धरना दिया। इस मौके पर अशोक कुमार सिंह, पवन कुमार वर्मा, डॉ. आशुतोष कुमार वर्मा, विजेंद्र सिंह, मुमताज अहमद, अमित वर्मा, शहनाज परवीन, प्रियंका सिंह और रीता मौजूद रहीं।

कफ सिरप: 9.50 करोड़ की संपत्तियां फ्रीज

■ NBT न्यूज, कानपुर: प्रतिबंधित दवाओं, विशेष रूप से कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी से अर्जित अवैध संपत्तियों पर कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गहन जांच के बाद लगभग 9.50 करोड़ मूल्य की पांच अचल संपत्तियों को फ्रीज किया है। इसमें एक इनोवा क्रिस्टा भी शामिल है। पुलिस उपायुक्त अपराध सरवन कुमार सिंह के अनुसार भविष्य में भी अवैध कारोबार से अर्जित संपत्तियों के खिलाफ जांच के आधार पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

देवा शरीफ में 120 साल पुरानी होली की रवायत पर संशय

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: देवा के हाजी वारिस अली शाह की मजार पर होली खेलने की 120 साल पुरानी परंपरा इस बार टूट सकती है। वारिस होली कमिटी के अध्यक्ष सहजादे आलम वारसी (62) ने गुरुवार को उम्र और स्वास्थ्य कारणों से आयोजन की जिम्मेदारी उठाने से असमर्थता जताई है। वे पिछले 40 साल से आयोजन की बागडोर संभालते आ रहे हैं।

उम्र और सेहत का हवाला देकर समिति के अध्यक्ष ने जताई असमर्थता, कहा अब कोई युवा संभाले जिम्मा

सोशल मीडिया पर एक विडियो शेयर कर उन्होंने कहा कि परिवर्तन समय का नियम है। वह चाहते हैं कि अब यह जिम्मेदारी कोई युवा संभाले। अगर कोई नई कमिटी गठित होती है तो उसका मार्गदर्शन करेंगे। इस बीच कस्बे के हिंदू समुदाय के लोगों ने देवा नगर के पुरोहित अवध किशोर को अध्यक्ष चुनते हुए देवा होलिकोत्सव समिति बनाई है। अवध किशोर ने बताया कि पुरानी कमिटी के साथ शनिवार को बैठक करने के बाद ही कोई घोषणा कर पाएंगे।

हाजी साहब ने शुरू की थी परंपरा : सूफी संत हाजी वारिस अली शाह अपने जीवन काल में होली खेलने की परंपरा शुरू की थी। साल 1905 में उनके देह त्याग के बाद हर साल होली के दिन असंगठित रूप से आयोजन होता रहा। पिछले 40 सालों से वारिस होली कमिटी गठित कर सहजादे आलम ने आयोजन को आगे बढ़ाया। परंपरा के तहत नगर पंचायत देवा के अध्यक्ष फाग जुलूस का नेतृत्व करते थे।

मसाने की होली पर लगा ग्रहण, केवल परंपरा का होगा निर्वहन

■ NBT न्यूज, वाराणसी : काशी के मणिकर्णिका घाट पर रंगभरी एकादशी के अगले दिन होने वाली चिता भस्म की होली (मसाने की होली) पर इस बार ग्रहण का खतरा मंडरा रहा है। काशी विद्वत परिषद, केंद्रीय ब्राह्मण महासभा और डोम राजा ने आयोजन का विरोध करते हुए रोक लगाने की मांग उठाई है। वहीं, पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से केवल सीमित लोगों के बीच परंपरा के निर्वहन पर सहमति जताई है। एसीपी डॉ. अतुल अंजान त्रिपाठी के अनुसार घाट पर निर्माण कार्य के चलते जगह कम है। सीढ़ियों के साथ ही जगह-जगह निर्माण सामग्री पड़ी और कई रास्ते बंद हैं। ऐसे में भीड़ के बीच चिता सजाकर होली खेलना संभव नहीं। इसलिए 15-20 लोगों को ही परंपरा के निर्वहन की अनुमति दी जाएगी। पहले इसमें मसाने की होली में 25 हजार से अधिक लोग शामिल होते थे, जिससे अंतिम संस्कार में दिक्कत सहित अन्य शिकायतें मिली थीं।

अयोध्या: मंदिरों में आज से रंगभरी एकादशी

■ NBT न्यूज, अयोध्या: जिले मंदिरों में शुक्रवार को फाल्गुन शुक्लपक्ष की एकादशी से रंगभरी होली शुरू हो जाएगी। हनुमानगढ़ी के नागा साधुओं की टोली मंदिर में रंग गुलाल से बजरंग बली से होली खेलेगी। इसके बाद हनुमानगढ़ी के निशान को लेकर साधुओं का दल पंचकोसी परिक्रमा क्षेत्र के मंदिरों में जाकर साधु-संतों को होली के लिए आमंत्रित करेगा। जुलूस के रूप में निकले नागा साधुओं का दल अयोध्या में होली के आगाज का ऐलान करेगा। राम मंदिर में एकादशी के दिन केवल रामलला को टीका लगाया जाएगा और होली के दिन राम मंदिर में फूलों से रामलला के साथ पर्व मनाया जाएगा।

मेडिकल में कुकर्म की पुष्टि?

अविमुक्तेश्वरानंद पर है यौन शोषण का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : नाबालिग बटुकों से कथित यौन शोषण के आरोपों में घिरे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद की अग्रिम जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। इस बीच पुलिस का दावा है कि मेडिकल में पीड़ित बच्चों के साथ कुकर्म की पुष्टि हुई है। पुलिस ने बुधवार को दोनों बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराया था। शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने भी दावा किया है कि रिपोर्ट में यौन शोषण के संकेत स्पष्ट रूप से दर्ज हैं।



अग्रिम जमानत अर्जी पर HC में आज होगी सुनवाई

वहीं, मामले के तूल पकड़ने के बाद पुलिस ने जांच भी तेज कर दी है। सूत्रों के मुताबिक मेडिकल रिपोर्ट को अहम साक्ष्य के तौर पर केस डायरी में शामिल किया जा रहा है। पुलिस पीड़ितों बयान दर्ज करने और मेडिकल के बाद दूसरे सबूत इकट्ठा करने में जुट गई है। हालांकि हाई प्रोफाइल मामला होने के कारण काफी गोपनीयता बरती जा रही है। वहीं, पुलिस की सक्रियता को देखते हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद व उनके शिष्य मुकुंदानंद ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। इस पर शुक्रवार को जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की एकल पीठ में सुनवाई होगी। वहीं, याचिका का विरोध करते हुए मेडिकल रिपोर्ट और अब तक जुटाए गए अन्य साक्ष्यों को पुलिस कोर्ट में प्रस्तुत कर सकती है।

अविमुक्तेश्वरानंद के वकील को धमकी

■ NBT न्यूज, वाराणसी
बाल यौन शोषण के आरोपों से घिरे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अधिवक्ता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व को-चेयरमैन श्रीनाथ त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी मिली है। मोबाइल पर आए मैसेज में लिखा है कि वाराणसी कचहरी के साथ उन्हें भी बम से उड़ा दिया जाएगा। बुधवार रात धमकी मिलने के बाद श्रीनाथ त्रिपाठी ने गुरुवार सुबह पुलिस अधिकारियों को जानकारी देने के साथ ही केस दर्ज करवाया है।

साइबर सेल ने मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लेते हुए धमकी देने वाले की तलाश शुरू कर दी है। यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि धमकी का संबंध शंकराचार्य से जुड़े विवादित मुकदमे से है या शहर में शांति भंग करने की किसी बड़ी साजिश से। इस बीच सेंट्रल और बनारस बार असोसिएशन ने अधिवक्ता को सुरक्षा देने के साथ ही धमकी देने वाले को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग उठाई है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में ई-मेल से तीन बार वाराणसी कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है।

यौन शोषण में सिपाही गिरफ्तार, भेजा गया जेल

■ NBT न्यूज, सुलतानपुर : बल्दीराय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के यौन शोषण के आरोपित सिपाही को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता ने बल्दीराय थाने के पीआरवी में तैनात सिपाही आमिर फिरदौस पर लंबे समय से धमकाकर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया था। एसएचओ नारदमुनि सिंह ने बताया कि आरोपित सिपाही को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

आमिर फिरदौस

कक्षा दो की छात्रा से अश्लीलता, शिक्षामित्र अरेस्ट: सुलतानपुर के एक सरकारी स्कूल के शिक्षामित्र पर कक्षा दो की छात्रा से अश्लील हरकत करने के आरोप लगा है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित वत्सल प्रसाद मिश्र को गिरफ्तार कर लिया है।

रेप का आरोप, मामा गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, बांदा: शादीशुदा भांजी से रेप के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बिसंडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 30 वर्षीय पीड़िता के अनुसार मामा अक्सर घर आते थे। करीब एक सप्ताह पहले अकेले पाकर रेप किया और भाग निकला। पुलिस ने अजयगढ़ निवासी आरोपित राजू को एमपी के सतना से गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपित का कहना है कि दस हजार रुपये की मांग नहीं करने पर झूठे केस में फंसाया गया है।

मंदबुद्धि किशोरी से रेप के आरोपित ने किया सरेंडर

■ NBT न्यूज, गोंडा: करनैलगंज क्षेत्र में 15 वर्षीय मंदबुद्धि व मूक-बधिर से रेप के आरोपित ने बुधवार देर रात सरेंडर कर दिया। पीड़िता के मां बनने के बाद परिवारीजनों को जानकारी हुई और ज्योतिष केंद्र संचालक अभिमान तिवारी के खिलाफ केस दर्ज करवाया था। सीओ अभिषेक दावचा के अनुसार आरोपित का पीड़िता के घर आना-जाना था। इसी दौरान बहलाकर रेप किया था। केस दर्ज होने के बाद आरोपित फरार हो गया था। सीपी विनीत जायसवाल ने जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। शिकंजा कसता देख आरोपित ने कोतवाली पहुंच आत्मसमर्पण कर दिया।

आदेश का पालन नहीं तो तलब होंगे एसपी जौनपुर

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आश्चर्य जताते करते हुए कहा है कि पुलिस अधिकारी कोर्ट के आदेश का पालन करने की बजाय एक-दूसरे को पत्र लिखने में व्यस्त हैं और 15 माह का बच्चा बाल कल्याण समिति के निर्देश के विपरीत जौनपुर पुलिस लाइन में है। कोर्ट ने राज्य सरकार के अधिवक्ता से जानकारी मांगी है और कहा कि उचित जानकारी नहीं दी गई तो कोर्ट एसपी को तलब करेगी। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली तथा न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने रिंकू राम उर्फ रिंकू देवी व अन्य की विशेष अपील पर सुनवाई करते हुए दिया है। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी।

15 माह के बच्चे को मां के सुपुर्द करने में देरी पर HC सख्त

कोर्ट को बताया गया कि बलिया के थाना हल्दी क्षेत्र निवासी रिंकू राम की शादी धर्मेंद्र राम के साथ हुई थी। पति ने 15 माह के बच्चे को मां से छीन लिया था। बाल कल्याण समिति ने बच्चे को मां को सौंपने का आदेश दिया, लेकिन उसे पुलिस लाइन जौनपुर में रखा गया। कोर्ट को बताया गया कि एसएचओ हल्दी ने एसपी बलिया को रिपोर्ट दी कि एसपी जौनपुर को उचित कदम उठाने का आदेश दिया गया है। पति धर्मेंद्र राम भी पुलिस लाइन जौनपुर में सिपाही के पद पर तैनात है।

हिरासत में मौत पर कई पुलिस अफसर तलब

प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वर्ष 2009 में पुलिस अभिरक्षा में दिव्यांग की मौत मामले में मैनपुरी के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार मिश्रा (वर्तमान पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज रेंज) और तत्कालीन अपर जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह (वर्तमान अतिरिक्त सचिव, सचिवालय, देहरादून उत्तराखंड सरकार) को पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी कर हलफनामा के साथ कोर्ट में तलब किया है। अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन तथा न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने असोसिएशन फॉर एडवोकेसी ऐंड लीगल इनिशिएटिव लखनऊ की जनहित याचिका पर दिया है। 9 मई 2009 को मैनपुरी के थाना धन्नाहार में पुलिस लॉकअप के शौचालय में नाहर सिंह उर्फ स्नेह का शव फंदे से लटका मिला था। पुलिस ने इसे खुदकुशी बताते हुए मामला रफादफा कर दिया था।

मैनपुरी के एसडीएम और एसपी को जारी किया नोटिस

नवरात्रि की पूर्व संध्या पर पशु वध में राहत नहीं

प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए), 1980 के तहत 3 व्यक्तियों की हिरासत को बरकरार रखा है। तीनों पर मार्च 2025 में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन व ईद के अवसर पर जालौन के कालपी कस्बे में अवैध रूप से मवेशियों के वध का आरोप है। दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि कथित कृत्य, जो हमारे जैसे प्राचीन और विविधतापूर्ण राष्ट्र में प्रमुख धार्मिक त्योहारों के संगम के ठीक समय पर किया गया था, वह केवल कानून और व्यवस्था की समस्या नहीं थी। इसके साथ ही अदालत ने सिकंदर, रैय्यान अली और हसनैन की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं को खारिज कर दिया।

डंपर की टक्कर से कार में लगी आग, मां-बेटे की मौत

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: रामपुर जिले में बुधवार देर रात डंपर की टक्कर से कार में आग लग गई। हादसे में कार सवार यूपी पुलिस की सिपाही अपने दो साल के बेटे के साथ जलकर मर गई। वहीं, पति व देवर गंभीर रूप से झुलस गए। बेहटरा गांव निवासी दान सिंह सिपाही पत्नी लता, दो साल के बेटे और ममेरे भाई रवि के साथ नैनीताल गए थे। लौटते समय डंपर ने कार में टक्कर मार दी थी। कार दान सिंह चला रहे थे और भाई बगल में बैठा। हादसे के बाद आग लगते ही दोनों उतर गए लेकिन पीछे बैठी पत्नी और बेटा गेट लॉक होने से फंस गए थे। आग पर काबू पाए जाने से पहले दोनों की मौत हो गई। पता चला है कि दान सिंह की पहली पत्नी की भी 4 साल पहले सड़क हादसे में मौत हुई थी।

नहर में गिरी कार, दो युवकों की मौत: शादी समारोह से लौट रहे युवकों की कार बुधवार देर रात गंग नहर में गिर गई। हादसे में सतीश (35), सचिन (30) की मौत हो गई। जबकि विशाल, मोहित, अंकित सहित एक अन्य की हालत गंभीर है।

रफ्तार ने छीनी तीन महिलाओं की जिंदगी

■ NBT न्यूज, बांदा: तेज रफ्तार पिकप की चपेट में आकर बुधवार रात शादी समारोह से लौट रही तीन महिलाओं की मौत हो गई। महोबा के भटीपुरा मोहल्ले निवासी चार महिलाएं शादी समारोह में खाना बनाने गई थीं। पैदल लौटते समय हुए हादसे में श्यामरानी, सीता और भगवती की मौत हो गई। वहीं, झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती तुलसा की हालत नाजुक बनी हुई है।

सड़क हादसों में महिला समेत दो ने तोड़ा दम

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: कोठी थाना क्षेत्र में हाफरापुर चौराहे पर सुबह सात बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आकर तुलिहा हिम्मतपुर निवासी धर्मराज रावत (32) की मौत हो गई। वहीं धरसनिया के पास गुरुवार शाम शिवकुमार गौतम की पत्नी रामा गौतम (65) की बाइक की चपेट में आने से मौत हो गई।

परीक्षा केंद्र में 12वीं के छात्र की हत्या, अरेस्ट

■ NBT न्यूज, गोरखपुर : डीबी इंटर कॉलेज में इंटर की परीक्षा के बाद हुए विवाद में एक छात्र की हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपित छात्र को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया है। पुलिस के अनुसार शाहपुर के सरदार पटेल नगर निवासी अंकुश सिंह (17) सेंट मेरीज इंटर कॉलेज का छात्र था। बोर्ड परीक्षा के लिए डीबी इंटर कॉलेज बेनीगंज में सेंटर पड़ा था। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम करीब 5:15 बजे परीक्षा के बाद कॉलेज परिसर की पार्किंग में दूसरे कॉलेज के एक छात्र से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपित ने अंकुश के सिर पर ईंट से वार कर दिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां से हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।

दूसरे कॉलेज के छात्र ने मारी थी ईंट, बाल सुधार गृह भेजा गया

8 दिन रखा डिजिटल अरेस्ट, ₹1.58 करोड़ ट्रांसफर करवाए

■ NBT न्यूज, गोरखपुर : कैंट इलाके में रहने वाली रिटायर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजुला श्रीवास्तव (64) को 8 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर जालसाजों ने 1.58 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवा लिए। साइबर ठगों ने एटीएस, एनआईए व ईडी का अफसर बनकर विडियो कॉल कर मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने के चलते जेल भेजने की बात कहते हुए धमकाया था। जालसाजी का अहसास होने पर पीड़िता ने केस दर्ज करवाया है।

पुलिस के मुताबिक 2018 में सेवानिवृत्त हो चुकी डॉ. मंजुला के पति और एक बेटे का निधन हो चुका है। एक अन्य बेटा गुजरात में रहता है। अकेली रहने वाली पीड़िता के अनुसार 13 फरवरी को व्हाट्सऐप पर विडियो कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को एटीएस और ईडी का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके नाम से मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज हुआ है। इसके साथ ही गिरफ्तारी का डर दिखा डिजिटल अरेस्ट में रहने को कहा गया। 21 फरवरी तक जालसाज लगातार फोन पर संपर्क में रहे और रकम ट्रांसफर करने के लिए बैंक जाते समय भी मोबाइल ऑन और चार्जिंग पर रखने की ताकीद की गई थी। इस दौरान जालसाजों ने सारी एफडी तुड़वाकर अलग-अलग खातों में कुल 1.58 करोड़ रुपये ट्रांसफर करा लिए। 24 फरवरी को जालसाजों ने फर्जी ईडी रसीदें भेजीं और भरोसा दिया कि जांच के बाद पैसा खाते में आ जाएगा। हालांकि रकम वापस नहीं आने पर ठगी का अहसास हुआ। एसपी क्राइम सुधीर जायसवाल के अनुसार केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

नौकरी का झांसा देकर 400 युवकों से ₹1.5 करोड़ की ठगी

■ NBT न्यूज, गोंडा: विदेश में नौकरी का झांसा देकर जालसाजों ने डेढ़ करोड़ से अधिक रुपये ठग लिए। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मस्टी इंटरनेशनल इमीग्रेशन कंपनी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उतरौला रोड पर कंपनी का कार्यालय खोलकर करीब दो माह पहले नौकरी का ठग किया गया था। हालांकि तीन दिन पहले दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर पीड़ितों को ठगी का पता चला था।

विस्फोट से ढहा मकान, दो महिलाएं घायल

■ NBT न्यूज, हरदोई: सांडी कस्बा स्थित मकान में अवैध रूप से पटाखे बनाए जाते समय धमाका हो गया। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि दो मंजिला मकान का एक हिस्सा ढह गया और पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गयी। हादसे में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयीं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही जांच शुरू कर दी है। सांडी के मोहल्ला औलादगंज निवासी दिलशाद की कस्बे के बाहर पटाखों की दुकान है। बताया जा रहा है कि गुरुवार दोपहर करीब चार बजे तेज धमाके के साथ दिलशाद के मकान का एक हिस्सा ढह गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मलबा हटवाने के साथ ही सानिया और रुबीना को ऐंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है।

हरदोई में अवैध रूप से पटाखे बनाते समय हादसा

2012 में गई थी 4 जानें: इसी परिवार के घर में वर्ष 2012 में भी भीषण विस्फोट हुआ था। हादसे में परिवार के 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr: [illegible]

TAURUS 20 Apr - 19 May: [illegible]

GEMINI 21 May - 21 Jun: [illegible]

CANCER 22 Jun - 22 Jul: [illegible]

LEO 23 Jul - 22 Aug: [illegible]

VIRGO 23 Aug - 22 Sep: [illegible]

LIBRA 23 Sep - 22 Oct: [illegible]

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov: आने व्यवसाय व नौकरी की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्यक्रम में परिवर्तन करना आवश्यक होगा। आर्थिक क्षेत्र में फिलहाल अधिक दबाव नहीं है। हल्की देनदारियां चुकाने के बाद भी सुरक्षित कोष में कमी नहीं आएगी। परिजनों की मांग पूरी करें। रात का समय परिजनों के साथ बीतेगा।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec: [illegible]

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan: [illegible]

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb: [illegible]

PISCES 19 Feb - 20 Mar: [illegible]

जन्मदिन की शुभकामनाएं

[illegible]

कल का पंचांग (शनिवार, 28 फरवरी 2026)

[illegible]

सुडोकू

			7	6				9
		4	2				1	
3	6			4		2		
6	9			3				
1		3				5		4
				1			9	3
		6		8			7	5
	1				2	9		
7				9	1			

TELEVISION

big magic

09:00 [illegible]	14:30 [illegible]
10:00 [illegible]	15:00 [illegible]
11:00 [illegible]	16:30 [illegible]
11:30 [illegible]	19:30 [illegible]
12:00 [illegible]	21:00 [illegible]
13:30 [illegible]	

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTL12 User: cci Time: 02-27-2026 00:20 Color:

फटाफट खबरें

'बताना होगा रजिस्ट्रेशन नंबर'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : सेबी के दायरे में आने वाली सभी संस्थाओं और उनके एजेंटों को सोशल मीडिया पर शेयर बाजार से जुड़ी जानकारी या विडियो पोस्ट करते समय रजिस्टर्ड नाम, रजिस्ट्रेशन नंबर दिखाना होगा। ये नए नियम 1 मई से लागू होंगे। वहीं, सेबी ने उन म्यूचुअल फंड स्कीमों के लिए नियम बदल दिए हैं जो अपने पास फिजिकल सोना और चांदी रखते हैं। अब इन धातुओं की कीमत तय करने के लिए स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा जारी किए जाने वाले स्पॉट प्राइस का इस्तेमाल करना जरूरी होगा।

SBI MF को RBI से मिली मंजूरी

■ पीटीआई, कोलकाता : भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने SBI MF के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें उसने बंधन बैंक में 9.99% तक हिस्सेदारी खरीदने की इच्छा जताई थी। बंधन बैंक ने शेयर बाजारों को बताया कि आरबीआई ने 25 फरवरी 2026 को एक पत्र के जरिए एसबीआई म्यूचुअल फंड को यह इजाजत दी है। बैंक ने कहा, यह मंजूरी कानूनी नियमों के अधीन है।

सेबी लाया 'लाइफ साइकल फंड'

बाजार नियामक ने म्यूचुअल फंड नियमों में किया बड़ा बदलाव

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने गुरुवार को म्यूचुअल फंड स्कीमों की कैटिगरी तय करने के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब स्कीमों के नाम उनके काम के आधार पर होंगे, न कि लुभावने वादों पर। सेबी ने 'लाइफ साइकल फंड्स' के रूप में रिटायरमेंट प्लानिंग का नया विकल्प दिया है। सॉल्यूशन ओरिएंटेड स्कीम को खत्म कर दिया है। निवेशकों की सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डिस्क्लोजर और एक जैसे निवेश (ओवरलैप) नियमों को सख्त कर दिया है।

क्या हुआ बदलाव?

सेबी ने अपने सर्कुलर में स्कीमों को मुख्य रूप से पांच कैटिगरी में बांटा है। इक्विटी (शेयर), डेट (कर्ज), हाइब्रिड, लाइफ साइकल और अन्य स्कीमें। इसमें 'फंड ऑफ फंड' और पैसिव स्कीम' जैसे इंडेक्स फंड या ईटीएफ (ETF) भी शामिल हैं। सर्कुलर के मुताबिक, सॉल्यूशन ओरिएंटेड स्कीम्स की कैटिगरी को तुरंत प्रभाव से बंद कर दिया गया है। इस कैटिगरी की पुरानी स्कीमें अब नया निवेश नहीं ले सकेंगी। सेबी की मंजूरी के बाद इन्हें वैसी ही दूसरी स्कीमों में मर्ज कर दिया जाएगा। इसके अलावा, सेबी ने कहा कि अब विदेशी सिक्योरिटीज (विदेशी निवेश) को एक अलग असेट क्लास नहीं माना जाएगा।

AI Image

क्या हैं लाइफ साइकल फंड्स?

सेबी ने गुरुवार को म्यूचुअल फंड की एक नई कैटिगरी 'लाइफ साइकल फंड्स' की शुरुआत की है। ये ओपन एंडेड' फंड होंगे। यानी इनमें कभी भी पैसा निकाला जा सकता है। लेकिन इनकी मैच्योरिटी पहले से तय होगी। ये फंड उन लोगों के लिए बेहतरीन हैं जो किसी खास लक्ष्य (रिटायरमेंट या बच्चों की पढ़ाई) के लिए निवेश करना चाहते हैं। इसमें 'ग्लाइड पाथ' रणनीति का इस्तेमाल होगा। इसके तहत पैसा अलग-अलग असेट क्लास जैसे इक्विटी (शेयर), डेट, InvITs, कमोडिटी (ETCDs) और गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ में लगाया जाएगा। कंपनियां कम से कम 5 साल और ज्यादा से ज्यादा 30 साल के लिए लॉन्च कर सकती हैं।

इंडेक्स, ETF में क्या बदला?

■ इंडेक्स फंड और ईटीएफ के लिए यह जरूरी है कि उनकी कुल संपत्ति का कम से कम 95% हिस्सा उन्हीं शेयरों या इंडेक्स में निवेश किया जाए जिसे वे ट्रैक कर रहे हैं। फंड ऑफ फंड्स (FoFs) को भी 95% संबंधित फंड्स में निवेश करना होगा। 5 साल से कम मैच्योरिटी वाले डेट निवेश के लिए, 'AA' या उससे बेहतर रेटिंग वाले साधनों में ही निवेश की अनुमति होगी।

■ **ओवरलैप पर सख्ती** : MF कंपनियों को हर महीने वेबसाइट पर बताना होगा कि अलग-अलग स्कीमों का निवेश (पोर्टफोलियो ओवरलैप) एक-दूसरे से कितना मेल खाता है। इसकी गणना हर सिक्योरिटी के वेटेज के आधार पर की जाएगी।

अहम बातें

- स्कीम के नाम में मुनाफे का दावा करने वाले शब्दों पर रोक।
- 'सॉल्यूशन ओरिएंटेड' स्कीमें बंद होंगी, नए निवेश पर रोक।
- 'लाइफ साइकल फंड्स' की शुरुआत, जो उम्र और लक्ष्य के हिसाब से निवेश बदलेंगे।
- MF को हर महीने बताना होगा कि स्कीमों के बीच निवेश में कितना 'ओवरलैप' है।
- विदेशी निवेश को अब अलग असेट क्लास नहीं माना जाएगा।

आंकड़ों पर एक नजर

- **5 कैटिगरी:** स्कीमों को इक्विटी, डेट, हाइब्रिड, लाइफ साइकल और अन्य में बांटा गया है।
- **95% निवेश:** इंडेक्स फंड, ईटीएफ और फंड ऑफ फंड्स (FoFs) के लिए कम से कम इतना निवेश अनिवार्य।
- **5 से 30 साल:** लाइफ साइकल फंड्स की मैच्योरिटी अवधि।
- **6 महीने:** सभी मौजूदा स्कीमों को नए नियमों के पालन के लिए दिया गया समय।

सिम कार्ड बिना WhatsApp नहीं चलेगा, 1 मार्च से नियम लागू होंगे

सरकार ने कहा, सिम बाइंडिंग की डेडलाइन नहीं टलेगी

■ NBT रिपोर्ट: संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को साफ कर दिया है कि वट्सऐप (WhatsApp) और सिग्नल (Signal) जैसे मैसेजिंग ऐप्स के लिए सिम बाइंडिंग (SIM Binding) के नियम लागू करने की डेडलाइन नहीं बढ़ाई जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह फैसला देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसका मतलब यह है कि 1 मार्च से इन ऐप्स को अपने अकाउंट्स को सिम कार्ड से जोड़ना अनिवार्य होगा। अब ये ऐप्स केवल तभी काम करेंगे जब वह रजिस्टर्ड सिम कार्ड असल में उसी डिवाइस (फोन) में मौजूद हो और चालू हो। ET के मुताबिक, दूरसंचार विभाग (DoT) ने 28 नवंबर को साइबर सुरक्षा नियमों के तहत सभी ओटीटी (OTT) ऐप्स को इस नियम का पालन करने के लिए 90 दिनों का समय दिया था।

ज्योतिरादित्य सिंधिया

मेटा, गूगल और टेलीग्राम जैसी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठनों (IAMAI और BIF) ने इन नियमों का विरोध किया है।

कंटेंट क्रिएटर्स को भी हिस्सा दें डिजिटल प्लैटफॉर्म्स: वैष्णव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सूचना-प्रसारण, रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि डिजिटल प्लैटफॉर्म्स को अपने पास दिखाए जाने वाले कंटेंट की जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्हें कंटेंट बनाने वालों (क्रिएटर्स) और न्यूज ऑर्गनाइजेशन के साथ कमाई का उचित हिस्सा भी बांटना होगा। अगर कंटेंट बनाने वालों को उनकी मेहनत का सही पैसा नहीं मिला, तो भविष्य में नई सोच और इनोवेशन खत्म हो जाएगी।

राजधानी में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए वैष्णव ने एआई (AI) से बने कंटेंट को रेगुलेट करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति का चेहरा, आवाज या व्यक्तित्व उसकी इजाजत के बिना एआई के जरिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। वैष्णव ने कहा, प्लैटफॉर्म्स को अपने कंटेंट की जिम्मेदारी उठानी होगी। बच्चों और आम नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा की जिम्मेदारी इन्हीं की है।

FILE

उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा का सम्मान होना चाहिए और उसका सही मेहनताना मिलना चाहिए। समाज की प्रगति इसी बात पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लैटफॉर्म्स को न केवल बड़े समाचार संगठनों के साथ, बल्कि दूर-दराज के इलाकों में काम करने वाले स्वतंत्र क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर्स, प्रोफेसरों और रिसर्चर्स के साथ भी कमाई का सही हिस्सा बांटना चाहिए। मंत्री ने कहा, अगर वे खुद से कदम नहीं उठाते, तो इसके लिए कानूनी रास्ते भी मौजूद हैं।

'बढ़ सकती है ग्रीन स्टील की मांग'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII)- ग्रीन बिजनेस सेंटर की ओर से विकसित और क्लाइमेट कैटालिस्ट के सहयोग से तैयार की गई एक नई उद्योग तत्परता आकलन रिपोर्ट में पाया गया कि भारत ग्रीन पब्लिक प्रोक्योरमेंट (GPP) को अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। अगर इसे अनिवार्य बना दिया जाए तो इससे साल 2028 से प्रमाणित कम-कार्बन स्टील के लिए एक बड़ा बाजार बन सकता है। इसमें कहा गया कि सार्वजनिक खरीद पर हर साल 40-50 लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं और सरकारी योजनाओं में करीब 3.16 करोड़ टन स्टील की खपत होती है और इससे पैदा हुए 2024 में 7 करोड़ टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ। अध्ययन के अनुसार अगर केवल 26% का मामूली अनिवार्य लक्ष्य भी तय कर दिया जाए तो साल 2030 तक प्राथमिक और द्वितीयक स्टील उत्पादकों से 1.6 करोड़ टन प्रमाणित ग्रीन स्टील की मांग पैदा हो सकती है।

अनिल अंबानी, RCOM पर CBI ने नया केस दर्ज किया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने उद्योगपति अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (RCOM) के खिलाफ एक नया केस दर्ज किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने 2013 से 2017 के बीच बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ धोखाधड़ी की। इससे बैंक को 2,220 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ। अधिकारियों ने [illegible]

बैंक ऑफ बड़ौदा को 2,220 करोड़ की चपत लगाने का आरोप

PTI

रिलायंस ग्रुप चेयरमैन अनिल अंबानी से ED ने नौ घंटे तक पूछताछ की।

[illegible] तलाशी ली है। इस दौरान कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए हैं। FIR के मुताबिक, रिलायंस कम्युनिकेशंस ने बैंक से जो लोन लिया था, उसे उस काम में [illegible]

वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी से नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। यह जांच उनके समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) द्वारा कथित रूप से 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से संबंधित है। एक अलग मामले में अनिल अंबानी को शुक्रवार को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

भारत आए US के मंत्री, ट्रेड पर गोयल से चर्चा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका के कॉमर्स मिनिस्टर हॉवर्ड लुटनिक और भारत के लिए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से उनकी मुलाकात हुई और उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत बनाने पर चर्चा की।

गोयल और लुटनिक की यह मुलाकात अमेरिकी टैरिफ से बने हालात में अहम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए जवाबी टैरिफ कहा को सुप्रीम कोर्ट से खारिज होने के बाद ट्रंप प्रशासन ने भारत सहित सभी देशों पर 10% टैरिफ लगा दिया है।

इस घटनाक्रम के चलते भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने से जुड़ा भारतीय अधिकारियों का अमेरिकी दौरा टल गया। 23 फरवरी से अमेरिका में इस पर बात होनी थी। दोनों देशों ने 7 फरवरी को संयुक्त बयान जारी किया था और मार्च के मध्य तक समझौते की कानूनी बातों को अंतिम रूप देने की तैयारी है। इससे पहले गोयल ने कहा था कि अप्रैल में अंतरिम व्यापार समझौता लागू करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। इस हफ्ते मंगलवार को उन्होंने कहा था कि अमेरिका में टैरिफ की तस्वीर जैसे ही ज्यादा साफ होगी, भारत यह बातचीत दोबारा शुरू करेगा।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल (बीच में), अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक (बाएं) और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ।

लुटनिक भारतीय मूल के अरबपति अमेरिकी बिजनेस एग्जिक्यूटिव की बेटी की शादी के सिलसिले में भारत आए हैं। यूपी में जन्मे और गूगल सहित कई बड़ी कंपनियों में ऊंचे ओहदों पर रह चुके इन टॉप बिजनेस एग्जिक्यूटिव की बेटी की शादी इसी हफ्ते भारत में होनी है।

गोयल ने X पर एक पोस्ट में कहा, 'अमेरिका के कॉमर्स मिनिस्टर हॉवर्ड लुटनिक और अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की मेजबानी की। हमारी आर्थिक और व्यापार साझेदारी को बढ़ाने के लिए बहुत सार्थक चर्चा हुई।'

> अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और राजदूत सर्जियो गोर की मेजबानी की। हमारी आर्थिक और व्यापार साझेदारी को बढ़ाने के लिए बहुत सार्थक चर्चा हुई। -पीयूष गोयल, -वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

इंपोर्टर्स के लिए मार्च से नई सुविधा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से आम बजट में की गई घोषणा के मुताबिक मैन्युफैक्चरर-इंपोर्टर्स को अगले महीने से एक अहम सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। वे आयातक आयात के दिन माल उठा सकेंगे और उनके पास 30 दिनों में कस्टम्स ड्यूटी चुकाने का विकल्प होगा। रेवेन्यू डिपार्टमेंट अगले महीने से यह सुविधा शुरू करेगा। एक सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वित्त मंत्री ने कहा था कि मैन्युफैक्चरर-इंपोर्टर्स को ऑथराइज्ड इकनॉमिक ऑपरेटरों जैसी ही ड्यूटी डेफरल फैसिलिटी मिलेगी। नैशनल सिंपोजियम ऑन कस्टम्स रिफॉर्म्स-26 में संबोधन में रेवेन्यू विभाग में संयुक्त सचिव (कस्टम्स) अनुपम प्रकाश ने कहा कि 30 दिनों की ड्यूटी डेफरल फैसिलिटी मार्च से शुरू होगी, इन आयातकों को लिक्विडिटी के मामले में आसानी होगी।

सेंसेक्स 27 अंक गिरा, सोना-चांदी हुए सस्ते

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : गुरुवार को सेंसेक्स 27.46 अंक गिरकर 82,248.61 पर बंद हुआ। एचडीएफसी बैंक और कुछ दूसरी बड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली की वजह से बाजार पर दबाव बना रहा। दूसरी ओर, NSE निफ्टी केवल 14.05 अंक की मामूली बढ़त के साथ 25,496.55 पर बंद हुआ।

वहीं, दिल्ली में चांदी की कीमतों में 7,400 रुपये की बड़ी गिरावट आई। ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, चांदी का भाव करीब 3 प्रतिशत (7,400 रुपये) गिरकर 2,70,500 रुपये प्रति किलो पर आ गया। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत करीब 1 प्रतिशत (1,300 रुपये) घटकर 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

देश

फटाफट खबरें

बीजापुर में दो नक्सली ढेर

■ भाषा, रायपुर: छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ स्थल से एसएलआर राइफल, इंसास राइफल और 12 बोर की राइफल समेत हथियार, विस्फोटक समेत अन्य सामग्री भी मिली।

फाल्कन समूह के पूर्व COO अरेस्ट

■ भाषा, हैदराबाद : तेलंगाना CID ने 792 करोड़ की निवेश धोखाधड़ी मामले में फाल्कन समूह के पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (COO) विकास कुमार सरकार को गिरफ्तार किया। मामला फाल्कन इनवॉइस डिस्काउंटिंग ऐप्लिकेशन बनाकर निवेशकों को धोखा देने से जुड़ा है।

गोवा क्लब अग्निकांड में चार्जशीट दाखिल

■ भाषा, पणजी : गोवा पुलिस ने पिछले साल दिसंबर में 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब में हुए अग्निकांड में गुरुवार को कोर्ट में 13 लोगों के खिलाफ 4,150 पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी। इसमें 306 गवाहों के बयान हैं। इस घटना में 25 लोगों की मौत हो गई थी।

'द केरल स्टोरी-2' की रिलीज पर रोक

■ पीटीआई, कोच्चि : केरल हाई कोर्ट ने फिल्म 'द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड' की रिलीज पर अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में ऐसा लगता है कि फिल्म को प्रमाणपत्र देते समय केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) ने अपने विवेक का सही इस्तेमाल नहीं किया।

मानहानि केस में संजय राउत बरी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मानहानि केस में मुंबई सेशन कोर्ट ने गुरुवार को शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत को बरी कर दिया। बीजेपी के पूर्व सांसद किरीट सोमैया की पत्नी मेधा ने यह केस फाइल किया था। मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने राउत को इस मामले में 15 दिन के कारावास की सजा सुनाई थी, जिसे सेशन कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

पूरे देश में ग्रेड आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली लाने की तैयारी

जिम्मेदारी से वाहन चलाने को दिया जाएगा बढ़ावा

■ भाषा, नई दिल्ली

सरकार सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और जिम्मेदारी से वाहन चलाने को बढ़ावा देने के लिए ग्रेड आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली लागू करने की योजना बना रही है।

राष्ट्रीय राजधानी में उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सम्मेलन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि यातायात उल्लंघन पर कुछ अंक काटे जाएंगे। यदि सभी अंक समाप्त हो जाते हैं तो दोषी का लाइसेंस छह महीने के लिए निलंबित किया जा सकता है या अपराध दोहराने पर रद्द भी किया जा सकता है। यह योजना जल्द ही शुरू की जाएगी।

नितिन गडकरी

मंत्री ने कहा कि पीएम राहत योजना (रोड एक्सिडेंट विक्टिम हॉस्पिटलाइजेशन एंड एश्योर्ड ट्रीटमेंट) के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए आपातकालीन सहायता प्रणाली उपलब्ध है। इस योजना के अंतर्गत किसी भी श्रेणी की सड़क पर दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को दुर्घटना की तारीख से सात दिन तक 1.5-1.5 लाख रुपये तक का नकद रहित (कैशलेस) उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

हर साल 5 लाख हादसे, 1.8 लाख लोगों की मौत

देश में हर वर्ष करीब 1.8 लाख लोगों की मौत मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाने, तेज रफ्तार, गलत दिशा में जाने या नशे में गाड़ी चलाने जैसे कारणों से होती है। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों में से 72 प्रतिशत 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के लोग हैं। 18 वर्ष से कम आयु के 10,119 लोगों की दुर्घटनाओं में जान गई। हेलमेट का उपयोग न करने से 54,122, सीट बेल्ट का इस्तेमाल न करने से 14,466 जबकि तेज रफ्तार के कारण 1.2 लाख लोगों की जान गई। अन्य कारणों में गलत दिशा में व नशे में वाहन चलाना और मोबाइल फोन का इस्तेमाल शामिल है।

पीड़ितों को आरोपपत्र की कॉपी दें CBI, SIT : SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : एक महत्वपूर्ण आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को CBI और SIT मणिपुर को निर्देश दिया कि वे वर्ष 2023 की मणिपुर जातीय हिंसा से जुड़े मामलों में दाखिल चार्जशीट की प्रतियां पीड़ितों और उनके परिवारों को उपलब्ध कराएं।

मणिपुर जातीय हिंसा

सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश महाराष्ट्र पुलिस के पूर्व महानिदेशक दत्तात्रय पडसलगीकर की 12वीं स्टेटस रिपोर्ट को देखने के बाद जारी किए। उन्हें मणिपुर के आपराधिक मामलों की जांच की निगरानी का दायित्व सौंपा गया था। अपनी रिपोर्ट में उन्होंने कहा कि सीबीआई ने 20 हिंसा मामलों में विशेष अदालत के समक्ष आरोपपत्र दाखिल कर दिए हैं, जबकि छह अन्य एफआईआर में जांच जारी है और अगले छह महीनों में पूरी कर ली जाएगी।

FILE

अरावली पर विशेषज्ञ पैनल बनेगा: SC

■ पीटीआई, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय और अन्य पक्षों से कहा है कि वे अरावली की स्पष्ट परिभाषा तय करने के लिए विशेषज्ञों के नाम सुझाएं। कोर्ट ने साफ किया कि क्षेत्र में सिर्फ वैध खनन ही होगा। पहले दी गई एकरूप परिभाषा पर रोक जारी रहेगी। बेंच ने कहा कि अंतिम फैसला विशेषज्ञों की राय के बाद लिया जाएगा।

चुनावी खर्च के मुद्दे पर केंद्र से मांगा जवाब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा अनियंत्रित चुनावी खर्च का मुद्दा उठाया गया है। याचिका में कहा गया है कि चुनावों में धनबल का बढ़ता प्रभाव चुनावी निष्पक्षता, राजनीतिक अवसरों की समानता तथा संसदीय लोकतंत्र की प्रतिनिधिक प्रकृति को गंभीर रूप से कमजोर कर रहा है।

दरबार साहिब के हेड ग्रंथी को हटाया

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी की गुरुवार को अंतरिम बैठक में ज्ञानी रघुबीर सिंह को हरमंदिर साहिब के हेड ग्रंथी के पद से सेवानिवृत्त कर दिया गया।

एसजीपीसी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने इस फैसले की पुष्टि करते हुए ज्ञानी रघुबीर सिंह पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। ज्ञानी रघुबीर सिंह की तरफ से एसजीपीसी पर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे।

'रेल टेक' पोर्टल लॉन्च, RCT भी डिजिटल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: रेलवे में सुरक्षा, साफ-सफाई और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को दो बड़े सुधारों की घोषणा की। 'रेल टेक पॉलिसी' लॉन्च की गई और 'रेल टेक' नाम से एक पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल पर इनोवेटर्स और स्टार्टअप अपने आइडिया अपलोड कर सकते हैं। रेलवे को जो आइडिया पसंद आएगा, उसे 50% तक की ग्रांट दी जा सकती है। दूसरी घोषणा अगले 12 महीनों में देश की सभी 23 रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल बेंच पूरी तरह डिजिटल बनाने की है। इससे मामलों का तेजी से निपटारा होगा।

क्राइम कंट्रोल में AI और डेटा एनालिसिस निर्णायक: अमिताभ

कार्यक्रम के दौरान एडीजी एलओ अमिताभ यश, नाइपर की डायरेक्टर प्रो.शुभिनी ए सराफ और UPSIFS के डायरेक्टर डॉ.जीके गोस्वामी भी मौजूद रहे।

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

एडीजी एलओ/एसटीएफ अमिताभ यश ने कहा कि आज क्राइम कंट्रोल में डेटा एनालिसिस और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। दो दशक पहले ही स्पष्ट हो गया था कि भविष्य की कानून-व्यवस्था डेटा और डिजिटल तकनीक पर आधारित होगी। एआई-सक्षम विश्लेषण, रियल-टाइम सर्विलांस, फेशियल रिकग्निशन, साइबर मॉनिटरिंग और डिजिटल डेटा प्रोसेसिंग ने पुलिसिंग को नई दिशा दी है। वह गुरुवार को उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ फरेंसिक साइंस (UPSIFS) में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

तकनीक का लक्ष्य-नागरिक की सुरक्षा व त्वरित न्याय : अमिताभ यश ने कहा कि UPSIFS अब केवल शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि नवाचार और बहु-विषयक शोध का महत्वपूर्ण मंच बन गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अत्याधुनिक तकनीक और संसाधन उपलब्ध करा रही है। साइबर पुलिस स्टेशनों की स्थापना और तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती तेजी से हो रही है। पारंपरिक पुलिसिंग अब डिजिटल प्लैटफॉर्म आधारित मॉडल में बदल रही है। उन्होंने कहा कि तकनीक का अंतिम उद्देश्य आम नागरिक को सुरक्षित माहौल और त्वरित न्याय उपलब्ध करवाना है।

विशिष्ट अतिथियों ने रखे विचार : बीएसआईपी निदेशक प्रो. महेश जी. ठक्कर ने एआई और साइबर सुरक्षा के बढ़ते संबंधों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि उनका संस्थान पृथ्वी की उत्पत्ति से लेकर जटिल डीएनए प्रणालियों तक कई वैज्ञानिक क्षेत्रों में कार्य करता है और तकनीक का जिम्मेदार उपयोग भविष्य की जरूरत है। नाइपर रायबरेली की निदेशक प्रो.शुभिनी ए. सराफ ने कहा कि अब विज्ञान अलग-अलग खांचों में नहीं बंटा है। बहु-विषयक सहयोग ही भविष्य है। एआई, फरेंसिक टॉक्सिकॉलजी और ड्रग एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में दोनों संस्थानों के बीच सहयोग की बड़ी संभावनाएं हैं।

UPSIFS में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

नाइपर और बीएसआईपी से UPSIFS ने किया MoU

समापन सत्र के दौरान ADG की अध्यक्षता में UPSIFS ने नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन ऐंड रिसर्च (नाइपर) रायबरेली व बीरबल साहनी इंस्टिट्यूट ऑफ पैलियोसाइंसेज (बीएसआईपी) लखनऊ के साथ एमओयू साइन किया। इससे राज्य में रिसर्च, इनोवेशन और वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में संस्थान के कॉलेज मैनेजमेंट ऐप 'सैंडी' का भी शुभारंभ किया गया, जिसे डॉ.नेहा सिंह और विद्यार्थियों ने विकसित किया है।

आप की 'रोजगार दो-सामाजिक न्याय दो पदयात्रा' 4 अप्रैल से

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : आम आदमी पार्टी यूपी में अपनी 'रोजगार दो- सामाजिक न्याय दो पदयात्रा' का चौथा चरण चार अप्रैल 2026 से शुरू करेगी। यह पदयात्रा ब्रज क्षेत्र में आगरा से शुरू होकर नौ अप्रैल को मथुरा में खत्म होगी। यह जानकारी आप के प्रदेश प्रभारी और सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। इसके साथ ही उन्होंने यूपी के बजट को 'आंकड़ों की सुनियोजित बाजीगरी' करार दिया।

उन्होंने कहा कि सरकार पहले 2025-26 के निर्धारित बजट को संशोधित कर बड़े पैमाने पर घटाती है और फिर उसी घटे हुए आंकड़े की तुलना कर नई घोषणा में 17%, 25% या 59% वृद्धि का शोर मचाती है। यह सीधा-सीधा जनता को भ्रमित करने का प्रयास है। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा किसी की सगी नहीं है और यह अपने हितों के लिए शंकराचार्य को भी टारगेट करने पर तुली हुई है। शंकराचार्य पर जो कार्रवाई हो रही है वह एक सोची समझी साजिश के तहत हो रही है। आप शंकराचार्य के साथ खड़ी है। आप इस मामले को सड़क से संसद तक लेकर जाएगी।

छात्राओं के लिए स्कूलों में अलग हों शौचालय: ACS

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी स्कूलों में 8 मार्च तक छात्राओं के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था की जाए।

अपर मुख्य सचिव ने गुरुवार को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग से परिषदीय स्कूलों की आधारभूत सुविधाओं, योजनाओं के क्रियान्वयन और शैक्षिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पीएमश्री योजना में चयनित स्कूलों में विकास और शैक्षिक गतिविधियों को तेजी से लागू करने तथा आने वाले दिनों में परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाओं के बेहतर करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम पोषण योजना के तहत नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था बनाए रखने, समग्र शिक्षा के तहत केजीबीवी, निर्माण कार्य, प्री-प्राइमरी शिक्षा, बाल वाटिका और शिक्षण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरणों का वितरण भी समयबद्ध रूप करने के निर्देश दिए।

ज़रूरी नहीं कलम जिसकी हो लफ्ज़ भी उसी के हों: अखिलेश

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांशीराम जयंती के अवसर पर 15 मार्च को 'पीडीए दिवस' मनाने की नई शुरुआत करते हुए बसपा पर परोक्ष हमला किया। उन्होंने कहा कि यह दिवस उन लोगों को समर्पित है जिन्होंने पीड़ित, दुखी और अपमानित वर्गों के मान-सम्मान, उत्थान और बराबरी के लिए काम किया तथा किसी वर्चस्ववादी ताकत का साथ नहीं दिया।

अखिलेश ने दावा किया कि इस फैसले से पूरा 'पीडीए समाज' खुश है क्योंकि कांशीराम जैसे पीडीए महापुरुषों के मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प फिर से मजबूत हो रहा है। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि जरूरी नहीं कलम जिसकी हो, शब्द भी उसी के हों, कई बार लिखने वाले और लिखवाने वाले अलग होते हैं। उन्होंने समाज को बांटकर सत्ता बचाने वाली नकारात्मक, विभाजनकारी ताकतों पर साजिश का आरोप लगाया। सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी के अनुसार अखिलेश ने हर पीड़ित को पीडीए का हिस्सा बताया।

सपा के 'पीडीए दिवस' को मायावती ने बताया नौटंकी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ में सपा द्वारा 15 मार्च को बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती को 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने के ऐलान पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर कहा कि जिन लोगों ने 2 जून 1995 को लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस में उनकी हत्या की कोशिश की थी, वही आज कांशीराम की जयंती को पीडीए दिवस बनाकर राजनीतिक नौटंकी कर रहे हैं।

मायावती ने यह भी आरोप लगाया कि सपा ने कांशीराम के नाम पर बने जिले का नाम तक बदल दिया था। उन्होंने सपा पर दलितों और बहुजन समाज के संतों, गुरुओं व महापुरुषों के अनादर का आरोप लगाते हुए कहा कि शोषण, अत्याचार और जुल्म-ज्यादती का सपा का लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने 1993 के सपा-बसपा गठबंधन का हवाला देते हुए लिखा कि सरकार बनने के बावजूद दलितों व कमजोर वर्गों पर अन्याय-अत्याचार रोकने की शर्त के बाद भी तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का रवैया नहीं बदला। इसी कारण बसपा ने 1 जून 1995 को समर्थन वापस लिया और अगले दिन 2 जून को गेस्ट हाउस कांड हुआ। वहीं सपा ने पदाधिकारियों को पत्र भेजकर कहा है कि कांशीराम ने मंडल आयोग के समर्थन में आंदोलन खड़ा किया और 1992 में मुलायम सिंह यादव के साथ बहुजन समाज बनाओ अभियान को तेज किया था। मायावती ने दलितों व बसपा समर्थकों से सपा की कथित दलित-विरोधी, जातिवादी राजनीति से दूर रहने की अपील की।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTL13 User: cci Time: 02-26-2026 23:51 Color:

"हम अधिकतर समय नकारात्मक बातें ही सुनते हैं। यह श्रीलंका में क्रिकेट के लिए नुकसान है। लेकिन कम से कम भविष्य के लिए सरकार हस्तक्षेप करके नकारात्मक बातों को रोक सकती है।" -दसुन शनका, श्रीलंका, कप्तान

कुल मैच 48 | टोटल रन 14887 | विकेट गिरे 613 | 1219 (4) बाउंड्री मीटर 630 (6) | हाइएस्ट स्कोर: प्लेयर 110 (युवराज सामरा, कनाडा), टीम 256/4 (भारत Vs जिंबाब्वे) | बैटर नंबर-1: 283 एस फरहान (पाकिस्तान) | बॉलर नंबर-1: 13 शैडली वान (यूएसए)

*आंकड़े गुरुवार को भारत Vs जिंबाब्वे मुकाबले तक

अहम मुकाबले में जिंबाब्वे को दी शिकस्त, अब वेस्टइंडीज से भिड़ंत तय करेगी सेमीफाइनल की सीट

चेन्नै में अपने रंग में लौट आई टीम इंडिया

8 आठ विकेट लिए हैं शाहीन शाह अफरीदी और एंजेलो मैथ्यूज ने टी20 वर्ल्ड कप में इनिंग्स के पहले ओवर में। यह वर्ल्ड कप में पारी के पहले ओवर में सर्वाधिक विकेट निकालने का रेकॉर्ड है

चेन्नै से लाइव
Rupesh.Singh@timesofindia.com

■ **चेन्नै:** गुरुवार शाम जिंबाब्वे के खिलाफ मुकाबला शुरू होने से पहले टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका की वेस्टइंडीज पर जीत की खबर ने शायद बड़ी राहत पहुंचाई। इसके बाद अपने सुपर-8 मुकाबले में 'ब्लू आर्मी' (भारतीय क्रिकेट टीम) ने अपना वो रंग दिखाया जिसने उसे इस खिताब का दावेदार बनाया था। वहीं अभी तक टूर्नामेंट में फीके रहे ओपनर अभिषेक शर्मा (55 रन, 30 बॉल, 4 फोर, 4 सिक्स) इस बार अपनी पहचान के अनुरूप विपक्षी टीम का रंग उड़ा देने वाली पारी खेलने में कामयाब रहे। जबकि धीमी बल्लेबाजी के लिए आलोचना का शिकार हो रहे तिलक वर्मा की छठे क्रम पर बैटिंग करते हुए 16 गेंद पर 44 रन की नाबाद पारी और हार्दिक पंड्या (50* रन, 23 बॉल, 2 फोर, 4 सिक्स) के साथ 31 बॉल पर 84 रन की साझेदारी करके भारत की 72 रन की बड़ी जीत की कहानी लिखी। इस जीत के बाद अब भारत का रविवार को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाला मुकाबला एक तरह से क्वॉर्टर फाइनल मैच होगा, जहां जीत दर्ज करने वाली टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएगी।

अभिषेक ने घुमाई जादू की छड़ी: लगातार चार मैच में फ्लॉप होने के बाद भी टीम मैनेजमेंट का विश्वास नहीं खोने वाले अभिषेक ने वो पारी खेली जिसका इंतजार 140 करोड़ से ज्यादा लोग कर रहे थे। अभिषेक ने हालांकि अपने टी20 इंटरनैशनल करियर की सबसे धीमी फिफ्टी प्लस (183.33 स्ट्राइक रेट) पारी खेली, लेकिन उनकी वह पारी टीम को टी20 वर्ल्ड कप के दूसरे हाइएस्ट टोटल 256/4 पर पहुंचा गई। जवाब में जिंबाब्वे की टीम ने 6 विकेट पर 184 रन बनाए।

अभिषेक का बल्ला किसी जादू की छड़ी की तरह चला जिसने टीम इंडिया की बैटिंग परेशानियों का भी एक साथ इलाज कर दिया। मुकाबले में नए कॉम्बिनेशन के साथ उतरी टीम इंडिया के लिए हर बल्लेबाज ने प्रभावशाली पारी खेली। अभिषेक के अलावा हार्दिक ने पारी की आखिरी दो गेंदों पर दो सिक्स के साथ 23 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया।

बेनेट को नहीं मिला साथ: अभी तक टूर्नामेंट में दो करिश्माई जीत हासिल करने वाली जिंबाब्वे की टीम के लिए लक्ष्य बहुत बड़ा साबित हुआ। हालांकि ग्रुप स्टेज में नॉट आउट रहने वाले ओपनर ब्रायन बेनेट ने एक छोर संभाल कर 97* रन की अविजित पारी खेली। यदि दूसरे छोर से उन्हें एक आक्रामक पारी का साथ मिल जाता तो यह मुकाबला नजदीकी हो जाता। जिंबाब्वे ने अपनी पारी के दौरान शिवम दुबे के एक ओवर में 26 रन बनाए।

संजू ने तेज धड़कनों को थामा: इससे पहले भारी दबाव में संजू सैमसन और अभिषेक की नई भारतीय जोड़ी मुकाबले में पारी का आगाज करने उतरी। स्टेडियम में संजू के नाम की गूंज तब और तेज हो गई जब उन्होंने एनगरावा की दूसरी ही गेंद पर सामने की तरफ फ्लैट सिक्स जड़ डाला। अगले ओवर में संजू ने मुजराबानी पर भी एक सिक्स जड़ा और मुकाबले की शुरुआत में चलने वाली तेज धड़कन को थोड़ा धीमा किया। भारत को अच्छी शुरुआत मिल गई थी लेकिन वो पारी का तीसरा ओवर था जिसने भारत के रनों की रफ्तार को टॉप गियर में डाला। मापोसा का यह ओवर कुल नौ गेंदों और 23 रन का था। इन 23 में से 15 रन अभिषेक के बल्ले से आए, जोकि उनके द्वारा पिछले चार मैच में बनाए गए कुल रन के बराबर थे। इस ओवर ने अभिषेक को अपने हाथ खोलने और आत्मविश्वास वापस हासिल करने में मदद की।

ईशान-अभिषेक ने जमाया रंग: चौथे ओवर में संजू आउट हो गए। वह एक बार फिर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके लेकिन 15 गेंद पर 24 रन की उनकी पारी ने अभिषेक-ईशान को अपना हुनर दिखाने का मजबूत मंच दे दिया। इन दोनों ने साधारण गेंदबाजी को निशाने पर लिया और पावरप्ले में टीम का टोटल एक विकेट पर 80 रन पहुंचा दिया। इसमें अभिषेक के नाम 13 गेंद पर 33 रन थे और ईशान के नाम 9 गेंद पर 15 रन। इन दोनों ने 42 गेंद पर 72 रन की साझेदारी करके बड़े टोटल की नींव डाली।

दिखा हार्दिक के लिए क्रेज: हालांकि इस दौरान भारत ने 10 ओवर्स तक भारत ने 109 रन टांग कर बड़े टोटल की तरफ कदम बढ़ा दिए थे। अभिषेक ने भी 26 गेंदों पर 4 फ्री-फ्लो सिक्स से सजी अपनी फिफ्टी पूरी की। अभिषेक इससे बाद मापोसा की एक स्लोअर ऑफ कटर की चाल में फंस गए। उन्हें अपने शॉट में उतनी ताकत नहीं मिली और लॉन्ग ऑन पर सिकंदर ने कैच के साथ उनकी पारी का अंत किया। अभिषेक के आउट होते ही स्टेडियम में छाया सन्नाटा एक शोर में बदल गया, जब हार्दिक पंड्या ने मैदान में एंट्री ली। हार्दिक के क्रेजी फैंस उनके आते ही सिक्स की डिमांड करने लगे और अपनी तीसरी ही गेंद पर इस ऑलराउंडर ने इच्छा पूरी भी कर दी। उधर जीवनदान का सूर्या ने पूरा फायदा उठाकर अगली आठ गेंदों पर 25 रन ठोक दिए।

भारत VS जिंबाब्वे सुपर-8 का मैच

11 वीं फिफ्टी जड़ी अभिषेक शर्मा ने टी20 इंटरनैशनल में। भारतीय ओपनरों के बीच यह तीसरा संयुक्त सर्वाधिक है। उनसे आगे रोहित शर्मा (32), केएल राहुल (21)। शिखर धवन की भी 11 फिफ्टी हैं

टी20 वर्ल्ड कप 2026

अभिषेक शर्मा

55	30	4	4
रन	बॉल	फोर	सिक्स

टीम ने तोड़ा डाला दो दशक पुराना रेकॉर्ड

अभी तक अपनी धीमी बैटिंग के कारण आलोचना झेल रहे और बल्लेबाजी क्रम में डिमोट किए गए तिलक आते ही चौके से खाता खोला और स्लॉग ओवर्स में गेंद पर प्यार से जोरदार प्रहार करने का नजारा पेश किया। उन्होंने 10 गेंदों पर 28 रन ठोक दिए, जिससे भारत ने 18वें ओवर में 220 रन के मार्क को हासिल कर टी20 वर्ल्ड कप में अपने पिछले हाइएस्ट टोटल का रेकॉर्ड तोड़ा। पिछला हाइएस्ट 218 रन था जो 2007 के वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ बना था। इसके बाद अंतिम तीन ओवर्स में तिलक और हार्दिक ने दर्शकों को अपनी सीट पर बैठने का मौका नहीं दिया। दोनों ने मिलकर इन तीन ओवर्स में 19, 21 और 15 रन जड़कर टीम टोटल को 250 के पार पहुंचाया। हार्दिक ने पारी की अंतिम दो गेंद पर दो सिक्स के साथ 23 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली।

80 रन बनाए भारत ने पावरप्ले में। यह मौजूदा टूर्नामेंट के पावरप्ले में बनाया गया उनका दूसरा हाईएस्ट है

स्कोरकार्ड

भारत: संजू सैमसन कॉ बर्ल बो मुजाराबानी 24, अभिषेक शर्मा कॉ रजा बो मपोसा 55, ईशान किशन कॉ एनगारवा कॉ रजा 38, सूर्यकुमार यादव कॉ मुसेकिवा बो एनगारवा 33, हार्दिक पंड्या नॉट आउट 50, तिलक वर्मा नॉट आउट 44 **एक्स्ट्राज:** 12 **टोटल:** 20 ओवर्स में 4 विकेट पर 256 रन **विकेट:** 1-48, 2-120, 3-150, 4-172 **बोलिंग:** रिचर्ड एनगारवा 4-0-62-1, ब्लेसिंग मुजाराबानी 4-0-43-1, तिनोतेंडा मापोसा 2-0-40-1, ब्रैड इवांस 4-0-52-0, सिकंदर रजा 3-0-29-1, ब्रायन बेनेट 2-0-16-0, रयान बर्ल 1-0-10-0

जिंबाब्वे: ब्रायन बेनेट नॉट आउट 97, तादिवांशे मारुमनी कॉ ईशान बो अक्षर 20, डियोन मायर्स कॉ तिलक बो चक्रवर्ती 6, सिकंदर रजा कॉ अभिषेक बो अर्शदीप 31, रयान बर्ल एलबीडब्ल्यू बो अर्शदीप 0, टोनी मुनयोंगा बो अर्शदीप सिंह 11, तशिंगा मुसेकिवा कॉ सैमसन बो दुबे 7, ब्रैड इवांस नॉट आउट 1 **एक्स्ट्राज:** 11 **टोटल:** 20 ओवर्स में छह विकेट पर 184 रन **विकेट:** 1-44, 2-72, 3-144, 4-144, 5-162, 6-173 **बोलिंग:** अर्शदीप सिंह 4-0-24-3 हार्दिक पंड्या 3-0-21-0, जसप्रीत बुमराह 3-0-21-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-35-1, अक्षर पटेल 4-0-35-1, शिवम दुबे 2-0-46-1

17 सिक्स लगाए भारत ने पारी में। यह टी20 वर्ल्ड कप के एक मैच में उसके सर्वाधिक सिक्स हैं। पिछला रेकॉर्ड 15 सिक्स (Vs ऑस्ट्रेलिया, 2024) का था

वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. सुपर-8 में पाकिस्तान की टीम अपना आखिरी मुकाबला किस टीम के खिलाफ खेलेगी?
A) श्रीलंका B) न्यूजीलैंड C) इंग्लैंड D) भारत

2. वेस्टइंडीज-साउथ अफ्रीका सुपर-8 मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच किसे चुना गया?
A) मार्को यानसेन B) रोमारियो शेफर्ड C) एडेन मार्करम D) कगिसो रबाडा

कल के जवाब
1. A) शाई होप 2. C) सा. अफ्रीका

लकी WINNERS

1 भावना कुमारी, मोती बाग, नई दिल्ली

2 महेंद्र जैन, गुरुग्राम, हरियाणा

3 अरनव निगम, पवई, मुंबई

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

कलकल ने जीता गोल्ड

■ **तिराना:** सुजीत कलकल ने मुहामेट माली 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में पुरुषों की 65 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। भारतीय पहलवान ने फाइनल में अजरबैजान के राशिद बाबाजादे को 10-0 से हराया। उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका के जोसेफ मैककेना पर 11-0 से जीत हासिल की थी।

भारतीय टीम ने खेला ड्रॉ

■ **नई दिल्ली:** भारत की अंडर-20 विमिंस फुटबॉल टीम ने स्वीडन के लिडिंगो स्थित बोसान नैशनल स्पोर्ट्स सेंटर में स्वीडिश क्लब एनरवेडे आईके टीम के खिलाफ फ्रेंडली मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। भारत के लिए सिबानी देवी नोंगमेइकापम ने एकमात्र गोल किया।

टॉप पर गोवा एफसी

■ **मडगांव:** एफसी गोवा ने स्पोर्टिंग दिल्ली को इंडियन सुपर लीग के मैच में 1-0 से हराया। यह टीम की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत है। टीम अंक तालिका में सात पॉइंट्स के साथ टॉप पर पहुंच गई है। गोवा के लिए मैच का एकमात्र गोल देयान ड्राजिक ने 43वें मिनट में किया।



प्रोटियाज पावर के आगे वेस्टइंडीज ढेर

सा. अफ्रीका VS वेस्टइंडीज सुपर-8 का मैच

■ **एजेंसियां, अहमदाबाद:** कप्तान एडेन मार्करम की 82* रनों की अविजित पारी और उनकी दो साझेदारियों की बदौलत साउथ अफ्रीका ने गुरुवार को सुपर-8 के मैच में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। टीम ने इस जीत के साथ ग्रुप-1 से सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। साउथ अफ्रीका ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजी में भी कमाल किया। यह उनकी लगातार छठी जीत है, जिससे उन्होंने टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज के अजेय क्रम पर ब्रेक लगाया।

पावरप्ले में प्रेशर बनाया: साउथ अफ्रीका ने पावरप्ले के छह ओवर्स में 69 रन बनाकर विंडीज के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। साउथ अफ्रीका ने मार्करम की फिफ्टी और क्विंटन डीकॉक (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर्स में 95 रन की पार्टनरशिप और रयान रिकेल्टन (45* रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 82* रन की साझेदारी से 16.1 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। क्विंटन को जेसन होल्डर ने आउट किया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' मार्करम ने जेसन होल्डर की गेंद पर सीधा चौका लगाकर मैच स्टाइल से खत्म किया। इस हार से कैरेबियाई टीम का नेट रन रेट 5.350 से घटकर 1.791 हो गया।

शेफर्ड और होल्डर ने उबारा: साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने पहले दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के बैटिंग ऑर्डर को झकझोर जिसने निचले क्रम के बल्लेबाज रोमारियो शेफर्ड (52*) और जेसन होल्डर (49) के बीच रेकॉर्ड साझेदारी की बदौलत वापसी करते हुए आठ विकेट पर 176 रन बनाए। पिछले मैच में जिंबाब्वे पर शानदार जीत दर्ज करने वाली वेस्टइंडीज ने सात ओवर के अंदर 60 रन में पांच विकेट गंवा दिए थे। इसमें साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा (2/22) और लुंगी एनगिडी (3/30) ने वेस्टइंडीज के टॉप ऑर्डर को झकझोर दिया। वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय सात विकेट पर 83 रन था, लेकिन शेफर्ड (37 गेंद, 3 फोर, 4 सिक्स) और होल्डर (31 गेंद, 4 फोर, 3 सिक्स) ने मिलकर आठवें विकेट के लिए 57 गेंद में 89 रन की रेकॉर्ड साझेदारी करके टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में मदद की।

मिली थी तेज शुरुआत: पहले बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप (16) और ब्रेंडन किंग (21 रन) की बदौलत पहले दो ओवर में 29 रन बना लिए। पर इसके बाद टॉप ऑर्डर के चरमराने के सिलसिला शुरू हुआ। रबाडा ने होप को कैच आउट कराया। फिर शिमरोन हेटमायर (2) भी आउट हो सकते थे, लेकिन कोर्बिन बॉश ने मिड-ऑन पर उनका कैच छोड़ दिया। हालांकि, रबाडा ने तीन गेंद बाद हेटमायर को पविलियन भेज दिया।

एडेन मार्करम

82*	46	7	4
रन	बॉल	फोर	सिक्स

साउथ अफ्रीका ने जीत के साथ सेमी में जगह लगभग पक्की कर ली है

33 सिक्स हो गए हैं क्विंटन डीकॉक के टी20 वर्ल्ड कप में। वह साउथ अफ्रीका के लिए टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक सिक्स लगाने वाले बैटर हैं

89 रन की पार्टनरशिप की जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड ने आठवें विकेट के लिए। यह टी20 वर्ल्ड कप में इस विकेट के लिए रेकॉर्ड है

ब्रीफ स्कोर
वेस्टइंडीज: 20 ओवर्स में 176/8 (रोमारियो शेफर्ड 52* रन, जेसन होल्डर 49 रन, ब्रेंडन किंग 21 रन, लुंगी एनगिडी 3/30, कागिसो रबाडा 2/22, कोर्बिन बॉश 2/31)
साउथ अफ्रीका: 16.1 ओवर्स में 177/1 (एडेन मार्करम 82* रन, क्विंटन डीकॉक 47 रन, रयान रिकेल्टन 45* रन, रोस्टन चेज 1/46)

न्यूजीलैंड का टारगेट होगा सेमीफाइनल

इंग्लैंड VS न्यूजीलैंड सुपर-8 का मैच

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मुकाबले में आज इंग्लैंड और न्यूजीलैंड आमने-सामने होंगे। इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुका है, जबकि न्यूजीलैंड यह मैच जीतकर नॉकआउट राउंड में पहुंचने के इरादे से उतरेगा। कीवी टीम शानदार लय में है और उसका टारगेट सिर्फ जीत नहीं, बल्कि आत्मविश्वास के साथ अगले दौर में प्रवेश करना भी होगा।

इंग्लैंड चाहेगा टॉप पोजिशन: इंग्लैंड के लिए यह मैच दबदबा स्थापित करने के लिहाज से अहम है। अंतिम-4 में जगह पक्की करने वाली इंग्लैंड की टीम सुपर-8 में लगातार तीसरा मैच जीतते हुए पॉइंट्स टेबल में टॉप पर बने रहना चाहेगी। श्रीलंका पर 61 रन की बड़ी जीत से न्यूजीलैंड का नेट रन रेट प्लस 3.050 तक पहुंच गया है। ऐसे में अगर उसे इंग्लैंड से हार भी मिलती है तो वह अंतर को कम रखने की रणनीति अपनाएगा। मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैकोंची की मौजूदगी धीमी पिच पर इंग्लैंड के लिए चुनौती साबित हो सकती है।

इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक

कुल मैच 30
न्यूजीलैंड 10 | इंग्लैंड 17 | नो रिजल्ट 3

संभावित प्लेइंग XI
इंग्लैंड: फिल सॉल्ट, जोस बटलर (विकेटकीपर), हैरी ब्रूक (कप्तान), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, सैम कुरन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद
न्यूजीलैंड: टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), फिन एलेन, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, मार्क चैपमैन, मिचेल सैंटनर (कप्तान), कोल मैकोंची, मैट हेनरी, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्यूसन

टेलिकास्ट: शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

पाकिस्तान चाहेगा इंग्लैंड की जीत

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

पाकिस्तान का सुपर-8 में सिर्फ एक मैच श्रीलंका के खिलाफ बचा है। टीम के दो मैच में एक अंक है। पाकिस्तान की सुपर-8 की राह थोड़ी जटिल है। टीम को उम्मीद करनी होगी कि इंग्लैंड न्यूजीलैंड को हराए, जिसके बाद वह श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज कर बेहतर नेट रन रेट के आधार पर अगले राउंड में जगह बना सके। अगर न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड को हरा देती है तो पाकिस्तान टीम अपने आखिरी मैच से पहले ही सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो जाएगी।

गुकेश ने सफेद मोहरों से पहली बाजी ड्रॉ खेली

■ **एजेंसियां, प्राग:** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने प्राग इंटरनैशनल चेस फेस्टिवल के मास्टर्स वर्ग के पहले राउंड में अमेरिका के हांस नीमन के साथ ड्रॉ खेला। सफेद मोहरों से खेल रहे गुकेश के सामने नीमन ने बर्लिन डिफेंस अपनाया और मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए। तेरहवीं चाल पर मोहरे की कुर्बानी देकर नीमन ने मिडल गेम में दबाव बनाया, जिससे गुकेश को कुछ समय तक संभलकर खेलना पड़ा। हालांकि, भारतीय ग्रैंडमास्टर ने सटीक बचाव करते हुए स्थिति को संतुलित किया और अंततः बाजी ड्रॉ कराने में सफल रहे। पहले राउंड में सफेद मोहरों से खेलने वाले अन्य खिलाड़ियों को जीत मिली। गुकेश अकेले ऐसे खिलाड़ी रहे जिन्हें ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम को काले मोहरों से खेलते हुए उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। चैलेंजर्स वर्ग में दिव्या देशमुख ने बेंजामिन ग्लेडुरा के साथ ड्रॉ खेला।

प्राग चेस फेस्टिवल

वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश

सैंटनर के साथ खुद को 10 फीट लंबा फील करते हैं आप: रचिन

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र ने टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मैच में अपनी टीम की श्रीलंका पर 61 रन से जीत के बाद अपने कप्तान मिचेल सैंटनर की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कप्तान सैंटनर अपने साथी खिलाड़ियों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह है और उन्हें दमदार महसूस कराने का तरीका ढूंढ लेते हैं।

वर्ल्ड कप रिऐक्शंस

स्वभाव से शांत: रचिन ने कहा, 'हम सभी जानते हैं कि सैंटनर कितने शांत स्वभाव के हैं, लेकिन उनका सोचने का तरीका भी कमाल का है।' उन्होंने कहा, 'वह हमेशा आपके साथ खड़े रहते हैं और आपका हौसला बढ़ाते हैं। उनके जैसा कप्तान होना टीम के लिए बहुत अच्छा है। उनके नेतृत्व में मैदान पर उतरते ही आपको ऐसा अहसास होता है जैसे आप दस फीट लंबे हो और आप अजेय महसूस करते हैं। टीम में उनकी मौजूदगी से बहुत फायदा मिलता है। हमारे पास सैंटनर हैं, जो लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में दुनिया के बेस्ट स्पिनर्स में से एक हैं।'

न्यूजीलैंड टीम के प्लेयर रचिन रविंद्र

महरूफ ने साधा निशाना

सेमीफाइनल में श्रीलंका के जगह नहीं बना पाने से पूर्व खिलाड़ी परवीज महरूफ बेहद निराश हैं। महरूफ ने कहा, 'यह दुख देने वाला, दर्दनाक और शर्मनाक है। यह ऐसी पिच नहीं है जिस पर आप लाइन के पार खेल सकें। पाथुम निसंका के विकेट को छोड़कर बाकी सभी आसान गेंदों पर आउट हुए। ठीक इंग्लैंड के गेम की तरह, जहां सभी दस आउट आसान थे। यह दिखाता है कि श्रीलंका की बैटिंग खराब है।'

भारतीय टीम के सामने आज सीरीज़ बचाने की होगी चुनौती

भारत Vs ऑस्ट्रेलिया
विमिंस ODI सीरीज, दूसरा मैच

■ **एजेंसियां, होबार्ट:** वर्ल्ड चैंपियन भारत को पहले मैच में मिली बुरी तरह हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज को अगर जीवंत रखना है तो उसे शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे विमिंस वनडे इंटरनैशनल क्रिकेट मैच में बैटिंग में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टी20 सीरीज 2-1 से जीतने के बाद भारतीय टीम वनडे सीरीज की अच्छी शुरुआत नहीं कर पाई और ब्रिसबेन में खेले गए पहले मैच में छह विकेट से हार गई। भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कभी भी द्विपक्षीय वनडे सीरीज नहीं जीती है। भारतीय टीम के लिए राहत की बात है कि पिछले मैच में चोटिल हुई कप्तान हरमनप्रीत कौर इस मैच के लिए उपलब्ध हैं।

ऑस्ट्रेलिया का रहा है दबदबा: वनडे फॉर्मेट में इन दोनों देशों के बीच खेली गई सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है। दोनों टीमों के बीच अभी तक 11 द्विपक्षीय वनडे सीरीज खेली गई हैं जिनमें सभी में ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की। इनमें 2024 में 3-0 से और सितंबर 2025 में 2-1 से जीत भी शामिल है। लेकिन, भारत 2025 में वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर मिली जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा।

भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा

टेलिकास्ट सुबह 9.20 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

मयंक की सेंचुरी, लेकिन नबी ने कर्नाटक को बैकफुट पर धकेला

कर्नाटक Vs जम्मू-कश्मीर
रणजी ट्रॉफी फाइनल

■ **एजेंसियां, हुबली:** तेज गेंदबाज आकिब नबी (3/32) की शानदार स्पेल के दम पर जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी खिताब की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं। तीसरे दिन के खेल में नबी ने कर्नाटक के टॉप ऑर्डर को झकझोर दिया। इससे मेजबानों के पांच विकेट सिर्फ 220 रन पर निकल गए। हालांकि, अनुभवी मयंक अग्रवाल ने एक छोर संभालते हुए शानदार खेल दिखाया। उन्होंने 207 गेंदों में 130* रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की। इस दौरान उन्हें 124 रन पर जीवनदान भी मिला, लेकिन उनकी संघर्षपूर्ण पारी के बावजूद कर्नाटक पहली पारी के आधार पर जम्मू-कश्मीर से 364 रन से पीछे है। फॉलोऑन टालने के लिए उसे 165 रन और बनाने होंगे।

राहुल, नायर नहीं चले: पहली पारी में 584 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद जम्मू-कश्मीर को नबी से वैसी ही शुरुआत मिली, जिसकी उम्मीद थी। उनतीस वर्षीय तेज गेंदबाज नबी ने सबसे पहले केएल राहुल (13) को पविलियन भेजा और फिर दो गेंदों के भीतर करुण नायर (0 रन) और फॉर्म में चल रहे रविचंद्रन स्मरण (0) को आउट कर कर्नाटक को बैकफुट पर धकेल दिया।

मयंक अग्रवाल ने बनाए 130* रन

ब्रीफ स्कोर
जम्मू-कश्मीर (पहली पारी): 584 रन (शुभम पुंडीर 121, यावर हसन 88, साहिल लोत्रा 72, प्रसिद्ध कृष्णा 5/98)
कर्नाटक (पहली पारी): 220/5 (मयंक अग्रवाल 130*, कृतक कृष्णा 27*, आकिब नबी 3/32)

विनिसियस के गोल से रियाल मेड्रिड प्री-क्वॉर्टर फाइनल में

■ **एपी, मेड्रिड:** विनिसियस जूनियर ने बेनफिका के खिलाफ फिर से विजयी गोल दागा, जिससे रियाल मेड्रिड चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम-16 (प्री-क्वॉर्टर फाइनल) में पहुंचने में सफल रहा। मौजूदा चैंपियन पैरिस सेंट जर्मेन (PSG) भी मोनाको को हराकर प्लेऑफ से आगे बढ़ गया, जबकि अटलांटा ने बोरूसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ अंतिम क्षणों में गोल करके प्रतियोगिता में इटली की भागीदारी को बरकरार रखा। युवेंटस गैलाटासराय से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

चैंपियंस लीग फुटबॉल

फिर दागा विजयी गोल: विनिसियस ने बेनफिका के खिलाफ पहले राउंड के मैच में विजयी गोल करने के बाद कथित नस्लीय दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था। उन्होंने इस घटना को पीछे छोड़ते हुए फिर से शानदार खेल दिखाया और सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में 80वें मिनट में अपनी टीम का दूसरा गोल करके पुर्तगाली की टीम पर रियाल मेड्रिड की दूसरे चरण में 2-1 से और कुल मिलाकर 3-1 की जीत सुनिश्चित की। रियाल मेड्रिड ने पहला चरण 1-0 से जीता था। विनिसियस ने पहले चरण के मैच में बेनफिका के खिलाड़ी जियानलुका प्रेस्टियानी पर उन्हें 'बंदर' कहने का आरोप लगाया था।

विनिसियस जूनियर

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: cci Time: 02-27-2026 00:11 Color:

NBT AI टाइम मशीन

न्यूट्रॉन की खोज से पड़ी परमाणु की नींव

आज ही के दिन 1932 में जेम्स चैडविक (James Chadwick) की न्यूट्रॉन से जुड़ी खोज 'नेचर' मैगजीन में छपी। इस खोज के बाद ही दुनिया को समझ आया कि परमाणु (Atom) के भीतर अपार शक्ति छिपी है। इसी से आगे चलकर परमाणु बम बने और परमाणु बिजली घरों से बिजली बनाना मुमकिन हुआ। कैंसर के इलाज और पुरानी चीजों की उम्र पता लगाने (कार्बन डेटिंग) में भी इसी का हाथ है।

NBT

आगे होंगे छोटे, स्मार्ट परमाणु रिएक्टर

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में परमाणु ऊर्जा बेहद सुरक्षित, सस्ती और लगभग असीमित स्रोत बन चुकी होगी। छोटे-छोटे स्मार्ट रिएक्टर शहरों, गांवों और यहां तक कि अंतरिक्ष स्टेशनों को भी ऊर्जा देंगे। रेडियोएक्टिव कचरा लगभग खत्म या दोबारा इस्तेमाल होने लगेगा। AI सिस्टम न्यूक्लियर प्लांट को खुद मॉनिटर और कंट्रोल करेंगे। ऊर्जा की कमी बीती बात होगी और तकनीक इंसानी जीवन को ज्यादा आसान, तेज और टिकाऊ बना चुकी होगी।

AI Images

फटाफट खबरें

राष्ट्रपति हेलिकॉप्टर प्रचंड में भरेंगी उड़ान

■ भाषा, जैसलमेर : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राजस्थान के अपने दौरे के तहत शुक्रवार सुबह जैसलमेर वायुसेना स्टेशन पर देश में बने हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरेंगी।

नौसेना में शामिल होगा INS अंजदीप

■ NBT रिपोर्ट : भारतीय नौसेना में आईएनएस अंजदीप (INS Anjadip) शामिल होने जा रहा है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) ने इस एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (ASW-SWC) कार्वेट के लिए स्पेशल ग्रेड स्टील की पूरी सप्लाई की है।

सेंगर के भाई की जांच मेडिकल बोर्ड से हो

■ NBT रिपोर्ट : नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्नाव रेप केस के दोषी कुलदीप सेंगर के भाई जयदीप सिंह सेंगर की स्वास्थ्य स्थिति की स्वतंत्र जांच के लिए एम्स में एक मेडिकल बोर्ड बनाने का निर्देश दिया है। जयदीप ने मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम रूप से सजा सस्पेंड करने की मांग की थी।

'ला ला लैंड' में जी रहा पाक: भारत

■ NBT रिपोर्ट : भारत ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पाकिस्तान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि अगर उसे यह विश्वास करना मुश्किल हो रहा है कि जम्मू-कश्मीर का विकास बजट हाल में IMF से मांगे गए उसके बेलआउट पैकेज से दोगुना से अधिक है, तो वह या तो 'ला ला लैंड' में है या 'भ्रम' में जी रहा है।

सुनेत्रा पवार चुनी गईं NCP प्रेजिडेंट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को NCP के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया। सुनेत्रा के पति और तत्कालीन NCP प्रमुख अजित पवार की विमान दुर्घटना में मौत के लगभग एक महीने बाद उन्हें पार्टी अध्यक्ष चुना गया।

पश्चिमी देशों में युवाओं के बीच चीनी लाइफस्टाइल का क्रेज़

■ NBT रिपोर्ट

पश्चिमी देशों खासकर अमेरिका में चीनी बनने का ट्रेंड वायरल है। लोग कह रहे हैं, Ni Hao (चीनी ग्रीटिंग), क्या अब हम चीनी हैं? इस ट्रेंड का नाम है चाइनामैक्सिंग (Chinamaxxing)। लोग चीनी कल्चर को कूल तरीके से अपना रहे हैं। अमेरिका में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स खासकर टिकटॉक पर ये ट्रेंड छाया हुआ है। लेकिन क्या ये सिर्फ एक सोशल मीडिया ट्रेंड भर है या तस्वीर इससे बड़ी है? कैसे शुरू हुआ ये ट्रेंड, इससे क्या संकेत, आइए जानते हैं-

सोशल मीडिया पर चीनी क्रेज के कई विडियो

क्या है Chinamaxxing? Chinamaxxing टिक-टॉक पर उभरा एक ट्रेंड है। इसमें अमेरिकी और पश्चिमी युवा चीनी लाइफस्टाइल की छोटी-छोटी आदतों को अपनाते हुए विडियो बनाते हैं। गुनगुना पानी पीना, सेब उबालकर उसका पानी लेना, घर के अंदर चप्पल पहनना, सुबह ताई-ची या क्यूगोंग जैसे व्यायाम करना- ये सब चीजें अचानक 'कूल' बन गई हैं। जो चीजें कभी बुजुर्गों वाली समझी जाती थीं, वही अब ट्रेंडिंग कंटेंट हैं।

सॉफ्ट पावर की चमक? CNN के मुताबिक, यह ट्रेंड सिर्फ वेलनेस हैबिट तक सीमित नहीं है। चीन की पॉप-कल्चर और ब्रांड्स भी चर्चा में हैं। दुनिया भर में लबूबू (Labubu) डॉल्स की दीवानगी देखी गई। लोग Mixue की बबल टी के लिए लाइन में खड़े हैं। Luckin Coffee तेजी से विस्तार कर रही है। ये सब पश्चिमी देशों में चीन की सॉफ्ट पावर का संकेत है। सॉफ्ट पावर यानी बिना किसी दबाव के, संस्कृति और लाइफस्टाइल के जरिए प्रभाव बढ़ाना। जैसे योग, अध्यात्म भारत के लिए सॉफ्ट पावर है।

चीनी लाइफ का अमेरिका में क्रेज

US में कई विडियो टिकटॉक पर वायरल हैं, जिनमें लोग सेब उबालकर उसका पानी लेना, घर के अंदर चप्पल पहनना, जैसी लाइफस्टाइल अपना रहे।

Social Media

अमेरिकी युवाओं की बेचैनी?

कुछ विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका में कई युवा अपने देश की राजनीतिक ध्रुवीकरण, आर्थिक असमानता और भविष्य की अनिश्चितता से निराश हैं। ऐसे में उन्हें एक वैकल्पिक मॉडल, एक अलग अनुशासन या 'संतुलित जीवनशैली' आकर्षित कर रही है।

क्या सच में चीन में सब चंगा?

ट्रेंड अमेरिका में बढ़ती चिंताओं की ओर इशारा करता है, लेकिन चीन में भी पूरी दुनिया गुलाबी नहीं है। चीन में भी आर्थिक सुस्ती और नौकरी की चुनौतियां जैसी दिक्कतें हैं। यानी दोनों तरफ के लोगों में, अलग-अलग सिस्टम में रहते हुए भी, भविष्य को लेकर एक जैसी बेचैनी है।

ट्रेंड या संकेत?

Chinamaxxing शायद कुछ महीनों में फीका पड़ जाए। लेकिन फिलहाल यह दिखा रहा है कि सांस्कृतिक प्रभाव की दिशा बदल रही है। जब अमेरिकी युवा 'Ni hao' कहकर विडियो बनाते हैं, तो यह सिर्फ मजाक नहीं बदलती ग्लोबल धाराओं की एक झलक भी हो सकती है।

मोदी बोले- आतंकवाद नामंज़ूर, मानवता संघर्ष का शिकार न बने

UPI, फाइनेंशल डायलॉग, खेती, एजुकेशन में AI... इस्राइल से 16 करार

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : प्रधानमंत्री मोदी ने इस्राइल में द्विपक्षीय बातचीत के बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को ग्लोबल साउथ और मानवता की पुकार बताया। पीएम ने कहा कि इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता से भारत के हित जुड़े हैं। इसके अलावा पीएम ने आतंकवाद को नामंजूर बताया है। कहा, हम कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद और उनके समर्थकों का विरोध करते रहे हैं, और आगे भी करते रहेंगे।

बोले, पश्चिम एशिया में शांति से भारत का हित

गाजा पीस प्लान का जिक्र करते हुए कहा कि मानवता संघर्ष की पीड़ित नहीं बननी चाहिए। गाजा शांति योजना से एक रास्ता बना है। भारत ने इन कोशिशों का पूरा समर्थन किया है। भविष्य में भी हम सभी देशों के साथ संवाद और सहयोग जारी रखेंगे।

इस्राइल और भारत के संबंधों पर बात करते हुए पीएम ने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं। दोनों देशों ने इस साझेदारी को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। पीएम ने कहा कि दोनों देशों का आर्थिक सहयोग ग्रोथ, इनोवेशन और साझी समृद्धि का इंजन बना हुआ है।

भारत और इस्राइल ने आतंकवाद और उसके समर्थकों का विरोध करने पर जोर दिया।

तकनीक, AI, खेती... दोस्ती गहराई

भारत और इस्राइल ने तकनीक, AI से लेकर कृषि और रिसर्च में अपनी मौजूदा साझेदारी को और गहरा करते हुए करीब 16 करारों और सहमति पत्रों पर मुहर लगाई। दोनों देशों ने रिश्तों को भारत इस्राइल विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि पीएम के इस दौरे का फोकस टेक्नॉलजी में सहयोग रहा। दोनों ने टेक, रिसर्च, क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नॉलजी, डिफेंस, कृषि, इकोनमी और पीपल टू पीपल रिश्तों को और गहरा किया।

बातचीत में तकनीक पर रहा फोकस

दोनों देशों की बातचीत में तकनीक फोकस में रही, इसमें साइबर सेक्योरिटी, इनोवेशन और AI, रिसर्च और स्टार्ट अप शामिल हैं। विज्ञान और तकनीक पर मौजूद जॉइंट कमिशन को मंत्रीस्तरीय दर्जे तक ले जाने का फैसला लिया गया। इससे इस क्षेत्र में समन्वय में मदद मिलेगी।

एक्सिलेंस सेंटर बढ़ेंगे

भारत में इस्राइल की मदद से चल रहे 43 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को विस्तार देकर 100 करने पर फैसला। भारत में भारत में एग्रीकल्चर इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर की स्थापना होगी।

शांति का संदेश दिया

विदेश सचिव ने बताया कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने ईरान और अमेरिका के मौजूदा तनाव को लेकर बातचीत की। शांति से बातचीत पर जोर दिया। कहा, गाजा के पुनर्निर्माण में भी भूमिका देख रहे हैं।

न्योता दिया

इस्राइली राष्ट्रपति से भी मिले मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दौरान इस्राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने शिक्षा, स्टार्ट अप, नवाचार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-इस्राइल विशेष साझेदारी को मजबूत करने में राष्ट्रपति हर्जोग के अटूट समर्थन के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने इस्राइल के राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता भी दिया।

FTA पर वार्ता का दूसरा दौर मई में

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत और इस्राइल फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर दूसरे दौर की बातचीत मई में करेंगे। यह वार्ता इस्राइल में होगी। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार से शुरू हुआ वार्ता का पहला दौर गुरुवार को पूरा हुआ। दोनों देशों ने FTA के टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर पिछले साल नवंबर में दस्तखत किए थे। दोनों देशों का आपसी कारोबार वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 3.62 बिलियन डॉलर का था।

आज से भारत दौरे पर कनाडा के PM कार्नी

■ पीटीआई, नई दिल्ली

कनाडा के पीएम मार्क कार्नी 27 फरवरी से 2 मार्च तक भारत के पहले आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। वे मुंबई में कारोबारी कार्यक्रमों में भाग लेकर उद्योग जगत और निवेशकों से मुलाकात करेंगे। 2 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत करेंगे।

दौरे से पहले कनाडा से भारत को क्लीन चिट

इससे पहले कनाडा सरकार ने भारत से जुड़े आरोपों को खारिज किया है। इससे पहले कार्नी सरकार के अधिकारी ने भारत को क्लीन चिट देते हुए कहा कि कनाडा में हो रहे अपराध से भारत का कोई लेना-देना नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों देशों के पीएम पहले संतुलित साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति जता चुके हैं, जो एक-दूसरे की चिंताओं और संवेदनशील मुद्दों पर पारस्परिक सम्मान, मजबूत जन-संबंधों और बढ़ती आर्थिक परस्पर पूरकता पर आधारित होगी।

रिश्तों को फिर पटरी पर लाने की कवायद

इस यात्रा का उद्देश्य मुख्य रूप से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देना है। 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में संभावित भारतीय संलिप्तता के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद संबंध बेहद खराब स्थिति में पहुंच गए थे। भारत ने अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया था।

एक दूजे के हुए रश्मिका और विजय

PTI

■ भाषा, उदयपुर (राजस्थान): दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेता विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना गुरुवार को उदयपुर के बाहरी इलाके में अरावली की खूबसूरत पहाड़ियों से घिरे एक होटल में तेलुगु परंपराओं के अनुसार परिणय सूत्र में बंध गए। विवाह के बाद मेहमानों ने होटल के बाहर काजू बर्फी बांटी।।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 आज से भारत दौरे पर आ रहे कनाडा के PM का क्या नाम है?
A. जस्टिन ट्रूडो B. मार्क कार्नी C. पियरे पोइलिवर

2 ट्रेड पर चर्चा के लिए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल अमेरिकी वाणिज्य सचिव से मिले, उनका नाम क्या है?
A. हॉवर्ड लुटनिक B. एंटनी ब्लिंकन C. जेनेट येलेन

3 भारतीय नौसेना में शामिल होने जा रहे नए जहाज का क्या नाम है?
A. आईएनएस अरनाला B. आईएनएस अंजदीप C. आईएनएस एंड्रोथ

4 NCP का राष्ट्रीय अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया?
A. प्रफुल्ल पटेल B. शरद पवार C. सुनेत्रा पवार

5 पोकरण रेंज में वायुसेना शक्ति प्रदर्शन किस अभ्यास के जरिए करेगी?
A. गरुड़ शक्ति B. वायुशक्ति C. आकाश वीर

कल के जवाब

A1 B. इजराइल A2 B. पावेल ड्रुरोव A3 C. वेनेजुएला A4 B. एंथ्रोपिक A5 A. एपोड

लकी विनर्स

1. पंकज भारद्वाज, नई दिल्ली
2. वारिस अली खान, लखनऊ
3. दीपक गुप्ता, नई दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

H1B वीज़ा धारकों के लिए छुट्टियां क्यों पड़ सकती हैं भारी?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ट्रंप प्रशासन के सत्ता में आने के बाद H1B वीजा प्रोग्राम को लेकर सख्ती बढ़ी है। इसी बीच एक भारतीय महिला वर्कर ने सोशल मीडिया पर अपनी आपबीती साझा की। महिला के अनुसार, वह नवंबर में बेटी का जन्मदिन मनाने भारत आई थी और 12 दिसंबर 2025 को उसने और पति ने वीजा स्टैंपिंग करवाई थी।

महिला ने बताया कैसे हुआ उनका वीजा कैंसिल

जनवरी में छुट्टियां बिताने के बाद दोनों अमेरिका लौट रहे थे, लेकिन अबू धाबी प्रीक्लियरेंस पर अधिकारियों ने उसका वीजा रद्द कर दिया। अधिकारियों ने भारत में करीब दो महीने रुकने और इस दौरान काम करने को लेकर सवाल किए। 'लेबर कंडीशन एप्लिकेशन' (LCA) में भारत से काम की अनुमति न होने पर ओवरस्टे का हवाला दिया गया। महिला का कहना है कि कंपनी के इमिग्रेशन अटॉर्नी के मुताबिक रिमोट वर्क पर स्पष्ट प्रतिबंध नहीं है। अब उसे दोबारा वीजा स्टैंपिंग करनी होगी, लेकिन स्लॉट उपलब्ध न होने से वह चिंतित है।

किन बातों का ध्यान रखना जरूरी?

- US से बाहर रहकर काम करने की स्थिति साफ नहीं है। नियम के मुताबिक ये किसी लोकेशन विशेष पर होना चाहिए। ऐसे में लेबर कंडिशन एप्लीकेशन का महत्व है, जिसमें कंपनी वर्कर की लोकेशन बताती है।
- US से बाहर काम करने पर वापसी पर शख्स की मौजूदा नौकरी से जुड़ी स्थिति के बारे में पूछताछ हो सकती है। नौकरी से जुड़े डॉक्यूमेंट संभाल कर रखें।
- छुट्टी के दौरान भारत या किसी दूसरे देश की यात्रा करते समय, ये सुनिश्चित करना जरूरी है कि H-1B वीजा पर वैध स्टैंपिंग हो, इसे रिन्यू भी कराया जाता है।
- इससे पहले दिसंबर में हजारों H-1B वीजा आवेदकों के इंटरव्यू टाल दिए गए थे। बताया गया कि ऐसा आवेदकों की सोशल मीडिया स्क्रीनिंग के चलते किया गया।

AI ट्रेनिंग में भारत का वर्ल्ड रेकॉर्ड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : देश के डॉक्टरों ने एआई की एक ऑनलाइन ट्रेनिंग कार्यक्रम में गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत काम करने वाले नैशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज को यूट्यूब पर एआई इन हेल्थकेयर लेसन के लाइव स्ट्रीम को एक समय में अधिकतम 17,999 डॉक्टरों ने एक साथ देखा। यह कोर्स छह महीने का है, जिसमें 20 मॉड्यूल शामिल हैं। इसमें हार्वर्ड यूनिवर्सिटी (अमेरिका), IIM लखनऊ और आईआईएससी बेंगलुरु जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ पढ़ा रहे हैं। खास बात यह है कि डॉक्टरों से इस ट्रेनिंग के लिए कोई फीस नहीं ली जा रही है।

जस्टिस वर्मा केस

लोकसभा अध्यक्ष ने किया तीन सदस्यीय पैनल का पुनर्गठन

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इलाहाबाद HC के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति का पुनर्गठन कर दिया है।

पुनर्गठित समिति 6 मार्च से प्रभावी होगी। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस अरविंद कुमार पुनर्गठित समिति के अध्यक्ष होंगे। बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस श्री चंद्रशेखर और कर्नाटक हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बी.वी. आचार्य सदस्य होंगे। यह कदम मद्रास HC के मुख्य न्यायाधीश मनिंदर मोहन श्रीवास्तव की निर्धारित सेवानिवृत्ति के बाद उठाया गया है।

'हर घुसपैठिये को निकालेंगे बाहर'

■ भाषा, अररिया (बिहार): केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को विश्वास जताया कि बीजेपी पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करके राज्य से हर घुसपैठिये को बाहर निकालेगी।

अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल जनसांख्यिकीय परिवर्तन से सर्वाधिक प्रभावित राज्यों में शामिल है। शाह ने यह टिप्पणी बिहार के अररिया जिले में की, जहां उन्होंने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 175 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और राष्ट्र के प्रति दो नयी सीमा चौकियों को समर्पित किया।

जिनीवा में बातचीत, परमाणु कार्यक्रम पर ईरान का अमेरिका को ऐतिहासिक प्रस्ताव

Geneva

■ NBT रिपोर्ट

ईरान ने गुरुवार को जिनीवा में हुई परमाणु मुद्दे पर अप्रत्यक्ष बातचीत के तीसरे दौर के दौरान अमेरिका को एक नया प्रस्ताव दिया है। तेहरान ने इसे वॉशिंगटन की कूटनीतिक कमिटमेंट का 'प्रैक्टिकल टेस्ट' बताया है।

TOI के अनुसार, ईरानी वार्ताकारों का कहना है कि इस प्रस्ताव का मकसद अमेरिका की उन चिंताओं को दूर करना है, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम की प्रकृति को लेकर है। उनका दावा है कि ईरान की परमाणु गतिविधियां शांतिपूर्ण हैं और प्रस्ताव इसी बात को साबित करने के लिए है। अधिकारियों के अनुसार यह पेशकश उन 'बहानों' को खत्म करने की कोशिश है, जिनका हवाला देकर अमेरिका ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर सवाल उठाता रहा है। तेहरान ने चेतावनी दी है कि अगर इस प्रस्ताव को खारिज किया जाता है, तो इसे इस बात के सबूत के तौर पर देखा जाएगा कि वॉशिंगटन वास्तव में कूटनीतिक समाधान नहीं चाहता।

PTI

ओमान के विदेश मंत्रालय ने बातचीत की तस्वीर शेयर की।

बढ़ रहे तनाव के बीच बातचीत अहम

अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में कई युद्धपोत और फाइटर जेट डिप्लॉय किए हैं और लगातार ईरान पर हमले की धमकी दे रहे हैं। इस तनाव के बीच वॉशिंगटन और तेहरान के बीच अहम बातचीत गुरुवार को स्विट्जरलैंड के जिनीवा में हुई। अमेरिका की ओर से विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जारेड कुशनर हिस्सा ले रहे हैं, जबकि ईरान की ओर से विदेश मंत्री अब्बास अराघची मौजूद हैं। ये अप्रत्यक्ष बातचीत ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उस पर लगे प्रतिबंधों में संभावित राहत के मुद्दे पर केंद्रित है।

सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ टीकाकरण अभियान कल से

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार 28 फरवरी से देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) टीकाकरण अभियान शुरू करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के अजमेर से इसकी शुरुआत करेंगे।

PM करेंगे शुरुआत, 14 साल की 1.15 करोड़ किशोरियों को लगेगा टीका

अभियान के तहत 14 साल की करीब 1.15 करोड़ किशोरियों को मुफ्त एचपीवी वैक्सीन दी जाएगी। लॉन्च कार्यक्रम से सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश वर्चुअली जुड़ेंगे और उसी दिन अपने-अपने स्तर पर टीकाकरण शुरू करेंगे। यह अभियान तीन माह तक चलेगा।

एयरफोर्स ने दिखाया S-400 का ऐक्शन मोड

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : इंडियन एयरफोर्स ने गुरुवार को विडियो जारी किया, जिसमें पहली बार S-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को एक्शन करते हुए दिखाया गया। 'ऑपरेशन सिंदूर' का साफ संकेत देते हुए, मिसाइल को मिलिट्री इतिहास में अब तक का सबसे लंबी दूरी का एयर किल करने वाली बताया गया।

रूस से लिए गए S-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने पिछले साल मई में पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' में अहम भूमिका निभाई थी। इस सिस्टम ने लगभग 300 किलोमीटर दूर पाकिस्तानी क्षेत्र के अंदर पाकिस्तान एयरफोर्स के एक विमान को मार गिराया था। विडियो में एयरफोर्स ने कहा कि 'दुश्मन हमारी पहुंच से बाहर हो सकता है, लेकिन हमारी नजर से कभी बाहर नहीं।'

Social Media

एक्सरसाइज से पहले एयरफोर्स ने S 400 का विडियो शेयर किया।

रडार में जेट आते ही सिस्टम एक्टिव

विडियो में रडार पर एक आते हुए जेट की पहचान और इसके बाद एयर डिफेंस सिस्टम के सक्रिय होने की प्रक्रिया दिखाई गई है। हालांकि ये विडियो ऑपरेशन सिंदूर का नहीं है और एयरफोर्स ने इसे वायुशक्ति एक्सरसाइज से पहले रिलीज किया है। वायुशक्ति एक्सरसाइज शुक्रवार यानी आज पोखरण में होनी है।

पोकरण रेंज में दिखेगा एयरफोर्स का दमखम

पाकिस्तान बॉर्डर के पास पोखरण रेंज में एयरफोर्स अपनी ताकत का शुक्रवार को प्रदर्शन करेगी। एक्सरसाइज वायुशक्ति के जरिए अपनी अत्याधुनिक युद्ध क्षमता, स्वदेशी इनोवेशन और एकीकृत युद्ध तैयारी की झलक दिखाएगी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किस तरह एयरफोर्स ने पाकिस्तान को सबक सिखाया, ये भी दिखेगा। राफेल, मिराज, जगुआर जैसे कई एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। एयरफोर्स इससे प्रतिरोध (डिटरेंस) का संदेश देगी और आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर पेश करेगी।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT2 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-26-2026 22:12 Color:

SAMSUNG

Galaxy S26 Series

Galaxy AI

Pre-order now at ₹69999* (1 unit)

Retail price of Galaxy S26 Ultra (512GB)	₹159999#
Exchange value of old device	₹70000~
Memory upgrade benefit	₹20000~~
Effective price (1 unit)	**₹69999***

Free memory upgrade~~ 256GB to 512GB

Get up to ₹3500 off on Galaxy Buds4 Series with any model of Galaxy S26 Series.**

HDFC BANK | BAJAJ FINSERV | IDFC FIRST Bank | TVS CREDIT | Samsung Finance+

Offer valid till Mar 10, 2026

samsung.com

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 180057267864 for information on e-waste/plastic waste.

Image simulated. Products sold separately. S Pen embedded only in Galaxy S26 Ultra. Samsung account login may be required for certain AI features. Actual UX/UI may differ. Samsung promotes responsible use of Artificial Intelligence (AI) features. *T&C apply. Offer price shown for 1 unit of Galaxy S26 Ultra 12GB | 512GB inclusive of exchange value of old device and memory upgrade benefit as detailed further below. Final pricing subject to dealer discretion. #Retail price of 1 unit of Galaxy S26 Ultra 12GB | 512GB. Price inclusive of taxes. ~Approximate value on exchange of 1 unit of Galaxy S24 Ultra 12GB | 512GB. Exchange value varies basis model & condition of old device. Exchange at the sole discretion of dealer. ~~Value of memory upgrade benefit from 256GB to 512GB. Pre-order customers of S26 Ultra 256GB are eligible for benefits of memory upgrade from 256GB to 512GB worth ₹ 20000. **Discount of up to ₹ 3500 is applicable on purchase of Galaxy Buds4 Series together with any model of Galaxy S26 Series. Aforesaid calculations are for illustrative purposes, final price at the sole discretion of retailer. Offer may be revised or withdrawn without any prior notice. All third party logos/brands are trademarks/registered trademarks of the respective brand/company.

Scan to know more

Cheil-30375/26

कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) > शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 > फाल्गुन 8, शक संवत 1947, फाल्गुन शुक्ल एकादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 16 > मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow Vol 8 no 57

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

रश्मिका और विजय ने रचाई शादी, बांटी मिठाई ▸p14

भारतीय टीम के लिए आज सीरीज़ बचाने की चुनौती ▸p13

बिहार में बोले शाह, हर घुसपैठिये को देश से बाहर निकालेंगे ▸▸ पेज 14

संपत्ति नहीं बताई, यूपी में 47,816 कर्मचारियों का रुकेगा प्रमोशन ▸▸ पेज 9

अनिल अंबानी के खिलाफ बैंक 'फ्रॉड' में CBI का नया केस ▸▸ पेज 12

पंजाब एण्ड सिंध बैंक

7.40%

666 दिन सावधि जमा

ऑफर सीमित समय के लिए

(अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए)

FTA, तकनीक ट्रांसफर और AI, इस्राइल में चलेगा UPI

मोदी-नेतन्याहू की बैठक में 16 समझौते

■ NBT रिपोर्ट/पीटीआई, यरूशलम/नई दिल्ली

भारत और इस्राइल जल्द मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को अंतिम रूप देंगे। रक्षा क्षेत्र में साझा डिवेलपमेंट, प्रॉडक्शन और टेक्नॉलजी ट्रांसफर पर काम करेंगे। संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देंगे। भारत का UPI पेमेंट सिस्टम इस्राइल में भी चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इस्राइली पीएम बेन्यामिन नेतन्याहू (Benjamin Netanyahu) के बीच बैठक में रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, AI, तकनीक और कृषि जैसे क्षेत्रों में ऐसे 16 समझौतों पर मुहर लगी।

साझा रिश्तों को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देंगे

साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता से भारत के हित जुड़े हैं। हम कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद और इसके समर्थकों का विरोध करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (IMEC) और I2U2 (भारत-इस्राइल-यूएई-अमेरिका समूह) के तहत सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।

मोदी ने कहा कि भारत और इस्राइल ने क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नॉलजी पर साझेदारी का फैसला लिया है। इससे AI, क्वॉन्टम और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिलेगी। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस में भी सहयोग बढ़ाएंगे। डिजिटल हेल्थ में भारत अनुभव साझा करेगा। ▸▸पेज 14

'याद वाशेम' पीएम मोदी ने नाजी शासन में मारे गए यहूदियों को गुरुवार को श्रद्धांजलि दी।



> भारत का रुख साफ है, मानवता को कभी संघर्ष का शिकार नहीं बनना चाहिए। गाजा पीस प्लान से शांति का रास्ता बना है। भारत ने इन प्रयासों का समर्थन किया है। *–नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*

> भविष्य नई तकनीक का है। इस्राइल और भारत नई तकनीक पर जोर दे रहे हैं। दोनों महान सभ्यताएं हैं। वे भविष्य बेहतर बनाने के लिए भी तैयार हैं। *–बेन्यामिन नेतन्याहू, इस्राइली पीएम*

फ्यूचर टेक प्रधानमंत्री मोदी यरूशलम में टेक प्रदर्शनी भी गए। वहां कई इस्राइली कंपनियों ने उन्हें अपने नए प्रॉडक्ट्स दिखाए।

इंस्टा पर मोदी के 10 करोड़ फॉलोअर्स

इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 मिलियन यानी 10 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं। मोदी इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले ग्लोबल लीडर और राजनेता हैं। मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। उनके फॉलोअर्स US राष्ट्रपति ट्रंप से दोगुने हैं। ट्रंप (4.32 करोड़) दूसरे नंबर पर हैं। इंडोनेशिया के प्रेजिडेंट प्रबोवो सुबियांटो के 1.5 करोड़, ब्राजील के लूला के 1.44 करोड़ और तुर्किये के अर्दोआन के 1.16 करोड़ फॉलोअर्स हैं।

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 13

मुकद्दस रमज़ान

इफ्तार शुक्रवार
सुन्नी : 6:06 PM
शिया : 6:15 PM

सहरी शनिवार
सुन्नी : 5:07 AM
शिया : 5:01 AM

फटाफट खबरें

लेखपाल भर्ती: 3.66 लाख शॉर्टलिस्ट हुए

UPSSSC ने प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (PET) के स्कोर के आधार पर लेखपाल भर्ती में 7994 पदों के लिए 15 गुना यानी 3,66,712 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए हैं। अनारक्षित, OBC, SC व EWS की कटऑफ 55.12 और ST की कटऑफ 47.50 तय की गई है।

1 लाख घूस लेते दो लेखपाल गिरफ्तार

ऐंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन ने गुरुवार को प्रयागराज में लेखपाल राजशेखर सिंह और जूही मिश्रा को एक लाख रुपये घूस लेते अरेस्ट किया। दोनों ने रिपोर्ट लगाने और मकान का निर्माण न रोकने के एवज में नवाबगंज के लाई आनापुर निवासी अभय राज से यह रकम मांगी थी।

मेडिकल में पीड़ितों से कुकर्म की पुष्टि?

नाबालिग बटुकों के यौन शोषण के आरोपों में घिरे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद की अग्रिम जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। इस बीच मेडिकल जांच रिपोर्ट में पीड़ित बच्चों से कुकर्म की पुष्टि होने की बात सामने आई है। ▸▸पेज 11

'जुडिशरी में करप्शन' वाली किताब सुप्रीम कोर्ट से बैन

SC ने कहा- छपी किताबें ज़ब्त करें, डिजिटल कॉपी हटाएं

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

नई दिल्ली: 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' पर अध्याय वाली NCERT की 8वीं क्लास की सोशल साइंस की किताब पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 'पूरी तरह प्रतिबंध' लगा दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि यह जुडिशरी को बदनाम करने की गहरी और सोची-समझी साजिश लगती है। कोर्ट ने इस अध्याय वाली किताब छापने और बेचने पर पूरी तरह बैन का आदेश दिया। साथ ही कहा कि जो किताबें छप चुकी हैं, उन्हें जब्त कीजिए और डिजिटल कॉपियों को भी हटाइए। क्यों न इस मामले में अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षा मंत्रालय के डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजुकेशन के सचिव और NCERT के डायरेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही और विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता बताने को भी कहा है। चीफ जस्टिस ने कहा कि जिम्मेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गहराई से जांच होगी और केस बंद नहीं होगा।

> उन्होंने गोली चला दी है, न्यायपालिका लहूलुहान हो रही है। संस्थान के प्रमुख के रूप में यह मेरी जिम्मेदारी है कि इसके जिम्मेदार लोगों का पता लगाया जाए। - चीफ जस्टिस सूर्यकांत, सुप्रीम कोर्ट

8वीं की सोशल साइंस की किताब में है 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' वाला अध्याय।

24 फरवरी को प्रकाशित खबरों पर SC ने नोटिस लेते हुए यह सुनवाई की।

बिना शर्त माफी को कोर्ट ने नाकाफी बताया

'लोगों का भरोसा कमजोर होगा'

सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शिक्षा मंत्रालय की ओर से बिना शर्त माफी मांगी। कोर्ट ने कहा कि NCERT का माफी मांगना पर्याप्त नहीं है। ऐसा मिस कंडक्ट, जिसका न्यायपालिका पर स्थायी प्रभाव पड़ सकता है, आपराधिक अवमानना की परिभाषा में आएगा। इसे बेकाबू छोड़ दिया गया तो जनता का जुडिशरी पर भरोसा कमजोर होगा। हम जांच करेंगे कि NCERT का सार्वजनिक रूप से खेद जताना वास्तविक है या आपराधिक दायित्व से बचने का प्रयास मात्र है।

जुडिशरी के खिलाफ ऑनलाइन गालियां हद पार करती हैं: HC

■NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जुडिशरी के खिलाफ सोशल मीडिया पर गाली-गलौज व अपमानजनक पोस्ट करने वालों को चेतावनी दी है। जस्टिस जेजे मुनीर व जस्टिस प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने कहा कि ये फेयर कमेंट या आलोचना के दायरे में नहीं आते। कोर्ट ने बस्ती कोर्ट से जुड़े क्रिमिनल कंटेम्प्ट रेफरेंस की सुनवाई में यह टिप्पणी की। साथ ही वकील की बिना शर्त माफी स्वीकार कर ली।

> मैं खेद व्यक्त करता हूं। NCERT से संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी और ऐसी स्थिति फिर न बने, सरकार इसका ध्यान रखेगी। *–धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री*

'बैठकों से नहीं, संसाधन बढ़ाने से सुधरेगी व्यवस्था'

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 23 साल जेल में बंद रहे पत्नी व तीन बच्चों के हत्यारोपित को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। जस्टिस सिद्धार्थ व जस्टिस नव कृष्ण उपाध्याय की बेंच ने कहा कि अपराध जघन्य है, पर साक्ष्य संलिप्तता सिद्ध नहीं करते। साथ ही न्याय व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल सम्मेलनों से सुधार संभव नहीं है। सुधार के लिए जज, सहायक स्टाफ व आधारभूत ढांचे में बढ़ोतरी जरूरी है।

हाई कोर्ट ने 23 साल जेल में रहे हत्यारोपित को बरी करते हुए टिप्पणी की

आरोपित के खिलाफ अगस्त 2003 में पत्नी और तीन बच्चों की चाकू से गला रेतकर हत्या की FIR दर्ज हुई थी। ट्रायल कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी आरोपित का बेटा था। अपील पर सुनवाई के दौरान उसने दबाव में बयान देने की बात कबूल की। कोर्ट ने कहा कि आरोपित की वास्तविक पीड़ा अब शुरू होगी। जीवित पुत्र जो अब 25 से 26 साल का होगा, क्या पिता को स्वीकार करेगा, यह भी निश्चित नहीं है।

जापान में दो दिन में हुए 90 हज़ार करोड़ के MoU

सीएम ने यामानाशी में रोड शो किया, मैग्लेव में यात्रा की

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने जापान दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को यामानाशी प्रांत में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि जापान में यूपी के प्रतिनिधिमंडल के साथ 90 हजार करोड़ रुपये के एमओयू हुए हैं। साथ ही 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव भी मिले हैं। योगी ने 500 किमी प्रति घंटा से अधिक स्पीड वाली ट्रेन मैग्लेव में यात्रा भी की।

बातचीत के दौरान यामानाशी और यूपी सरकार के बीच उद्योग, पर्यटन और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी ने अगस्त में 200 जापानी सीईओ के साथ यूपी के दौरे का प्रस्ताव भी दिया। सीएम ने यामानाशी में हाइड्रोजन फैसिलिटी का दौरा भी किया। इस दौरान उन्होंने पावर-टू-गैस प्रणाली को करीब से देखा। यह प्रणाली सौर और पवन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से उत्पन्न बिजली को हाइड्रोजन में बदलती है। इस हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन, ऊर्जा भंडारण और स्वच्छ परिवहन के लिए किया जाता है।

छात्रों को जापान में मिलेगी ट्रेनिंग

यामानाशी और यूपी सरकार के बीच ग्रीन हाइड्रोजन, स्वच्छ ऊर्जा नवाचार और तकनीकी आदान-प्रदान के लिए एमओयू भी हुआ। इसके तहत यूपी के उच्च तकनीकी संस्थानों के छात्र जापान में ट्रेनिंग पा सकेंगे। ▸▸पेज 9

501 Kmph की स्पीड

सीएम ने मैग्लेव ट्रेन में यात्रा का भी अनुभव साझा किया। उनके सफर के दौरान ट्रेन की स्पीड 501 किमी प्रति घंटे तक रही। सीएम ने कहा कि यह अनुभव भविष्य की परिवहन व्यवस्था की झलक जैसा था।

9 करोड़ रुपये नकद और लेनदेन के दस्तावेज़ मिले

BSP विधायक उमाशंकर के यहां दूसरे दिन भी छापेमारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

बसपा विधायक उमाशंकर सिंह और उनके करीबियों के ठिकानों पर दूसरे दिन गुरुवार को भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी रही। दावा है कि तलाशी में 9 करोड़ रुपये नकद समेत लूज शीट्स, डायरियां, हाथ से लिखे दस्तावेज और टेंडर-भुगतान से जुड़ी कई संदिग्ध फाइलें मिली हैं। इनमें बड़े पैमाने पर लेनदेन के संकेत हैं। सूत्रों के मुताबिक, गोमतीनगर में विधायक के दोनों आवास में गुरुवार दोपहर तक तलाशी पूरी हो गई, जबकि बलिया, वाराणसी, सोनभद्र और प्रयागराज में सर्वे जारी है।

सहयोग का दावा

उमाशंकर लंबे वक्त से बीमार हैं। उनके बेटे प्रिंस युकेश सिंह ने X पोस्ट में जांच में पूरी तरह से सहयोग किए जाने का दावा किया। वह उमाशंकर की कंपनी छात्रशक्ति कंस्ट्रक्शन के सीईओ भी हैं।

सूत्रों के मुताबिक, सोनभद्र में खनन और PWD समेत कई विभागों में उमाशंकर की कंपनी को मिले टेंडरों के तार भी छापेमारी से जुड़े हैं। उनकी कंपनी पर अफसरों से मिलीभगत कर टेंडर लेने के आरोप लगते रहे हैं।

48 घंटे में एयर टिकट कैंसल करने पर चार्ज नहीं: DGCA

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

डीजीसीए ने आदेश दिया है कि फ्लाइट टिकट बुकिंग के 48 घंटे के भीतर कैंसल या संशोधन पर एयरलाइंस कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेंगी। इसके लिए यात्री को सिर्फ बदले हुए किराये का अंतर ही देना होगा। घरेलू उड़ान में प्रस्थान से 7 दिन और अंतरराष्ट्रीय में 15 दिन से कम समय बचा हो तो यह सुविधा नहीं मिलेगी। रिफंड क्रेडिट शेल में डालना यात्री की सहमति पर ही होगा।

काम की खबरें

- अब गूगल मैप पर मिलेगा आधार केंद्रों का पता। ▸▸ पेज 3
- सिम कार्ड के बिना नहीं चलेगा WhatsApp, 1 मार्च से 'सिम बाइंडिंग' अनिवार्य। ▸▸ पेज 12
- देशभर में कल से सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ टीकाकरण अभियान, पीएम करेंगे शुरुआत। ▸▸ पेज 14
- नियमों में बड़ा बदलाव, सेबी लाया 'लाइफ साइकल फंड', लक्ष्य के साथ बदलता रहेगा निवेश ▸▸ पेज 12

हैपी मॉर्निंग

टीचर (स्टूडेंट से): सेमेस्टर सिस्टम से क्या फायदा है, बताओ?

स्टूडेंट: फायदा तो पता नहीं, पर बेइज्जती साल में दो बार हो जाती है।

सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
लखनऊ	₹1,62,555
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
लखनऊ	₹2,85,000

अर्थसार

सेंसेक्स	82,248.61	(-27.46)
निफ्टी	25,496.55	(+14.05)
रुपया/US डॉलर	90.90	(-0.04)
रुपया/यूरो	107.44	(+0.08)

मौसम

न्यूनतम तापमान 14.4°
अधिकतम तापमान 30.4°
सूर्यास्त शुक्रवार 6:06 | सूर्योदय शनिवार 6:32

हार्दिक बधाई 72 रनों से जीते, अर्श से फर्श पर आया जिंबाब्वे

अब सेमीफाइनल की रेस में भारत

■ NBT रिपोर्ट, चेन्नै: T20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 स्टेज में पहला मुकाबला हारने के बाद गुरुवार शाम भारतीय टीम ने जानदार वापसी की और जिंबाब्वे को 72 रनों से हराया। अब रविवार को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाला मुकाबला एक तरह से क्वॉर्टर फाइनल मैच होगा, जहां जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएगी। ▸▸पेज 13

256 रन बनाए भारतीय टीम ने 4 विकेट पर। यह T20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का दूसरा सर्वाधिक स्कोर है।

184 रन ही बना पाई जिंबाब्वे की टीम 6 विकेट पर, अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिए।

लंबे वक्त बाद अभिषेक शर्मा (55 रन, 30 बॉल) का बल्ला चला। तिलक वर्मा ने 16 गेंद पर 44 रन और प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक पंड्या ने 23 गेंद पर 50 रन की नाबाद पारी खेली।

आज का मैच
इंग्लैंड vs न्यूजीलैंड
कोलंबो, शाम 7 बजे से
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर: पेज 13

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG2 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-26-2026 22:12 Color:

आपने भेज दी हैं...अपने प्रियजनों को ?

SWIGGY

zomato

और छप्पन भोग के अपने एप्प पर उपलब्ध

होली गिफ्ट हैम्पर्स

बेहतर स्वाद...बेहतरीन सोच !

मीठे-मीठे पल !

अहा!

CHHAPPAN BHOG

The Mithai Shop

कोरियर डिलीवरी* देश विदेश में



chhappanbhog.com

आर्डर हेतु : 7275565656.

*शर्तें लागू

सदर बाज़ार | फीनिक्स पलासियो | लखनऊ एयरपोर्ट

ग्राउन्ड फ्लोर, वैस्ट गेट

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: cci Time: 02-27-2026 00:13 Color:

त्योहारों के लिए राजधानी के बाजार सज चुके हैं। इस बार होली, रमजान के साथ शादियों के ट्रिपल कॉम्बो ने नई रौनक बिखेर दी है। -p6

गंगा हॉस्टल में खाना खाकर छात्राओं के बीमार पड़ने के बाद वीसी एलयू के न्यू कैंपस पहुंचे और छात्राओं से मिले। -p8

145 रहा लखनऊ का AQI गुरुवार को, जो मॉडरेट रहा।

1533 पर कूड़ा उठान और स्ट्रीट लाइट न जलने की कर सकते हैं शिकायत



नवभारत टाइम्स। कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)। शुक्रवार, 27 फरवरी 2026

शहर में आज

- ब्रेकथ्रू की ओर से दे ताली सपनों से सफलता तक कार्यक्रम, संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर, सुबह 10 बजे।
- यूपी एग्रोसमिट -2026, होटल रेनेसेंस, गोमती नगर, सुबह 10 बजे।
- उ.प्र. मत्स्य विकास की ओर से मीन महोत्सव एवं एक्वा एक्सपो-2026, मार्स हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, सुबह 10:30 बजे।
- पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वार्षिक खेल उत्सव, महाविद्यालय परिसर, राजाजीपुरम, सुबह 10 बजे।
- ओम् ब्राह्मण महासभा की ओर से शहीद चंद्रशेखर तिवारी आजाद बलिदान दिवस पर श्रद्धांजली कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन, जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र, निकट रूमी गेट, चौक, दोपहर 2 बजे।
- वरिष्ठ पत्रकार विधि सिंह और मोहम्मद इरफान की स्मृति में शोक सभा, यूपी प्रेस क्लब, दोपहर 2: 30 बजे।

शहर में हो रहे कार्यक्रम की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com

बेचने के लिए रखी थी 112 किलो एक्सपायर्ड मिठाई

फफूंद लगी काली मिर्च और खोवा सीज, 15 नमूने लिए गए

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राजधानी में होली के त्योहार में खपाने के लिए इकट्ठा की गई 1.12 क्विंटल एक्सपायर्ड सोन पापड़ी व राजभोग को एफएसडीए की टीम ने नष्ट करवा दिया। इसके साथ ही कोल्ड स्टोर में रखी फफूंद लगी काली मिर्च और खोवा को सीज करवा दिया गया है। टीम के सदस्यों ने खाद्य पदार्थों के 15 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है।

यहां हुई कार्रवाई

- मोहिबुल्लापुर में एसआर सेल्स के हल्दीराम स्टोर से 1.12 क्विंटल एक्सपायर्ड सोन पापड़ी और राजभोग बरामद कर उसे नष्ट करवाया गया।
- ऐशबाग के स्वरूप कोल्ड स्टोर से 10,037 किलो फफूंद लगी काली मिर्च और 378 किलो खोवा सीज किया गया।
- शहर के अलग-अलग प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के 15 नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए हैं।

FSW ने किया जागरूक

सहायक आयुक्त द्वितीय वीपी सिंह ने बताया कि एफएसडीए की टीम ने फूड सेफ्टी ऑन वील (FSW) से मड़ियांव इलाके में जाकर मौके पर खाद्य पदार्थों की जांच की और लोगों को बेहतर खानपान के लिए जागरूक भी किया।

असली है या नकली? ऐसे करें खोवा की पहचान

होली पर मिलावटी खोवा (मावा) सेहत बिगाड़ सकता है। घर पर इन आसान तरीकों से करें शुद्धता की जांच।

हथेली टेस्ट खोवा का एक छोटा टुकड़ा हथेली पर रखकर मलें। अगर इसमें से घी की महक आए और हथेली चिकनी हो जाए, तो खोवा असली है।

आयोडीन टेस्ट थोड़े से खोवा में दो बूंद आयोडीन डालें। अगर खोवा का रंग नीला हो जाए, तो समझ लें कि इसमें स्टार्च या मिलावट की गई है।

गर्म पानी टेस्ट खोवा को गर्म पानी में घोलें और थोड़ा आयोडीन सोल्यूशन मिलाएं। नीला रंग नकली होने की पक्की निशानी है।

चिपचिपाहट असली खोवा दांतों में नहीं चिपकता। अगर खाते समय यह तालू या दांतों में चिपके, तो इसमें मिलावट हो सकती है।

दानेदार बनावट असली खोवा दानेदार और मुलायम होता है, जबकि नकली खोवा थोड़ा रबर जैसा खिंचने वाला महसूस हो सकता है।

ट्रैफिक पुलिस ने प्रयोग के तौर पर लागू की नई व्यवस्था

हैदरगंज तिराहा ब्लॉक पर नहीं संभले हालात

NBT न्यूज, लखनऊ

हजरतगंज और आईटी चौराहे की तर्ज पर अब हैदरगंज तिराहा भी ब्लॉक कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत वाहन चालक अब तिराहा सीधे पार नहीं कर सकेंगे। हालांकि, प्रयोग के पहले ही दिन गुरुवार को तिराहे पर वाहन रेंगते नजर आए।

हैदरगंज और एवरेडी ओवरब्रिज शुरू होने के बाद हैदरगंज तिराहे पर ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती थी। तिराहे पर लगे जाम का असर दोनों ओवरब्रिज और ऐशबाग की ओर जाने वाले मार्ग पर पड़ रहा था। यातायात विभाग ने जाम से निजात दिलाने के कई प्रयास किए और सफलता न मिलने पर अब बैरिकेटिंग कर तिराहा ब्लॉक कर दिया है।

ओवरब्रिज का ट्रैफिक टकराने के कारण रेंगते रहे वाहन

> ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए प्रयोग के तौर पर नई व्यवस्था लागू की गई है। सफलता मिलने पर नई व्यवस्था को स्थायी किया जाएगा।
> – कमलेश दीक्षित, डीसीपी ट्रैफिक

यह है नई व्यवस्था

- एवरेडी ओवरब्रिज से ऐशबाग की ओर जाने वाले वाहन अब तिराहे से लेफ्ट नहीं मुड़ सकेंगे। ये वाहन तिराहे से हैदरगंज ओवरब्रिज पर चढ़कर बैरिकेटिंग पार कर यू-टर्न लेंगे।
- टूड़ियागंज ओवरब्रिज से वाहन ऐवररेडी ओवरब्रिज पर बैरिकेटिंग पार यू-टर्न लेकर सआदतगंज की ओर जा सकेंगे।
- ऐशबाग से सआदतगंज और चौक की ओर जाने वाले वाहन तिराहे से दाएं मुड़कर ऐवररेडी ओवरब्रिज पर बैरिकेटिंग पार कर यू-टर्न लेकर गुजर सकेंगे।

पहले दिन ये दिक्कतें आईं

ओवरब्रिज का ट्रैफिक

नई व्यवस्था लागू होने के पहले ही दिन तिराहे पर वाहन रेंगते नजर आए। बैरिकेटिंग से यू-टर्न लेने पर वाहनों का सामना ओवरब्रिज से आने वाले ट्रैफिक से हुआ। इस वजह से ओवरब्रिज पर वाहनों की कतारें लग गईं। ओवरब्रिज पर ट्रैफिक संचालन पर ब्रेक लगने से हैदरगंज तिराहे पर वाहन रेंगते नजर आए।

सवारी वाहनों का जमावड़ा

हैदरगंज तिराहे पर ई-रिक्शा और ऑटो का सवारियां भरने के लिए जमावड़ा लगा रहता है। बेतरतीब खड़े वाहनों की वजह से हैदरगंज तिराहे का ट्रैफिक संचालन प्रभावित होता है। गुरुवार को भी सवारी वाहन चालकों की मनमानी जारी रही। इस कारण मार्ग संकरा हो गया और वाहनों को गुजरने में दिक्कत हुई।

शहरों को जाम मुक्त करने के लिए तैनात होंगे रूट मार्शल

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूपी में सड़क हादसों में मौतों को कम करने के लिए लागू की गई जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्ट (ZFD) योजना की तर्ज पर अब प्रदेश पुलिस कंजेशन फ्री डिस्ट्रिक्ट (CFD) कार्यक्रम की शुरुआत कर रही है। यह प्रोग्राम जाम की समस्या से निपटने के लिए चलाया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार प्रोग्राम लखनऊ समेत प्रदेश के सातों पुलिस कमिश्नरेट में लागू किया जा रहा है। मार्च में डीजीपी राजीव कृष्ण एक विस्तृत एसओपी जारी करेंगे, जिसके आधार पर सभी जिलों में कार्रवाई शुरू होगी। यातायात निदेशालय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक हर जिले में जाम प्रभावित मार्गों पर रूट मार्शल तैनात होंगे। ये रूट मार्शल मौके पर जाकर ट्रैफिक फ्लो, जाम के कारण, अवैध पार्किंग, सड़क-संरचना की खामियां, ट्रैफिक प्रेशर और पीक-ऑवर जैसी स्थितियों का अध्ययन करेंगे। निरीक्षण के बाद ये स्थानीय पुलिस अधिकारियों को रिपोर्ट देकर समाधान भी बताएंगे। योजना के क्रियान्वयन के बाद जिलों में ट्रैफिक व्यवस्था से जुड़े आंकड़ों को प्रतिदिन पुलिस मुख्यालय भेजा जाएगा। इससे यह पता लगाया जाएगा कि किस जिले में किस स्तर पर सुधार हुआ और कहां अतिरिक्त कदम उठाने की आवश्यकता है। यह मॉडल सफल रहा तो इसे प्रदेश के अन्य जिलों में भी विस्तारित किया जाएगा।

ग्रीन कॉरिडोर का उद्घाटन तीसरी बार टला

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बहुप्रतीक्षित ग्रीन कॉरिडोर (फेज-2) का उद्घाटन अब 28 फरवरी को नहीं होगा। उद्घाटन कार्यक्रम एलडीए की ओर से निरस्त कर दिया गया है। इसकी वजह रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का दिल्ली में व्यस्त कार्यक्रम बताया जा रहा है।

> रक्षामंत्री के उपलब्ध न होने के कारण टाला गया कार्यक्रम

माना जा रहा है कि होली के बाद रक्षामंत्री होली मिलन समारोह में शामिल होने राजधानी आएंगे, तभी ग्रीन कॉरिडोर का उद्घाटन होगा। गौरतलब है कि यह तीसरा मौका है जब ग्रीन कॉरिडोर का उद्घाटन टाला गया है। कॉरिडोर का लोकार्पण रक्षामंत्री और सीएम योगी आदित्यनाथ को करना है।

उद्घाटन समारोह के लिए झूलेलाल वाटिका पर एलडीए की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई थी। परियोजना के दूसरे चरण (पक्का पुल से समतामूलक चौक तक) के कुछ हिस्सों, जैसे रेलवे ओवरब्रिज (ROB) और डालीगंज स्ट्रेच का निर्माण पूरा हो चुका है।

मार्च की शुरुआत में ही दिखेगी मौसम की तल्खी

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक सक्रिय मौसम तंत्र की अनुपस्थिति के कारण आने वाले एक सप्ताह में तापमान में उछाल देखने को मिलेगा। दिन के पारे में 2-3 डिग्री की बढ़त दर्ज की जा सकती है। इधर, बीते तीन-चार दिनों से दिन का पारा 30 डिग्री पर टिका हुआ है। गुरुवार को भी तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रात का पारा 14.4 डिग्री रहा।

AI image

लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले 7 दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जाएगी।

KGMU को लगातार तीसरी बार DHR-MRU अवॉर्ड

NBT न्यूज, लखनऊ

केजीएमयू ने शोध के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए लगातार तीसरी बार DHR-MRU एक्सीलेंस अवॉर्ड अपने नाम किया है। यह अवॉर्ड केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ रिसर्च (DHR) द्वारा दिया जाता है। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि यह पुरस्कार संस्थान की क्वॉलिटी रिसर्च, उच्च शैक्षणिक मानकों और उत्कृष्ट अकादमिक वातावरण के लिए दिया गया है।

प्रवक्ता ने कहा कि इस सफलता का प्रमुख श्रेय कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद के नेतृत्व और सतत प्रयासों को जाता है। कुलपति द्वारा शोध परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग, शोधकर्ताओं का मार्गदर्शन और संस्थागत शोध व्यवस्था को मजबूत करने से विश्वविद्यालय का रिसर्च इकोसिस्टम और मजबूत हुआ है।

मजार मामले में फिर नोटिस जारी

NBT न्यूज, लखनऊ : केजीएमयू परिसर से मजारों को हटाने की समयसीमा बढ़ाकर 4 अप्रैल कर दी गई है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि पहले जारी नोटिस का संतोषजनक जवाब न मिलने पर गुरुवार को प्रशासन ने दोबारा नोटिस जारी किया है। मजार कमिटियों को 28 फरवरी तक कुलसचिव के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। विधि प्रशासन का कहना है कि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल होली और ईद के मद्देनजर कार्रवाई स्थगित कर दी गई है।

खोदाई के दौरान केबल फॉल्ट, FIR

NBT न्यूज, लखनऊ: बाजारखाला इलाके में आरसीसी सड़क की खोदाई के दौरान 11केवी बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे बिजली व्यवस्था बाधित हुई। बाजारखाला विक्टोरिया स्ट्रीट के JE ने बताया कि सोमवार दोपहर बाद करीब 2:30 बजे अर्थ फॉल्ट की वजह से विद्युत व्यवस्था बाधित हुई। जांच में पता चला कि बिल्लौचपुरा में मोहम्मद जुबैर नाम का शख्स सड़क की खोदाई करवा रहा था, जिसकी वजह से केबल क्षतिग्रस्त हो गई। JE ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

खबरें काम की

गूगल मैप पर मिलेगा आधार केंद्रों का पता

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) ने गूगल मैप्स पर अधिकृत आधार केंद्रों को प्रदर्शित करने के लिए गूगल के साथ साझेदारी की है। इस पहल से देश भर में लोग घर बैठे गूगल के जरिए अपने नजदीकी अधिकृत आधार केंद्रों को सर्च कर वहां तक पहुंच सकेंगे। UIDAI के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश कुमार ने बताया कि इस पहल से नागरिकों को आधार केंद्रों की पहचान करने में सहायता मिलेगी। साथ ही, वयस्क नामांकन, बाल नामांकन या केवल पता और मोबाइल नंबर अपडेट सरीखी सेवाओं से संबंधित केंद्रों की सटीक जानकारी उपलब्ध होगी।

होली पर 2:30 PM से 10:30 PM तक चलेगी मेट्रो

AI image

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : होली (4 मार्च) पर मेट्रो संचालन दिन में 2:30 से रात 10:30 बजे तक होगा। मेट्रो ट्रेन सेवाएं दोनों टर्मिनल स्टेशनों (सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन और मुंशीपुलिया मेट्रो स्टेशन) से दिन में 2:30 बजे चलना शुरू करेंगी और रात 10:30 बजे तक सामान्य रूप से संचालित होती रहेंगी।

पार्क में दिखेंगे रोबॉटिक ड्रैगन, पंचतंत्र के किरदार

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अलीगंज का वनस्थली पार्क जल्द मैजिकल लैंड फैंटसी पार्क के रूप में तब्दील होगा। यहां जुरासिक पार्क की तर्ज पर ड्रैगन, यूनिकॉर्न, साइक्लोप्स, ऐरावत के इंटरैक्टिव रोबॉटिक मॉडल देखने को मिलेंगे। 'पंचतंत्र' की कहानी और किरदार भी लोगों को लुभाएंगे।

एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने गुरुवार को पार्क का निरीक्षण कर सितंबर तक सभी काम पूरे करने के निर्देश दिए। वीसी ने कहा कि शारदीय नवरात्र के अवसर पर नागरिकों के लिए यह थीम पार्क खोल दिया जाएगा। एलडीए के अधिशासी अभियंता नवनीत शर्मा ने बताया कि अलीगंज के सेक्टर-K स्थित वनस्थली पार्क में PPP मोड पर लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से मैजिकल लैंड फैंटसी पार्क विकसित किया जा रहा है। पार्क में निष्प्रयोज्य सामग्री के इस्तेमाल से जलपरी, फीनिक्स, निनी, ग्रिफिन, वेयर वुल्फ, मोगली के 12 लाइव मॉडल और स्कल्पचर्स स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा ड्रैगन, यूनिकॉर्न, साइक्लोप्स, ऐरावत के 10 रोबॉटिक मॉडल भी होंगे। उन्होंने बताया कि पार्क में काफी बड़ी वॉटर बॉडी विकसित की जा रही है, जिसमें आकर्षक फाउंटेन स्थापित किया जाएगा। वॉच टावर और टॉयलेट ब्लॉक भी होंगे।

> जुरासिक पार्क की तर्ज पर अलीगंज में बनेगा मैजिकल लैंड फैंटसी पार्क

एलडीए वीसी ने पार्क का निरीक्षण कर काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।

ठेकेदार को नोटिस

एलडीए वीसी ने कानपुर रोड योजना स्थित गौतम बुद्ध पार्क-1 का भी निरीक्षण किया। पार्क में ले-आउट के मुताबिक कार्य की प्रगति संतोषजनक न मिलने पर कार्यदायी संस्था मेसर्स एचईएसी इंजिनियर्स ऐंड कंस्ट्रक्शन के खिलाफ नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

ज्योतिबा फुले पार्क में शुरू होंगे चार फाउंटेन : एलडीए वीसी ने ज्योतिबा फुले जोनल पार्क का भी निरीक्षण किया। पार्क में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से विकास और सौंदर्यीकरण के कार्य करवाए जा रहे हैं। यहां नए सिरे से विकसित की जा रही वॉटर बॉडी में डांसिंग फाउंटेन, बॉल फाउंटेन, रिंग फाउंटेन व पीकॉक फाउंटेन स्थापित किए जाएंगे। वीसी ने अप्रैल तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG4 User: cci Time: 02-27-2026 00:24 Color:

ठेकेदार ने कर्मचारी को बंधक बनाकर पीटा, मौत

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बाजारखाला इलाके में कूड़ा ठेकेदार ने बिना बताए छुट्टी लेने पर कर्मी को रात भर बंधक बनाकर पीटा। पीड़ित सुबह बाथरूम जाने का झांसा देकर भाग निकला और अपनी मां के घर पहुंच गया। जहां उसकी हालत खराब हो गई। घरवालों ने उसे केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़ित पत्नी ने आरोपित ठेकेदार और उसके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

बिना बताए गया था छुट्टी पर, पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

असम निवासी ऐनुल हक का बेटा रफीक (35) पत्नी साइमा खातून, बेटी रुबीना, बेटे चांद मियां, लालमियां, मुसाफिकुल के साथ सआदतगंज राजकुमार पार्क के पास खाली प्लॉट में झोपड़ी डालकर रहता था। पति-पत्नी ठेकेदार रमजान के अंडर में कूड़ा छांटने का काम करते थे। पत्नी ने बताया कि रफीक ने ठेकेदार से 30 हजार रुपये एडवांस लिए थे। आरोप है ठेकेदार कि दीपती से जबरन काम करवाता था। कुछ दिन पहले रफीक बिना बताए छुट्टी लेकर गऊघाट के पास रहने वाली मां रुकिया के घर गया था। वहां से 21 फरवरी को लौटा।

रफीक के लौटने की जानकारी पाकर ठेकेदार बेटे फैजुल के साथ उसके घर पहुंचे। आरोपित पिता-पुत्र रफीक को जबरन अपने साथ ले गए। आरोपियों ने रफीक को बांस में बांधकर पूरी रात पीटा, जिससे उसकी हालत खराब हो गई। रविवार सुबह बाथरूम जाने का झांसा देकर रफीक भाग निकला और अपनी मां के घर पहुंच गया। जहां उसकी जहां उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। बुधवार रात परिवारीजनों ने उसे केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान रफीक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित पत्नी ने आरोपित ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि आरोपित के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं पुलिस सूत्रों की मानें तो आरोपित को हिरासत में ले लिया गया है।

लॉन मालिक पर कर्मी को पीटने का आरोप

■ NBT न्यूज, लखनऊ : ठाकुरगंज के बलगंज स्थित जीवी लॉन के मालिक शिवम बाजपेई और परिवार पर कर्मी शरद को 14 दिन तक बंधक बनाकर पीटने का आरोप है। निराला नगर निवासी लालता प्रसाद के मुताबिक, शरद ने पिता को कॉल कर सूचना दी। छुड़ाने पहुंचे पिता रामधर और भाई विपिन को भी बंधक बनाकर मारपीट की गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और तीनों को मुक्त कराया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज हुई। थाना प्रभारी ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि मामला पैसे के लेन-देन से जुड़ा है। कर्मी द्वारा एडवांस लेने और नौकरी छोड़ने की बात सामने आई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

नींद में होने का करता रहा नाटक, पिता के सोते ही मार दी थी गोली

आशियाना में कारोबारी की गोली मारकर बेटे ने कर दी थी हत्या

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

आशियाना के सेक्टर- एल में कारोबारी की हत्या के मामले में पुलिस की पड़ताल में सामने आया है कि बेटा नींद में होने का नाटक करता रहा था। जैसे ही उसे लगा कि पिता सो गए हैं, उसने राइफल से गोली मारकर पिता की हत्या कर दी थी। हत्या के समय बेटी पिता के पास में ही सो रही थी।

आशियाना के सेक्टर-एल में पैथॉलजी संचालक और देसी शराब ठेके के कारोबारी मानवेंद्र सिंह (49) बेटे अक्षत और बेटी कृति के साथ मकान के ऊपरी हिस्से में रहते थे। 20 फरवरी की सुबह 4:30 बजे पिता मानवेंद्र की उसने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस की पड़ताल में उसने पिता की हत्या की बात स्वीकार कर ली थी। पुलिस के मुताबिक आरोपित ने पूछताछ में बताया कि पिछले कुछ दिन से लगातार पिता से किसी न किसी बात पर टकराव हो रहा था। आरोपित ने पुलिस को बताया कि 19 फरवरी को रुपये को लेकर पिता मानवेंद्र से नोकझोंक हुई थी। घर में 50 लाख रुपये रखे थे। उनमें से कुछ रुपये कम थे। पिता को शक था कि अक्षत ने रुपये गायब किए हैं। क्योंकि कुछ महीने पहले अक्षत ने ब्रेसलेट और अंगूठी चोरी की थी। उसी के पास से दोनों चीजें बरामद हुई थीं। रुपये चोरी के शक में पिता ने बेटे को कई थप्पड़ जड़ दिए थे। गुस्से में उसे गोली मारने की धमकी भी दी थी। उसी समय आरोपित ने ठान लिया था कि पिता को रास्ते हटा देगा। विवाद के बाद पिता कहीं बाहर चले गए थे। देर रात लौटे थे। वह अक्षत और बेटी कृति के साथ एक ही रूम में सो गए थे। आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह सोने का नाटक करता रहा था। पिता देर रात करीब 1:30 बजे तक मोबाइल पर ऑनलाइन थे। वह इंतजार कर रहा था कि पिता सो जाएं। इसके बाद वह पिता की हत्या कर दे। मानवेंद्र के सोते ही वह उठा और राइफल से पिता की हत्या कर दी थी। गोली की आवाज सुनकर पास में सो रही कृति जाग गई। आरोपित ने गोली उसी साइड से मारी थी जिस तरफ बहन सो रही थी।

मानवेंद्र हत्याकांड

एक महिला को लेकर था मनमुटाव

सूत्रों के मुताबिक कारोबारी मानवेंद्र की एक महिला से नजदीकियां थीं। उनकी पत्नी इस बात का विरोध करती थी तो कारोबारी उनके साथ मारपीट करते थे। पत्नी ने कारोबारी मानवेंद्र के खिलाफ पुलिस से शिकायत भी की थी। पर, परिवारीजनों के दबाव में शिकायत वापस ले ली थी। अक्षत को लगता था कि मां ने महिला से नजदीकियों और विवाद के कारण आत्महत्या की थी। इसी वजह से पिता के प्रति उसके मन में नफरत भरती जा रही थी। पुलिस इस मामले में मानवेंद्र, कृति और अक्षत की कॉल डिटेल खंगाल रही है।

काउंसलर्स की मदद से की गई पूछताछ

पुलिस ने कृति से पूछताछ के लिए काउंसलर्स की मदद ली। कई राउंड में पूछताछ की गई। वह यही कहती रही कि डर गई थी। उसे लग रहा था कि मां की मौत हो चुकी है। पिता भी नहीं रहे हैं। ऐसे में भाई अक्षत भी जेल चले गए तो उसका क्या होगा। उसने पूछताछ में बताया कि पिता की हत्या के बाद डर के कारण चाची के पास सोने के लिए चली गई थी।

अब भी अस्पताल में भर्ती है अक्षत

जेल प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक अक्षत को अभी अस्पताल में ही रखा गया है। हालांकि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान भी वह करवट बदलता रहा। उसने डॉक्टरों को घबराहट की जानकारी दी। डॉक्टरों ने जांच की तो सब कुछ सामान्य था। डॉक्टर लगातार उसकी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। साथ यह भी नजर रखी जा रही है कि अक्षत कहीं खुद को कोई चोट न पहुंचा ले।

फटाफट खबरें

असलहा लेकर कोर्ट में घुसे, दो अरेस्ट

■ NBT न्यूज, लखनऊ : असलहा लेकर कोर्ट परिसर में प्रवेश कर रहे दो युवकों को वजीरगंज पुलिस ने गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपित ठाकुरगंज अमन विहार निवासी लालचंद और राजाजीपुरम निवासी भानु प्रताप यादव को कोर्ट के आठ नंबर गेट के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपित लालचंद के कब्जे से पिस्टल और भानु के पास चार कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक पिस्टल लाइसेंसी है। आरोपियों का पैसों को लेकर विवाद चल रहा है। इसी मुकदमे की पैरवी करने कोर्ट परिसर जा रहे थे।

फ्यूल कम डालने के विरोध पर पीटा

■ NBT न्यूज, लखनऊ : कैंट इलाके में स्थित BP पेट्रोल पंप पर तेल कम डालने को लेकर मारपीट हो गई। कार सवार व्यक्ति ने पंप मैनेजर और 25 कर्मचारियों पर मारपीट और कार में तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हैवलॉक रोड कॉलोनी निवासी तपन गुप्ता ने बताया कि वह पंप पर फ्यूल भरवाने गए थे। पेट्रोल कम डालने की शिकायत पर मैनेजर ने भरपाई का आश्वासन दिया था। शनिवार को मीटर रीडिंग दिखाने पर पंप मैनेजर रमेश तिवारी समेत कर्मचारियों ने उन पर हमला कर दिया।

स्कूल गई किशोरी लापता, केस दर्ज

■ NBT न्यूज, आलमबाग : थानाक्षेत्र के कौरियाना इलाके की 17 वर्षीय किशोरी तीन दिन से लापता है। पिता रमेश शर्मा के अनुसार बेटी 23 फरवरी को स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थी। वापस न लौटने पर तलाश की गई। आरोप है कि साहिल नामक युवक बहला-फुसलाकर उसे अपने साथ ले गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी राम बाबू ने बताया कि किशोरी की तलाश के लिए टीम गठित कर जांच की जा रही है।

बहनों से अश्लील हरकत, आरोपित गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, आलमबाग : पुलिस ने दो बहनों से अश्लील हरकत और चाकू दिखाकर धमकाने के आरोपी कुलदीप कश्यप उर्फ बऊआ को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपित ने बुधवार सुबह भीमनगर से निकली बहनों का पीछा कर बस अड्डे के पास मेट्रो स्टेशन के नीचे छोटी बहन से अश्लील इशारे किए। विरोध पर गाली-गलौज और चाकू दिखाकर धमकी दी। भयभीत किशोरी बहन के पास भागी तो आरोपित ऊपर तक पहुंच गया। विरोध होने पर वह भाग निकला। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को कस्टडी में लिया गया।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

■ NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के केसरी खेड़ा रेलवे फाटक पर गुरुवार तड़के ट्रेन की चपेट में आने से पेंटर शिव सिंह (36) की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, आधार कार्ड से पहचान बहराइच निवासी शिव सिंह के रूप में हुई। वह पारा क्षेत्र में भाई के साथ रहकर कानपुर रोड स्थित ढाबे में काम करता था। तड़के करीब 2 बजे घर लौटते समय पैदल फाटक पार करते हुए हादसा हुआ। जीआरपी ने घायल को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

टेंट कारोबारी ने लगाई फांसी, मौत

■ NBT न्यूज आलमबाग : कोतवाली इलाके में रहने वाले टेंट कारोबारी वैभव तिवारी (25) ने बुधवार रात घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार, वैभव तिवारी का आशियाना के पकरी इलाके में टेंट का कारोबार था। परिवार में दो छोटी बहनें हैं। पिता केके तिवारी के अनुसार आठ माह पूर्व अप्रैल माह में वैभव का विवाह हुआ था। वह छह माह की गर्भवती है। आरोप है कि बेटा और बहू में अक्सर विवाद होता था, दो दिन पूर्व भी दोनों में झगड़ा हुआ था और पत्नी अपने मायके चली गई थी। आलमबाग कोतवाली प्रभारी राम बाबू ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

संदिग्ध हालात में किशोरी लापता, केस दर्ज

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर : सिद्धार्थनगर निवासी महिला की 15 वर्षीय बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला के अनुसार, किशोरी 24 फरवरी की सुबह दोस्त से मिलने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिवारीजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों में तलाश की, पर कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद सरोजनीनगर थाने में तहरीर दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज जांचे जा रहे हैं। किशोरी की तलाश में टीम लगा दी गई है।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

■ NBT न्यूज, लखनऊ : पारा के हर्ष नगर में युवक ने बुधवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार हरदोई निवासी सुनील राठौर परिवार के साथ किराए के मकान में रहते थे और सब्जी-पूड़ी की दुकान लगाते थे। घटना के समय परिवार शादी समारोह में गया था। सुनील घर में अकेले थे। देर रात पत्नी शशि लौटी तो शव पंखे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

अवैध होर्डिंग्स पर वसूला 1.05 करोड़ जुर्माना

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: नगर निगम के प्रचार विभाग ने गुरुवार को शहर में बिना अनुमति लगे होर्डिंग्स के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने सुल्तानपुर रोड क्षेत्र में मेसर्स आउटडोर लैब्स एडवरटाइजिंग द्वारा लगाए गए होर्डिंग हटवाए। शहीद पथ से मेसर्स अवध मीडिया एडवरटाइजिंग और कानपुर रोड से मेसर्स न्यू लिटास एडवरटाइजिंग के विज्ञापन भी हटाए गए। नगर निगम ने संबंधित एजेंसियों से लंबित अनुज्ञा शुल्क भी जमा करवाया। अभियान में कुल 1.05 करोड़ रुपये नगर निगम कोष में जमा करवाए गए।

महिला कारोबारी का खाता फ्रीज, केस दर्ज

■ NBT न्यूज, पीजीआई : वृंदावन योजना निवासी हस्तशिल्प कारोबारी शेरी सिंह उर्फ स्नेहा ने महाराष्ट्र निवासी ग्राहक नगमा पर गाली-गलौज, मानहानि और फर्जी साइबर शिकायत का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार डिलीवरी समय को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद नगमा ने कथित रूप से साइबर शिकायत कराई। आरोप है कि शिकायत के आधार पर एचडीएफसी बैंक खाता फ्रीज कर दिया गया। फिलहाल पीजीआई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डॉगी को लात मारने में दो पक्षों में संघर्ष

■ NNBT न्यूज, लखनऊ : सआदतगंज के इरिगन तालाब इलाके में डॉगी को लात मारने पर दो गुटों में जमकर लाठी-डंडे चले। हिंसक झड़प में मां-बेटे समेत दोनों पक्षों के सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों तरफ से केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सतीष आर्य ने बताया कि स्थानीय निवासी प्राची गुजर रही थी, तभी सूरज के पालतू डॉगी ने उन पर झपट्टा मार दिया। शोर सुनकर पड़ोसी ऊषा पहुंची और बचाव में डॉगी को लात मार दी। इससे नाराज सूरज के परिवार ने हमला कर दिया। मारपीट में एक तरफ से सूरज और उनकी मां पूनम घायल हुए, वहीं दूसरे पक्ष से आशीष, ऊषा, रोहित, अंशु और प्राची को चोटें आईं।

लापता बीएलओ का चार दिन बाद भी नहीं मिला सुराग

■ NBT न्यूज, जानकीपुरम : जानकीपुरम क्षेत्र से लापता बीएलओ दिलीप सिंह उर्फ दीपू का चार दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। गुरुवार सुबह 11:30 बजे एडीएम एफआर लखनऊ राकेश सिंह, एडीसीपी उत्तरी अक्षय रुनवाल, एसीपी अलीगंज शशि प्रकाश मिश्र, बेसिक शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार, इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी की टीम ने बीएलओ की पत्नी दीपिका सिंह से मुलाकात की।

बस अड्डा, स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की गुहार

दीपिका ने एडीएम व एडीसीपी से बस अड्डा, रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने की गुहार लगाई है। पुलिस को बीएलओ की फोन की अंतिम लोकेशन जुगौर, गोमतीनगर में मिली है। उधर दिलीप के परिवार के सदस्य अनहोनी की आशंका से सहमे हुए हैं। घर के आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज सामने आई है, जिसमें दिलीप सिंह अकेले पैदल जाते नजर आ रहे हैं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि फुटेज किस समय और किस दिशा का है। पुलिस फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। एसीपी अलीगंज शशि प्रकाश मिश्र ने बताया कि बीएलओ को खोजने में कई टीमें काम कर रही हैं। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी के अनुसार खोजबीन के साथ ही तकनीकी साक्ष्यों की मदद से बीएलओ की तलाश जारी है।

₹72 लाख ठगे, रेप केस में फंसाने की धमकी

■ NBT न्यूज, पीजीआई : पीजीआई क्षेत्र में रहने वाले हेमंत कुमार राय ने 72 लाख रुपये की ठगी और करीब 20 लाख रुपये कीमत की कार हड़पने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हेमंत के अनुसार, उनका ड्राइवर का काम देखने वाले संजय के जरिए मुंबई निवासी सैय्यद अख्तर से मुलाकात हुई थी। 24 दिसंबर 2023 को आरोपितों ने एक वर्ष में रकम लौटाने का भरोसा देकर 72 लाख रुपये उधार लिए। पीड़ित ने जनवरी 2024 में अलग-अलग तारीखों पर 15 लाख, 7 लाख और 50 लाख रुपये आरटीजीएस से विभिन्न खातों में ट्रांसफर किए। आरोप है कि लंबे समय बाद केवल 50 हजार रुपये ही लौटाए गए। रकम मांगने पर आरोपितों ने फर्जी दुष्कर्म केस में फंसाने और हत्या कराने की धमकी दी। पीड़ित का यह भी आरोप है कि दबाव बनाकर चार पहिया वाहन अपने नाम खरीदवा लिया गया। पहले कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली गई। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि विवेचना जारी है।

गुम मोबाइल से निकले 95 हजार रुपये

■ NBT न्यूज, आलमबाग : आशियाना थानाक्षेत्र में युवक का मोबाइल गुम होने के बाद खाते से 95 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए। एल्डिको उद्यान निवासी अजय तिवारी के अनुसार 17 फरवरी को फोन चोरी हो गया था। शिकायत के बाद नंबर ब्लॉक करवा दिया था लेकिन अगले दिन खाते से कई ट्रांजेक्शन में कुल 95,501 रुपये निकल गए। 19 फरवरी को सिम चालू करने पर बैंक कॉल से जानकारी हुई। पीड़ित ने साइबर सेल और आशियाना थाने में शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फ्लैट और प्लॉट के नाम पर लाखों हड़पे

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : वृंदावल्ली इलाके में फ्लैट बेचने का झांसा देकर रियल एस्टेट कंपनी के निदेशक और पिता-पुत्र ने बुजुर्ग सरोजरानी अग्रवाल से 38 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता ने डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह से मुलाकात की। डीसीपी के के निर्देश पर गाजीपुर पुलिस ने राम उजड़ तिवारी, उनके बेटे आलोक प्रकाश तिवारी और सत्य प्रकाश मिश्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजेश मौर्या ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की पड़ताल की जा रही है। वहीं इंदिरानगर की सिद्धार्थ विहार कॉलोनी निवासी कांति वर्मा से प्लॉट दिलाने के नाम पर 9.80 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मुंशी पुलिया स्थित कंचन इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक इकबाल बहादुर सिंह पर जालसाजी का आरोप लगाया है। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर गाजीपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता के मुताबिक, आरोपित ने रजिस्ट्री के नाम पर टालमटोल की और बाद में जो चेक दिया, वह भी बाउंस हो गया।

घर में घुसकर मासूम से दरिंदगी का प्रयास, आरोपित गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, लखनऊ : जानकीपुरम इलाके में गुरुवार दोपहर एक युवक ने बाउंड्रीवॉल फांदकर घर में घुसने के बाद 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ रेप का प्रयास किया। बच्ची के चिल्लाने पर मां और मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए। भीड़ ने आरोपित को मौके पर ही दबोच लिया और उसकी जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी के मुताबिक, बच्ची दोपहर करीब 1 बजे घर के पोर्च में खेल रही थी, जबकि उसकी मां घर के काम में व्यस्त थी। इसी दौरान आरोपित बाउंड्रीवॉल कूदकर अंदर दाखिल हुआ और सीढ़ियों पर बच्ची के साथ दरिंदगी की कोशिश की। बच्ची के शोर मचाने पर जब मां दौड़कर बाहर आई तो आरोपित को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। आरोपित दीपक शर्मा मूल रूप से अलीगढ़ का रहने वाला है और वर्तमान में जानकीपुरम के गड़रियन पुरवा में रह रहा था।

युवक को घायल करने वाले पांच आरोपित गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, काकोरी : दुबग्गा के अंधे चौकी इलाके में युवक पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना बुधवार देर शाम की है, जब छंदोइया निवासी फैय्याज का बेटा नोमान घर का सामान खरीदने अंधे चौकी गया था। आरोप है कि रंजिश के चलते पहले से मौजूद मलका गाजी, मुकियान गाजी, वासिर गाजी, रेहान गाजी, सलमान गाजी, फैजान गाजी, अतीक गाजी, सारिक गाजी, उमेर गाजी समेत 8 से 10 अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर नोमान को लहूलुहान कर दिया। मारपीट में युवक बेहोश होकर गिर पड़ा।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमले के दौरान नोमान के 20 हजार रुपये और फोन भी गायब हो गया। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिवारीजनों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। वारदात से नाराज सैकड़ों लोगों ने दुबग्गा थाने का घेराव कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि फैय्याज की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जांच के आधार पर रेहान अहमद, मो. यूसुफ, नसरुद्दीन, मुख्तार और मो. सलमान, निवासी गढ़ी बगिया, को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बाकी आरोपितों की तलाश जारी है।

महिला मरीज़ की मौत मामले में जेपीएस चिल्ड्रन अस्पताल लापरवाही का दोषी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : गोमती नगर के जेपीएस चिल्ड्रन अस्पताल को मरीज की मौत के मामले में CMO ऑफिस की जांच कमिटी ने दोषी पाया है। CMO कार्यालय ने जांच के बाद रिपोर्ट पुलिस और यूपी मानवाधिकार आयोग (UPHRC) को भेज दी है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल का लाइसेंस निलंबित करने, जुर्माना लगाने समेत अन्य कानूनी कदम भी उठाए जा सकते हैं। पीड़ितों के मुताबिक UPHRC के हस्तक्षेप के बाद CMO ऑफिस हरकत में आया था।

CMO ऑफिस की जांच पूरी, यूपी मानवाधिकार आयोग को भेजी गई रिपोर्ट

बाराबंकी सतरिख मठौली गांव निवासी रोशनी (24) को बीते साल 27 सितंबर को पति संजय ने खुर्रमनगर स्थित जेपीएस चिल्ड्रन अस्पताल में भर्ती करवाया था। अस्पताल में सीटी स्कैन व खून से जुड़ी जांचें हुई थीं। संजय ने आरोप लगाया था कि इलाज में लापरवाही से मरीज की हालत बिगड़ गई। इलाज के दौरान आईसीयू में रोशनी ने दम तोड़ दिया। आरोप था कि अस्पताल प्रशासन ने इलाज के नाम पर लगभग 1.20 लाख रुपये का बिल थमाकर 90 हजार रुपये वसूल लिए थे। इस मामले में पीड़ित पति ने UPHRC में फरियाद की थी।

सार्वजनिक स्थलों पर जाम छलकाया, 326 दबोचे

राजधानी के विभिन्न इलाकों में रात 9 से 11 बजे तक चला अभियान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

राजधानी में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों और राहगीरों (विशेषकर महिलाओं) के लिए असुविधा पैदा करने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ा अभियान छेड़ा है। बुधवार रात 9 बजे से 11 बजे के बीच शहर के पांचों जोन में एक साथ औचक चेकिंग की गई, जिसमें 326 लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई।

CP और JCP (LO) के निर्देश पर एक्शन : पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर के निर्देश पर जेसीपी एलओ बबलू कुमार ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे। इसी क्रम में सभी एसीपी और थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के पार्कों, बाजारों, बस स्टैंडों और चौराहों पर सघन तलाशी ली।

2211 लोगों की चेकिंग : दो घंटे चले इस सघन अभियान के दौरान पुलिस की टीमों ने कुल 329 संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान कुल 2211 व्यक्तियों की चेकिंग की गई। पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, सार्वजनिक स्थलों पर कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

हर जोन में चेकिंग की स्थिति

जोन	स्थान	व्यक्ति	चालान
मध्य जोन	79	453	28
पूर्वी जोन	58	378	33
दक्षिणी जोन	46	259	25
पश्चिमी जोन	16	846	204
उत्तरी जोन	30	275	36
कुल योग	329	2211	326

निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत
अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक/कक्षा 1 में प्रवेश कराते हुए कक्षा 8 तक

निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था

प्रथम चरण के कुल 2,61,501 आवेदनों में से 1,09,349 बच्चों को मिली निःशुल्क शिक्षा

आगामी आवेदन चरण

आवेदन चरण	ऑनलाइन आवेदन करने की तिथियां	लॉटरी की तिथियां	नामांकन हेतु आदेश जारी किये जाने की तिथियां
द्वितीय चरण	21 फरवरी से 07 मार्च, 2026	09 मार्च, 2026	11 मार्च, 2026
तृतीय चरण	12 मार्च से 25 मार्च, 2026	27 मार्च, 2026	29 मार्च, 2026

- ऑनलाइन आवेदन एवं अन्य जानकारी हेतु पोर्टल : rte25.upsdc.gov.in
- माता अथवा पिता अथवा अभिभावक आवेदन में अपने ग्राम पंचायत अथवा वार्ड में स्थित किसी भी निजी विद्यालय का चयन कर सकेंगे
- आवेदन करने में किसी प्रकार की समस्या आने पर अपने ब्लॉक संसाधन केंद्र अथवा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क करें

पात्रता श्रेणी

अलाभित समूह	दुर्बल वर्ग
अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग एवं निःशक्त बच्चा	जिसके माता-पिता या संरक्षक, सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत गरीबी रेखा के नीचे (अन्त्योदय) के कार्डधारक हैं
HIV अथवा कैंसर पीड़ित माता/पिता/अभिभावक का बच्चा, अनाथ बच्चा (चाहे वह बाल गृह में हो)	जिसके माता-पिता या संरक्षक दिव्यांगता/वृद्धावस्था/विधवा पेंशन प्राप्तकर्ता हैं
	जिसके माता-पिता या संरक्षक की अधिकतम वार्षिक आय ₹1.00 लाख तक हो

पात्रता अनुसार आवेदन हेतु आवश्यक अभिलेख
- माता अथवा पिता अथवा अभिभावक का आय प्रमाण-पत्र/जाति प्रमाण-पत्र
- माता अथवा पिता अथवा अभिभावक का निवास प्रमाण-पत्र
- माता अथवा पिता अथवा अभिभावक का आधार प्रमाण-पत्र
- बच्चे का जन्म प्रमाण-पत्र
- पात्रता अनुसार अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्र

- पूर्णतः निःशुल्क योजना : इस योजना के अंतर्गत आवेदन, सत्यापन, विद्यालय आवंटन, प्रवेश एवं कक्षा 8 तक के शिक्षण हेतु किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है
- गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को प्रति बच्चा ₹5,400 वार्षिक फीस प्रतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जाती है
- अभिभावकों को पाठ्यपुस्तक, जूता, मोजा आदि क्रय किये जाने हेतु ₹5,000 वार्षिक प्रदान किए जाते हैं

हेल्पलाइन नम्बर : 18008893277 विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-26-2026 22:19 Color:

अमूल खोआ

अमूल खोआ की गुणवत्ता, शुद्धता और विश्वास, मिठाई बनाए ख़ास।

अमूल खोआ होम पैक

घर पर बर्फ़ी, पेड़ा, गुलाबजामुन, गुजिया, गाजर का हलवा बनाने और विभिन्न व्यंजनों की गार्निशिंग करने के लिए उत्तम। 22% फैट के साथ।

खोआ के 200 ग्राम पैक पर रुपये 5 की छूट।

~~₹95~~ ₹ 90* / 200g

खोआ के 500 ग्राम पैक पर रुपये 10 की छूट।

~~₹225~~ ₹ 215* / 500g

अमूल खोआ होम पैक यहाँ उपलब्ध।

SHOP NOW

blinkit | Filpkart MINUTES | zepto | bigbasket A TATA Enterprise | instamart | JioMart | hyperpure BY ZOMATO | Amul Parlours and leading retail stores.

प्रिय मिष्ठान व्यापारीगण, अपनी मिठाई की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को बढाने के लिए अमूल खोआ का उपयोग करें।

अमूल धाप खोआ

नरम और हल्का नम, 26% मिल्क फैट के साथ।
गुलाबजामुन, कालाजामुन और रसदार मिठाइयों के लिए उपयुक्त।

~~₹450~~ ₹ 325* / kg

₹3900* / 12kg BUCKET

अमूल मीठा खोआ

मीठा खोआ बनाने के दौरान इसमें चीनी मिलाई जाती है।
19% मिल्क फैट के साथ इसकी बनावट दानेदार होती है।
पेड़ा और बर्फ़ी जैसी मिठाइयों के लिए सही विकल्प।

~~₹450~~ ₹ 310* / kg

अमूल पिंडी खोआ

कम नमी और सूक्ष्म दानेवाला, 22% मिल्क फैट।
पेड़ा, बर्फ़ी और मिल्क केक जैसी मिठाइयों के लिए उपयुक्त।

~~₹450~~ ₹ 325* / kg

₹3900* / 12kg BUCKET

*Offer Price (incl. of all taxes). Conditions apply.

यह कूपन धारक को अमूल खोआ की उपरोक्त श्रेणी पर रूपये 10 प्रति किलो की विशेष छूट उपलब्ध लाभ प्राप्त करने के लिए अपने क्षेत्र के अमूल दूध या अमूल आइस क्रीम के वितरक को संपर्क करें अथवा नीचे दिए गये नंबर पर संपर्क करें।

DISCOUNT COUPON
₹10* per kg
Valid till 5th March 2026

ऑर्डर तथा व्यवसायिक पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें: उत्तरी दिल्ली: 9888390205, पश्चिमी दिल्ली: 9350835866, पूर्वी दिल्ली: 9312822095, दक्षिणी दिल्ली: 7827255377, गुरुग्राम: 9313125999, फरीदाबाद: 9013291431, रोहतक, सोनीपत, पानीपत और अंबाला: 9718222906, गाज़ियाबाद और पश्चिमी उत्तर प्रदेश: 9555513384 या हमें amulsweets@amul.coop पर लिखे।

होली-रमजान की जुगलबंदी से 100 करोड़ के पार जाएगा बाजार, कस्टमाइज्ड टी-शर्ट की धूम

चेहरों पर गुलाल, टी-शर्ट पर यार

■ NBT न्यूज, लखनऊ: राजधानी के बाजारों में इस बार होली, रमजान और शादियों के ट्रिपल कॉम्बो से रौनक चरम पर है। इस बार सबसे ज्यादा क्रेज कस्टमाइज्ड टी-शर्ट का है, जहां युवा अपनी टोली की फोटो, दोस्ती यारी के स्लोगन और खास ग्राफिक्स वाली टी-शर्ट पहनकर हुड़दंग की तैयारी में है। उत्तर प्रदेश कपड़ा उद्योग प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी के मुताबिक, इस बार कारोबार में 50% की वृद्धि के साथ बाजार के 100 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करने की उम्मीद है।

होलीमय बाजार

Sandeep Rastogi

यह तस्वीर अमीनाबाद की है। गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में यहां रमजान और होली की तैयारी का असर रहा।

मैजिक टीशर्ट

गिरीश ने बताया कि एक मैजिक टी शर्ट आई है। उस पर अगर आप पिचकारी से पानी डालते हैं तो अपने आप शर्ट के काले प्रिंट से लाल और पीले कलर निकलने लगते हैं और ऐसा लगता है किसी ने पिचकारी से सादा पानी नहीं बल्कि कई रंग से मिला पानी डाला है।

महिलाओं की पसंद और घर की सजावट

बाजार में सुरेश छबलानी के अनुसार चंदेरी, मसलीन और चिकनकारी की फैंसी कुर्तियों का सैलाब है। वहीं घर को सजाने के लिए श्रीराम रोड के प्रभु जालान ने बताया कि बिना सिलाई वाले इलास्टिक सोफा कवर (₹1400-1825) और लिनन के पर्दे (₹270-800 मीटर) खूब बिक रहे हैं। बजट खरीदारों के लिए ₹100 में ग्राफिक्स वाली टी-शर्ट और ₹150 में रंगीन कुर्ती भी उपलब्ध है।

पर्सनल टच

बदला ट्रेंड

भूतनाथ के पेरिस गिफ्ट कार्नर के गिरीश समतानी ने बताया कि परिवार और न्यूली मैरिड कपल्स 'माई फर्स्ट होली' वाली टी-शर्ट पसंद कर रहे हैं। ये ₹100 से ₹300 में उपलब्ध हैं।

नजीराबाद के व्यापारी याकूब के अनुसार, ईद पर अब सफेद के बजाय ब्लैक, येलो और मेहरून जैसे चटख रंगों के साथ दिल्ली-मुंबई के शीशे वाले कुर्तों की मांग है।

वेस्टर्न लुक

यूपी आदर्श मॉल एसोसिएशन के प्रभारी मो. अफजल ने बताया कि जीन्स में अब 'लूज फिट' और शर्ट में 'सफारी लुक' लेटेस्ट ट्रेंड है।

नक्खास में इत्र बरसेगा, रोजेदारों संग फूलों वाली होली खेलेंगे होरियारे

AI Image

■ NBT न्यूज, लखनऊ : राजधानी में इस बार होली के रंगों में 'रमजान' की इबादत वाली मिठास भी घुली होगी। चौक और चौपटिया से निकलने वाले होरियारों के पारंपरिक जुलूस में इस बार लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल देखने को मिलेगी। समिति के महामंत्री रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया कि चूंकि पवित्र माह-ए-रमजान चल रहा है, इसलिए होरियारों ने तय किया है कि रोजेदार मुस्लिम भाइयों के साथ रंगों के बजाय फूलों से होली खेली जाएगी।

होली और रमजान का संयोगः जुलूस में दिखेगी लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब

70% मुस्लिम इलाकों से गुजरेगा जुलूसः शुभ संस्कार समिति की ओर से चौपटिया के ककड़ पार्क से 4 मार्च को सुबह 9:30 बजे 52वां पारंपरिक जुलूस निकाला जाएगा। उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल के मुताबिक, जुलूस भोलेनाथ कुआं, अकबरी गेट, विक्टोरिया स्ट्रीट, मेडिकल चौराहा होते हुए चौक पहुंचेगा और फिर हरदोई रोड से चौपटिया पर समाप्त होगा। इसमें डॉ. दिनेश शर्मा और विधायक नीरज बोरा भी शामिल होंगे।

चौक से नक्खासः होलिकोत्सव समिति के संयोजक अनुराग मिश्र 'अन्नू' ने बताया कि चौक से नक्खास तक जाने वाले जुलूस में हमेशा से आपसी प्रेम का रंग रहा है। मुस्लिम परिवार होरियारों पर इत्र छिड़क कर स्वागत करते आए हैं, और इस बार होरियारे भी फूलों से प्रेम बरसाएंगे।

रंगभरी एकादशी आज

■ NBT न्यूज, लखनऊ : फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी यानी 'रंगभरी एकादशी' शुक्रवार को मनाई जाएगी। इसे आमलकी या आंवला एकादशी भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन से साधु-संतों की टोली रंगों के त्योहार की औपचारिक शुरुआत करती है। यह तिथि 'हरि' (विष्णु) और 'हर' (शिव) दोनों की उपासना के लिए विशेष मानी गई है।

शुभ मुहूर्त और पारणा : अलीगंज स्थित स्वस्तिक ज्योतिष केंद्र के ज्योतिषाचार्य एस.एस. नागपाल ने बताया कि एकादशी तिथि गुरुवार दोपहर 12:33 बजे से शुरू होकर शुक्रवार रात 10:32 बजे तक रहेगी। व्रत का पारण 28 फरवरी की सुबह किया जाएगा।

फटाफट खबरें

एआई आधारित मॉडल किए प्रदर्शित

■ NBT न्यूज, लखनऊ: बाबू बनारसी दास (बीबीडी) एजुकेशनल ग्रुप के लखनऊ कैंपस में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 'उत्कर्ष-2026' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की थीम 'विरासत से विकास तक' रखी गई। मुख्य अतिथि यंग लीडर्स फोरम यूपी चैप्टर के चेयरमैन नीरज सिंह व बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं प्रो-चांसलर विराज सागर दास ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। गणेश वंदना व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ शुरू हुए समारोह में विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। नीरज सिंह ने छात्रों को भविष्य का नेतृत्वकर्ता बताते हुए शिक्षा व संस्कारों को सफलता की आधारशिला बताया। कार्यक्रम में टेक एक्सपो-2026 में छात्रों द्वारा तैयार एआई आधारित 100 से अधिक मॉडल प्रदर्शित किए गए।

मातृभाषा में अभिव्यक्ति का महत्व बताया

■ NBT न्यूज, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के ज्योतिर्विज्ञान विभाग और बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से अपनी भाषा और अपनी अभिव्यक्ति विषयक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। समन्वयक डॉ. श्यामलेश कुमार तिवारी ने भाषा को व्यक्ति की पहचान, चिंतन और सृजन का मूल आधार बताते हुए मातृभाषा में अभिव्यक्ति के महत्व पर बात की। इस दौरान संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने अपनी भाषा में विविध विषयों पर विचार रखे। संचालन डॉ. अनिल कुमार पोरवाल ने किया। बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से अनुमिता सिंह और निधि कुमारी ने सहभागिता की। डॉ. विपिन कुमार पांडेय, डॉ. विशाल कुमार शुक्ल, डॉ. विष्णु कांत शुक्ला और डॉ. अनुज कुमार शुक्ला मौजूद रहे।

अमृता के जीवन पर आधारित होगी नृत्य नाटिका

■ NBT न्यूज, लखनऊ: साहित्यकार अमृता प्रीतम के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका आजाद रूह का मंचन 28 फरवरी 2026 को गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में किया जाएगा। यह आयोजन कल्चरल कोस्ट की ओर से किया जा रहा है। कथक गुरु सुरभि सिंह ने नाटिका की पटकथा, संगीत और निर्देशन किया है। गुरुवार को हिंदी मीडिया में हुई प्रेस वार्ता के दौरान सुरभि सिंह ने बताया कि नाटिका में विभाजन की पीड़ा, नारी उत्पीड़न, साम्प्रदायिकता और अमृता प्रीतम की प्रेम गाथा को दर्शाया जाएगा। साथ ही संजय मल्होत्रा हमनवा की अमृता-इमरोज पर लिखी पुस्तक का विमोचन और 11 साहित्यकारों को अमृता प्रीतम सम्मान भी दिया जाएगा।

'घट रही है रोज मेरी चेहरगी' का हुआ लोकार्पण

■ NBT न्यूज,लखनऊ: गोमतीनगर स्थित जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में गुरुवार को डॉ. चंद्रशेखर वर्मा की पुस्तक 'घट रही है रोज मेरी चेहरगी' का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता फरहत एहसास ने कहा कि उर्दू गजल ने जिस तरह अपने भीतर कशिश को बढ़ाया है, उसी ने उसे लोगों के दिलों तक पहुंचाया है। उन्होंने गजल के शेर को असरदार बनाने वाले पहलुओं पर बात करते हुए कहा कि मिलने-बिछड़ने और दर्द के तजुर्बे बहुत बड़ी तादाद में कहे जा चुके हैं, लेकिन शायर का फर्ज है कि वह उन अनुभवों को फिर से जिये और उन्हें नए शब्दों में बयान करे। इस अवसर पर उन्होंने अपना शेर तुम्हें पाकर के मुझे लगता है, तुम्हें कुछ और पाना चाहिए...पढ़ा। लेखक डॉ. चंद्रशेखर वर्मा ने कहा कि यदि पूरी किताब में एक भी शेर पाठकों के मन में ठहर जाता है, तो वह समझेंगे कि उनकी पुस्तक मुकम्मल हो गई। कार्यक्रम में मनीष शुक्ला, समाइम मैन, सर्वेश अस्थाना, विवेक प्रकाश मौजूद रहे।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I Tarannum W/O, Shameem Ahmad R/o 17k, Ujriyaon Gomti Nagar, Lucknow, Uttar Pradesh - 226010 have changed my name to Tarannum Siddique.

प्रॉपर्टी

बिक्री के लिए

लखनऊ

HOUSE 3100 sqft main 24mtr road Vivek Khand-1 Railway station road Gomti Ngr Lko. Commercial Loc. sale #9415022717, 8009783748

TO GROW YOUR BUSINESS
PLEASE CALL US
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122662
Anurag Nautiyal - 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit - 7860802468
ALLAHABAD: Amit Srivastava - 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora - 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha - 9415019274

ARCADE

education

ADMISSION OPEN 2026-27
CENTRAL LAW COLLEGE
(A Unit of City Group of Colleges)
Affiliated to LU / Approved by BCI
LL.B. PROUDLY RANKED 1 IN U.P.
03 & 05 Years Course
Sec.-F, Sushant Golf City, Lko.
6306233816
9369638650

ADMISSION OPEN
Heeralal Yadav Law College
Associated with LU and Approved by Bar Council of India
LL.B.
3&5 YEAR COURSE
6393520059/9793000300

GALLERIA

BUSINESS CONNECT

TEXTILE PROCESS HOUSE
PRIME INDUSTRIAL ASSET
Large-scale textile Processing Facility with Integrated Printing and Garmenting Operations, Supported by High-Capacity Utilities, Power Backup, and Complete Industrial Infrastructure in Surat.
Strategically Located in a Developed Industrial Zone.
Serious corporate inquiries invited
No. +91 6357274228

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact

ROL sample ad 5 lines

CD Sample ad 5 cm x 3 cm

CATEGORY » SERVICE
Publication:
TOIL+KNP+
TOILC+ALLVAR+
ETL+NBTL

Scheme	Cost ROL	Cost CD
1	₹1,400	₹6,150
4+1	₹5,600	₹24,600
7+2	₹9,800	₹43,050
10+3	₹14,000	₹61,500
19+6	₹26,600	₹1,16,850
25+8	₹35,000	₹1,53,750

Above packages are excluded of GST
ROL COST is for 5 lines, extra line 20%
CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm

Contact - LUCKNOW:
Kuldeep Tiwari 9044122662
Anurag Nautiyal 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit 7860802468
ALLAHABAD: Amit Kumar Srivastava 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274

होली पर 3 मार्च की छुट्टी की मांग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: बेसिक स्कूलों के शिक्षकों ने इस बार होली पर छुट्टी की मांग की है। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक असोसिएशन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर 3 मार्च (मंगलवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की अपील की है। शिक्षकों का कहना है कि इस साल कलेंडर के अनुसार 2 मार्च को होलिका दहन का अवकाश है। 4 मार्च को होली (धुलेंडी) का मुख्य अवकाश है। जबकि 3 मार्च मंगलवार को स्कूल खुल रहे हैं। असोसिएशन के विनय कुमार सिंह ने बताया कि एक दिन स्कूल खुलने से उन शिक्षकों को दिक्कत होगी, जो अपने घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर दूसरे जिलों में तैनात हैं।

हारे का सहारा...लगाया जयकारा

■ NBT न्यूज, लखनऊ : राजधानी में फाल्गुन मास की एकादशी की पूर्व संध्या पर गुरुवार को श्याम बाबा की भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रीश्याम परिवार की ओर से आयोजित भव्य निशान यात्रा में 2100 से अधिक भक्त हाथों में निशान (ध्वज) थामे प्रभु के जयकारे लगाते हुए निकले। ऐशबाग स्थित 'टीएवी कॉलोनी से शुरू हुई यह यात्रा गणेशगंज, कैसरबाग, परिवर्तन चौराहा और हनुमान सेतु होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंची।

चांदी की बांसुरी और विशेष निशान यात्रा के दौरान आयोजित लकी ड्रा में वृंदावन के प्रमोद कुमार अग्रवाल को चांदी की बांसुरी उपहार स्वरूप मिली।

मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न: सआदतगंज थाना क्षेत्र के चौपटिया में स्थित नवनिर्मित इच्छापूर्ति श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर में गुरुवार को मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।

खेली फूलों की होली

■ NBT न्यूज, लखनऊ: चौपटिया स्थित संदोहन देवी मंदिर में गुरुवार को फूलों की होली खेली गई और भजन गाए गए। कार्यक्रम के अंत गुझिया बांटी गई। मंदिर के साईं बाबा दरबार में भक्तों ने फूलों की होली खेली। इसके अलावा फाग के गीत गाए गए। इस अवसर मंदिर कमिटी के अध्यक्ष पवन सिंह, उपाध्यक्ष अमित राठौर, अनूप वर्मा, पंकज गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

'प्रमोशन नहीं, तो मूल्यांकन नहीं'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: राजकीय स्कूलों में तैनात शिक्षकों ने अपनी पदोन्नति की मांगों को लेकर अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा को पत्र लिखा है। राजकीय शिक्षक संघ, यूपी ने अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर साफ चेतावनी दी है कि अगर 15 मार्च तक उनकी लंबित पदोन्नतियां नहीं की गईं, तो वे आगामी बोर्ड परीक्षा 2026 के मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार करेंगे। संघ का आरोप है कि पुरुष संवर्ग में सहायक अध्यापकों का प्रवक्ता पद पर प्रमोशन पिछले 15 सालों से लटका हुआ है।

कृषि मेले में विदेशियों ने दिखाई दिलचस्पी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: शहर अब कृषि के क्षेत्र में वैश्विक नवाचार का केंद्र बन गया है। गुरुवार को रायबरेली रोड स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान (IISR) के परिसर में तीन दिवसीय 'एग्रोटेक 2026' की शुरुआत हुई। इस एक्सपो में न केवल देश के दिग्गज वैज्ञानिक और नीति निर्माता जुटे हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कृषि क्षेत्र में हो रहे बदलावों की झलक भी देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए उच्च मूल्य वाली फसलों और आधुनिक बुनियादी ढांचे पर ध्यान देना समय की मांग है। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जोर दिया कि राज्य सरकार कृषि निर्यात और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

दिखी ग्लोबल पार्टनरशिप की झलकः क्यूबा गणराज्य के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सेन एगुइलेरा और कोट डी'आइवर के राजदूत एरिक कैमिली एन डाई मौजूद रहे। इनके साथ ही ब्राजील के प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम में यूपी राज्य कृषि परिषद (ICFA) के अध्यक्ष घनश्याम खंडेलवाल ने भारतीय कृषि के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि हमारा ध्यान डेयरी आधुनिकीकरण और कृषि-वित्त के विस्तार पर है। मुकेश सिंह चौहान(अध्यक्ष, IACC) ने कहा कि एग्रोटेक 2026 नीति, अनुसंधान और उद्यमियों के बीच एक मजबूत पुल का काम करेगा

सेहत की बात लोहिया संस्थान में सीओपीडी से पीड़ित मरीजों के लिए हुआ कार्यक्रम

'COPD में योग और पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियां बेहद फायदेमंद'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: सीओपीडी यानी क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, ऐसी बीमारी है जो फेफड़ों में ऑक्सिजन फ्लो में रुकावट पैदा करती है। इससे सांस लेने में तकलीफ होती है। यह एक प्रोग्रेसिव डिजीज है, यानी समय के साथ इसके लक्षण बढ़ते हैं। आधुनिक इलाज के अलावा योग और पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियां भी मरीजों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती हैं। ये बातें राम मनोहर लोहिया संस्थान के फिजियोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. रजनी बाला जसलोनिया ने कहीं। वह गुरुवार को लोहिया संस्थान में सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) से पीड़ित मरीजों के लिए रखे गए कार्यक्रम में अपनी राय व्यक्त कर रही थीं। फिजियोलॉजी विभाग और रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग इसका आयोजन किया।

प्रो. रजनी के अनुसार, सीओपीडी के मरीजों को स्मोकिंग पूरी तरह से छोड़ देना चाहिए। इसके इलाज में इनहेलर बुनियादी आधार है। सांस फूलने के डर से एक्सरसाइज बंद करना सबसे बड़ी भूल है। नियमित, हल्की एक्सरसाइज फेफड़ों की क्षमता बढ़ाती है। रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि सीओपीडी मरीजों के लिए खास तरह की सांस लेने की तकनीकें और हल्के योग अभ्यास बहुत लाभकारी होते हैं। इससे फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है, सांस फूलने की समस्या कम होती है और जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है। सीओपीडी के मरीजों के लिए वायु प्रदूषण और एलर्जी पैदा करने वाले तत्व हैं। धूपबत्ती, मच्छर भगाने की कॉइल, रूम फ्रेशनर और अगरबत्ती के धुएं से परहेज करें। रसोई में चिमनी का इस्तेमाल करें। इनसे बचाव के लिए हमेशा सतर्क रहना चाहिए। इस दौरान योग विशेषज्ञों ने लाइव प्रदर्शन और निर्देशित अभ्यास कराया। इस दौरान फिजियोलॉजी विभाग के एडिशनल प्रोफेसर मनीष कुमार वर्मा के अलावा अन्य भी मौजूद रहे।

'दवाइयों का असर जानने को एक शोध काफी नहीं'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: दवाओं का वास्तविक और सटीक असर समझने के लिए केवल एक अध्ययन पर्याप्त नहीं होता, बल्कि कई शोध के समेकित विश्लेषण की जरूरत होती है। यह बात केजीएमयू के मेडिसिन विभाग के हेड डॉ. वीरेंद्र आतम ने फार्माकोलॉजी विभाग में आयोजित 'बेसिक्स ऑफ सिस्टमैटिक रिव्यू ऐंड मेटा-एनालिसिस' विषयक कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम में कही। बताया कि किसी दवा पर अमेरिका में किए गए रिसर्च में पाया गया कि मृत्यु दर में 10% कमी दिखी। वहीं, चीन में 20% कमी आई और भारत में कोई खास असर नहीं दिखा। ऐसे में एक देश के अध्ययन के आधार पर निर्णय लेना उचित नहीं होगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG7 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-26-2026 22:12 Color:

उत्तराखंड उन्नति के पथ पर अग्रसर

मजबूत हो रहा पर्यटन क्षेत्र का बुनियादी ढांचा, सुदृढ़ होती राज्य की अर्थव्यवस्था

उत्तराखंड विकास के नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जहां हवाई, रेल और सड़क संपर्क की मजबूती यहां के पहाड़ों, मंदिरों और कस्बों के द्वार पहले से कहीं अधिक व्यापक रूप से खोल रही है। बेहतर कनेक्टिविटी पर्यटन को सालभर के लिए सुगम बना रही है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति दे रही है।

"हमारा विजन उत्तराखंड को वर्षभर सक्रिय रहने वाला वैश्विक पर्यटन गंतव्य बनाना है। कनेक्टिविटी को मजबूत करना, एडवेंचर और आध्यात्मिक सर्किट को बढ़ावा देना तथा होमस्टे जैसी पहलों के माध्यम से गांवों को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। हर सड़क, रेल, रोपवे और नीतिगत सुधार का उद्देश्य सतत् आजीविका सृजित करना और देवभूमि की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित रखना है। पर्यटन हमारे लिए केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि राज्य के लोगों के लिए आर्थिक विकास और समावेशी प्रगति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।"

— **पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

राज्य महत्वाकांक्षी कनेक्टिविटी परियोजनाओं के माध्यम से अपने पर्यटन परिदृश्य को व्यवस्थित रूप से बदल रहा है। ऊंचे हिमालय में रोपवे से लेकर एक्सप्रेसवे, रेल कॉरिडोर और विस्तारित हवाई सेवाओं तक, हर पहल यात्रा को तेज, सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक बना रही है। इन परियोजनाओं से न केवल तीर्थयात्राएं और अवकाश यात्राएं आसान हो रही हैं, बल्कि सभी मौसमों में पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय व्यापार और रोजगार को भी बल मिल रहा है।

रोपवे से आसान हो रही तीर्थयात्रा

सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट है, जो सोनप्रयाग को केदारनाथ धाम से जोड़ेगा। इसके पूर्ण होने पर यात्रा समय में भारी कमी आएगी और लंबी पैदल

चढ़ाई के स्थान पर सुरक्षित व आरामदायक विकल्प उपलब्ध होगा। इसी तरह हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना उच्च हिमालयी क्षेत्र स्थित पवित्र सिख तीर्थ तक पहुंच को सुगम बनाएगा, जिससे बुजुर्ग श्रद्धालुओं और परिवारों को विशेष सुविधा मिलेगी। देहरादून–मसूरी रोपवे परियोजना देहरादून और मसूरी के बीच यात्रा समय घटाएगा तथा पहाड़ी मार्ग पर यातायात दबाव कम करेगा। इससे मसूरी एक त्वरित वीकेंड गेटवे के रूप में और आकर्षक बनेगा।

इसके अलावा सुरकंडा देवी मंदिर रोपवे परियोजना धार्मिक स्थलों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित कर रहा है, जिससे कठिन चढ़ाई वाले मार्गों पर दबाव कम होगा और अधिक श्रद्धालु सुरक्षित रूप से दर्शन कर सकेंगे।

PICS: DIPR, UTTARAKHAND GOV

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'टेस्ट ऑफ उत्तराखंड' भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने

हर मौसम में बेहतर सड़क संपर्क

चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना का उद्देश्य यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ तक सुगम एवं विश्वसनीय सड़क संपर्क प्रदान करना है। प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से मौसमी बाधाएं कम होंगी और सड़क सुरक्षा में सुधार होगा। साथ ही दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेसवे दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय को काफी कम करेगा, जिससे उत्तराखंड की पहुंच और भी आसान होगी।

पहाड़ों तक पहुंचती रेल कनेक्टिविटी

ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना क्षेत्र

ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना स्थल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने

की सबसे महत्वाकांक्षी रेल परियोजनाओं में से एक है। इसके शुरू होने पर गढ़वाल के कई महत्वपूर्ण कस्बे राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। इससे चारधाम के तीर्थयात्रियों के साथ- साथ साहसिक और अवकाश पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। बेहतर रेल संपर्क से यात्रा थकान घटेगी और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच अधिक विश्वसनीय बनेगी।

वंदे भारत से तेज और आरामदायक यात्रा

देहरादून–दिल्ली और देहरादून–लखनऊ मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत से यात्रा और अधिक सुविधाजनक हो गई है। ये अर्ध–उच्च गति ट्रेनें समय की बचत के साथ आरामदायक सफर का विकल्प देती हैं, जिससे छोटी अवधि की यात्राएं भी आसान हो गई हैं।

राज्यभर में विस्तारित हवाई संपर्क

उड़ान योजना के तहत हेलीकॉप्टर सेवाओं ने विशेषकर तीर्थ सीजन में पहाड़ी क्षेत्रों तक पहुंच को सुलभ बनाया है। इससे लंबी यात्रा अवधि घटती है और दूरस्थ क्षेत्रों तक हवाई मार्ग से तेज पहुंच संभव होती है। वहीं देहरादून स्थित जॉली ग्रांट हवाई अड्डा का विस्तार किया जा रहा है और भविष्य में इसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की योजना है। इससे घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, जिससे उत्तराखंड की वैश्विक पर्यटन पहचान मजबूत होगी।

> उत्तराखंड सड़कों, रेलमार्ग, रोपवे परियोजनाओं और हवाई सेवाओं को उन्नत कर तीर्थ और पर्यटन पहुंच को आसान बना रहा है। इन पहलों का उद्देश्य यात्रा में लगने वाले समय को कम करना, सुरक्षा बढ़ाना और पूरे वर्ष आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करना है।

पर्यटन का नया युग

इन सभी परियोजनाओं से स्पष्ट है कि उत्तराखंड अपनी परिवहन प्रणाली को आधुनिक और समन्वित रूप से विकसित कर रहा है। बेहतर कनेक्टिविटी न केवल यात्रा को आसान बना रही है, बल्कि स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और पर्यटन सीजन को लंबा करने में भी सहायक है।

मजबूत सड़क, रेल, रोपवे और हवाई नेटवर्क के साथ उत्तराखंड एक अधिक सुलभ, सुरक्षित और सतत पर्यटन गंतव्य के रूप में उभर रहा है, जहां प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक धरोहर का अनुभव अब और अधिक आरामदायक तथा सुविधाजनक हो गया है।

"उत्तराखंड में एक अद्वितीय आध्यात्मिक शक्ति है, जो इसे अन्य सभी स्थानों से अलग पहचान देती है। इस देवभूमि की श्रद्धा, विरासत और पवित्रता इसे विशिष्ट बनाती है। राज्य संभावनाओं के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है और दृढ़ संकल्प के साथ यह विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक केंद्रों में अपना स्थान बना सकता है। आध्यात्मिक क्षमता के साथ उत्तराखंड एक आकर्षक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी उभर रहा है। 'वेड इन इंडिया' के विजन को आगे बढ़ाते हुए राज्य चुनिंदा स्थानों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से संपन्न कर सकता है, ताकि देशभर के लोग यहां के शांत और दिव्य वातावरण में अपने विशेष अवसरों का उत्सव मना सकें।"

— **नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

आदि कैलाश आस्था का गंतव्य

प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद आस्था और साहस का केंद्र बनकर उभरा है आदि कैलाश

साल 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदि कैलाश क्षेत्र का दौरा कर इस पवित्र स्थल पर पूजा–अर्चना की। आदि कैलाश को अक्सर 'कैलाश मानसरोवर का पवित्र जुड़वां' कहा जाता है। इसके आधार पर स्थित शांत पार्वती कुंड हिंदू मान्यताओं में अत्यंत आध्यात्मिक महत्व रखता है।

ऊंचाई वाले ये स्थल अब केवल श्रद्धालुओं के लिए ही नहीं, बल्कि रोमांच और प्रकृति प्रेमियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। आदि कैलाश और पार्वती कुंड सतत पर्यटन के प्रतीक के रूप में उभर रहे हैं, जहां संस्कृति और पर्यावरण संतुलन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। बेहतर सड़क संपर्क और गुंजी, नाभी तथा कुटी जैसे गांवों में विकसित हो रहे होमस्टे मॉडल ने इस क्षेत्र को व्यापक दर्शकों के लिए खोल दिया है। बढ़ती रुचि को देखते हुए उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड इस क्षेत्र को केवल आस्था के केंद्र के साथ वेलनेस, एडवेंचर और गहन सांस्कृतिक अनुभवों के हब के रूप में विकसित करने पर कार्य कर रहा है। उत्तराखंड आज उस मुकाम पर खड़ा है, जहां आस्था, रोमांच, प्रकृति और आधुनिक कनेक्टिविटी मिलकर एक नए पर्यटन युग की नींव रख रहे हैं।

होमस्टे को ग्रामीण पर्यटन से मिली नई रफ्तार

उत्तराखंड की पहाड़ियों में होमस्टे ग्रामीण घरों को अवसरों के द्वार में बदल रहे हैं। ये पहल न केवल पर्यटन को मजबूती दे रही है, बल्कि ग्रामीण आजीविका को भी सशक्त बना रही है। गांवों के शांत परिवेश में पर्यटकों को ठहरने का अवसर देकर होमस्टे स्थानीय समुदायों को सीधे पर्यटन अर्थव्यवस्था से जोड़ रहे हैं।

उत्तराखंड में होमस्टे पर्यटन–आधारित ग्रामीण विकास के एक सशक्त माध्यम के रूप में उभर रहे हैं। कुमाऊं के शांत गांवों से लेकर गढ़वाल के दूरस्थ बस्तियों तक, होमस्टे यात्रियों को केवल घूमने नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और परंपरा के बीच रहने का अनुभव दे रहे हैं।

राज्य की होमस्टे नीति, जो मुख्यत: दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास योजना के तहत संचालित है, निवासियों को अपने घरों के एक हिस्से को पर्यटकों के लिए आवास में बदलने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस नीति के अंतर्गत वित्तीय प्रोत्साहन, सरल पंजीकरण प्रक्रिया और प्रचार समर्थन प्रदान किया जाता है, ताकि ग्रामीण परिवार पर्यटन क्षेत्र में सक्रिय भागीदार बन सकें।

इस पहल का प्रभाव उल्लेखनीय रहा है। होमस्टे मॉडल न केवल प्रत्यक्ष रोजगार सृजित कर रहा है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से भी गांवों में आय के नए स्रोत खोल रहा है। इससे पर्यटन का दबाव केवल नैनीताल, मसूरी और ऋषिकेश जैसे लोकप्रिय स्थलों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कम चर्चित और

> होमस्टे केवल मकान मालिकों तक सीमित रोजगार नहीं सृजित करते, बल्कि स्थानीय युवाओं को गाइड, ड्राइवर, रसोइया और सांस्कृतिक प्रतिनिधि के रूप में भी अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही स्थानीय कृषि उत्पादों, पारंपरिक व्यंजनों और हस्तशिल्प की मांग बढ़ती है, जिससे गांव स्तर की सूक्ष्म अर्थव्यवस्थाएं मजबूत होती हैं।

दूरस्थ क्षेत्रों तक भी पहुंचता है।

होमस्टे मॉडल जिम्मेदार और सतत पर्यटन को भी बढ़ावा देता है। पर्यटक स्थानीय रीति-रिवाजों, जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण की परंपराओं को करीब से समझते हैं, जिससे सांस्कृतिक आदान–प्रदान और पारस्परिक सम्मान को प्रोत्साहन मिलता है।

उत्तराखंड में होमस्टे केवल ठहरने की सुविधा नहीं, बल्कि गांवों की आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास की दिशा में एक सशक्त कदम बन चुके हैं।

उत्तराखंड: रोमांचक पर्यटन का स्वर्ग

बर्फ से ढकी ढलानों से लेकर तेज बहाव वाली नदियों और खुले आसमान तक, उत्तराखंड भारत में रोमांचकारी पर्यटन के नए आयाम गढ़ रहा है, ऐसे अनुभवों के साथ जो रोमांचित करें, चुनौती दें और प्रेरित करें।

उच्च हिमालयी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, साथ में मौजूद पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल एवं अन्य गणमान्य।

उत्तराखंड तेजी से भारत के सबसे रोमांचक एडवेंचर पर्यटन स्थलों में उभर रहा है, जो वर्षभर रोमांच के शौकीनों, प्रकृति प्रेमियों और खेल उत्साहियों को आकर्षित करता है। बर्फ से ढकी चोटियां, तेज बहाव वाली नदियां, अल्पाइन घास के मैदान और मनोहारी घाटियां इस राज्य को उच्च रोमांच और आउटडोर गतिविधियों के लिए आदर्श प्राकृतिक परिवेश प्रदान करती हैं।

उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल के अनुसार, "उत्तराखंड की पर्यटन गाथा नवाचार, समावेशिता और स्थिरता के मूल्यों के साथ नए सिरे से लिखी जा रही है। बेहतर संपर्क, रोमांचकारी अनुभवों, सांस्कृतिक उत्सवों और सामुदायिक होमस्टे के माध्यम से हम देवभूमि की श्रेष्ठ पहचान को विश्व के सामने प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य पर्यटकों को यादगार अनुभव प्रदान करते हुए स्थानीय समुदायों को स्थायी आर्थिक लाभ सुनिश्चित करना और हिमालय की स्वच्छ सुंदरता को संरक्षित रखना है।"

टिहरी झील पर पैराग्लाइडिंग का रोमांच

उत्सवों से आगे बढ़ता रोमांच पर्यटन

टिहरी झील महोत्सव उत्तराखंड के एडवेंचर कैलेंडर का प्रमुख आकर्षण बन चुका है। विस्तृत टिहरी झील पर आयोजित इस महोत्सव में जेट स्कीइंग, कयाकिंग, स्पीड बोटिंग और बनाना

औली में स्कीइंग का लें मजा



बोट राइड जैसी जल क्रीड़ाएं शामिल होती हैं। यह शांत जल को रोमांचक गतिविधियों के जीवंत मंच में बदल देता है और देशभर से पर्यटकों एवं जल क्रीड़ा प्रेमियों को आकर्षित करता है।

नयार घाटी एडवेंचर स्पोर्ट्स महोत्सव राज्य में एडवेंचर पर्यटन को बढ़ावा देने की एक और महत्वपूर्ण पहल है। मनोहारी नयार घाटी में आयोजित यह महोत्सव ट्रैकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग और कैंपिंग जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करता है, साथ ही पर्यावरण–अनुकूल पर्यटन और स्थानीय सहभागिता को भी बढ़ावा देता है। यह क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को प्रदर्शित करते हुए ग्रामीण पर्यटन के अवसरों का सृजन करता है। शीतकाल के दौरान औली हिम क्रीड़ाओं का प्रमुख केंद्र बन जाता है, जहां राष्ट्रीय स्कीइंग चैंपियनशिप और शीतकालीन कार्निवाल आयोजित होते हैं। अपनी स्वच्छ ढलानों और हिमालय के अद्भुत दृश्यों के लिए प्रसिद्ध औली पेशेवर खिलाड़ियों और पर्यटकों दोनों को आकर्षित करता है। यह आयोजन उत्तराखंड को भारत के अग्रणी स्कीइंग स्थलों में सशक्त पहचान दिलाता है।

फूलों की घाटी

राज्यभर में रोमांचक गतिविधियां

उत्सवों से आगे बढ़कर उत्तराखंड वर्षभर रोमांचक अनुभव प्रदान करता है। ऋषिकेश में रिवर राफ्टिंग आज भी रोमांच पसंद करने वालों के लिए प्रमुख आकर्षण बनी हुई है। केदारकांठा, फूलों की घाटी और हर की दून जैसे ट्रैकिंग मार्ग देश–विदेश से पर्वतारोहियों और ट्रेकर्स को आकर्षित करते हैं।

पिथौरागढ़ और नौकुचियाताल जैसे स्थानों पर पैराग्लाइडिंग रोमांचकारी हवाई दृश्य प्रस्तुत करती है, जबकि हिमालयी परिदृश्यों के बीच कैंपिंग एक शांत लेकिन साहसिक अनुभव देती है। अत्यधिक रोमांच की तलाश करने वालों के लिए ऋषिकेश में बंजी जंपिंग सबसे लोकप्रिय गतिविधियों में से एक है। विविध भौगोलिक संरचना और निरंतर विकसित होती एडवेंचर सुविधाओं के साथ उत्तराखंड भारत के प्रमुख एडवेंचर पर्यटन गंतव्यों में अपनी विशिष्ट पहचान मजबूत कर रहा है।

और समृद्ध बनाते हैं।

फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान, जिसे संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन द्वारा विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त है, अपने रंग-बिरंगे अल्पाइन पुष्पों और दुर्लभ हिमालयी वनस्पतियों के लिए प्रसिद्ध है।

हेमकुंड साहिब, जो उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित एक प्रमुख सिख तीर्थस्थल है, श्रद्धालुओं और ट्रैकिंग करने वालों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। बर्फ से ढके पर्वतों और हिमनदीय झील से घिरा यह स्थान शांत किंतु दिव्य आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करता है।

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा: आस्था और प्रकृति का अनूठा संगम

हाल के वर्षों में शीतकालीन चार धाम सर्किट का महत्व बढ़ा है, जिसने पारंपरिक रूप से केवल ग्रीष्मकाल तक सीमित रहने वाली इस दिव्य तीर्थयात्रा को वर्षभर की आध्यात्मिक यात्रा में परिवर्तित कर दिया है।

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा भारत की सबसे पवित्र तीर्थयात्राओं में से एक है, जो प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुओं को हिमालय स्थित यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम तक आकर्षित करती है। मनमोहक पर्वतीय दृश्यों के बीच यह यात्रा गहन आध्यात्मिक आस्था और प्रकृति के अद्वितीय अनुभव का प्रतीक है।

चार पवित्र धाम

यमुनोत्री – देवी यमुना को समर्पित यह धाम यात्रा का प्रारंभिक पड़ाव है। ऊंचे-ऊंचे पर्वतों और प्राकृतिक गर्म जलकुंडों से घिरा यह स्थल पवित्रता और श्रद्धा का प्रतीक है।

गंगोत्री – पवित्र गंगा नदी का उद्गम स्थल गंगोत्री देवी गंगा को समर्पित है। श्रद्धालु यहां मंदिर में दर्शन कर पवित्र नदी के तट पर पूजा–अर्चना करते हैं।

केदारनाथ – भगवान शिव को समर्पित केदारनाथ बर्फ से ढके पर्वतों के बीच भव्य रूप से स्थित है। यह बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है और देशभर के भक्तों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र है।

बद्रीनाथ – भगवान विष्णु को समर्पित बद्रीनाथ इस सर्किट का अंतिम धाम है। अलकनंदा नदी के तट पर स्थित यह प्रमुख वैष्णव तीर्थस्थल मोक्ष और आध्यात्मिक मुक्ति का प्रतीक माना जाता है।

धामों से आगे: प्रकृति और भक्ति

यात्रा के दौरान श्रद्धालु आसपास के उन स्थलों का भी भ्रमण करते हैं, जो आध्यात्मिक और प्राकृतिक अनुभव को

> भव्य हिमालय की गोद में बसी चार धाम यात्रा उत्तराखंड की सबसे पूजनीय आध्यात्मिक यात्रा है, जो आस्था को अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के साथ जोड़ती है।

शीतकालीन चार धाम पथ

हाल के वर्षों में शीतकालीन चार धाम सर्किट का महत्व बढ़ा है, जिससे यह यात्रा वर्षभर संभव हो सकी है। जब कड़ाके की सर्दियों में मुख्य धामों के कपाट बंद हो जाते हैं, तब विग्रहों को विधिवत उनके शीतकालीन निवास स्थलों पर स्थापित किया जाता है।

गंगोत्री धाम की मूर्ति को हर्षिल क्षेत्र के मुखबा गांव में स्थानांतरित किया जाता है, जिससे श्रद्धालु निम्न ऊंचाई वाले क्षेत्र में भी पूजा–अर्चना कर सकें। 6 मार्च 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुखबा में दर्शन–पूजन कर शीतकालीन तीर्थयात्रा के महत्व को रेखांकित किया और उत्तराखंड में वर्षभर पर्यटन को प्रोत्साहित किया।

इस प्रकार चार धाम यात्रा केवल आस्था की यात्रा नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और आध्यात्म का अद्भुत संगम है, जो उत्तराखंड की पहचान को और सशक्त बनाता है।

ऋषिकेश में जुटेंगे दुनिया भर से योग प्रेमी

ऋषिकेश विश्वभर के योग प्रेमियों का स्वागत करने के लिए तैयार है, जहां अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव 2026 समग्र स्वास्थ्य और सजग जीवनशैली को समर्पित एक सप्ताह का विशेष आयोजन लेकर आ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन 16 से 22 मार्च 2026 तक ऋषिकेश के मुनि की रेती स्थित जीएमवीएन गंगा रिसॉर्ट में किया जाएगा। इसका आयोजन गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष का महोत्सव पारंपरिक योग अभ्यास से आगे बढ़ते हुए शारीरिक, मानसिक और जीवनशैली परिवर्तन के समग्र उत्सव के रूप में विकसित होने का संकल्प लेकर आ रहा है।



पिछले संस्करणों में जहां मुख्य रूप से आसनों पर ध्यान केंद्रित किया जाता था, वहीं इस बार मानसिक स्वास्थ्य, सात्विक आहार और संतुलित जीवन पर विशेष जोर दिया जाएगा। यह आयोजन योग को केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति के रूप में समझ विकसित करने का प्रयास करेगा।

गहन योग सत्रों के साथ–साथ प्रतिभागियों को स्थानीय संस्कृति और परंपराओं की झलक का भी अनुभव मिलेगा, जिससे यह महोत्सव आध्यात्मिकता, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक समृद्धि का अनूठा संगम बनेगा।

मानसखंड सर्किट: कुमाऊं की आध्यात्मिक धरोहर

मानसखंड सर्किट आस्था, परंपरा और स्थापत्य वैभव का पुनर्जागरण है, जो हिमालय की शाश्वत छटा के बीच अपनी दिव्यता बिखेरता है।

उत्तराखंड, जिसे देवभूमि कहा जाता है, मंदिरों और तीर्थस्थलों का ऐसा खजाना है जिसने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को आकार दिया है। जहां गढ़वाल की चार धाम यात्रा को राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान मिल चुकी है, वहीं कुमाऊं के समान रूप से पवित्र मंदिर अपेक्षाकृत कम चर्चित रहे हैं। इस अंतर को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने मानसखंड मंदिर माला मिशन की शुरुआत की है, एक महत्वाकांक्षी पहल, जिसका उद्देश्य कुमाऊं के प्राचीन मंदिरों का पुनरुद्धार, उनकी पहचान को सशक्त करना और उनकी अमूल्य विरासत का संरक्षण करना है।

पहले चरण में चयनित 48 मंदिरों में से 11 मंदिरों में बुनियादी ढांचे को सुधारा जा रहा है। मानसखंड सर्किट कुमाऊं के पूजनीय किंतु अपेक्षाकृत कम प्रसिद्ध मंदिरों को एक आध्यात्मिक श्रृंखला में जोड़ता है। यह पहल क्षेत्र की कलात्मक और आध्यात्मिक समृद्धि को उजागर करते हुए उसे भारत के धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर सशक्त स्थान दिला रही है।

प्रमुख मंदिर एवं स्थल



अल्मोड़ा – जागेश्वर महादेव, चितई गोलू देवता, कटारमल सूर्य मंदिर, कसार देवी और नंदा देवी। **पिथौरागढ़** – पाताल भुवनेश्वर गुफा मंदिर और गंगोलीहाट की हाट कालिका। **बागेश्वर** – बैजनाथ मंदिर समूह और बागनाथ महादेव मंदिर। **चम्पावत** – पूर्णागिरि, देवीधुरा की बाराही देवी और बालेश्वर मंदिर। **नैनीताल** – नैना देवी मंदिर और कैंची धाम। **उधम सिंह नगर** – चैती बाला सुंदरी मंदिर।

मानसखंड सर्किट केवल मंदिरों का समूह नहीं है; यह भूली- बिसरी परंपराओं को पुनर्जीवित करता है, स्थापत्य कला की उत्कृष्टता को सामने लाता है और आध्यात्मिकता को सांस्कृतिक गौरव से जोड़ता है। श्रद्धालुओं के लिए यह आस्था की यात्रा है, जबकि यात्रियों के लिए इतिहास, लोककथाओं और प्रकृति के संगम का अनुभव। मंदिर समूहों को एकीकृत सर्किट के रूप में विकसित कर यह मिशन चार धाम जैसी सुव्यवस्थित यात्रा का अनुभव प्रदान करने की परिकल्पना करता है, साथ ही कुमाऊं की विशिष्ट पहचान को अक्षुण्ण रखता है। कुमाऊं के मंदिर अपनी सादगीपूर्ण सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हैं—लकड़ी की नक्काशी, पत्थर की चौखटें, स्लेट की छतें और हिमालयी परिदृश्य के साथ सामंजस्य बिठाते प्रांगण। मिशन के अंतर्गत मंदिरों की संरचनात्मक मजबूती बहाल करने, मूर्तियों का संरक्षण करने, भित्ति चित्रों को पुनर्जीवित करने और शिलालेखों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही कुमाऊंनी रीति–रिवाजों और अनुष्ठानों को सुरक्षित रखने का प्रयास भी किया जा रहा है, ताकि आधुनिक सुविधाएं उनकी आध्यात्मिक गरिमा को प्रभावित न करें।

इस प्रकार मानसखंड सर्किट कुमाऊं की आध्यात्मिक विरासत को नई पहचान देते हुए उसे राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

Text by Taresh Dutta

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in